* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

15 सितंबर, 2023
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 326

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

सुप्रीम कोर्ट का डाटा एक क्लिक में मिलेगाःपोर्टल पर मामलों से जुड़ी जानकारी अपलोड होगी।

न्यूज रील्स

राम मंदिर के फर्स्ट फ्लोर का 50 फीसदी काम पूरा

अयोध्या। अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर का नया वीडियो सामने आया है। इसमें गर्भगृह, प्रवेश द्वार, फर्स्ट फ्लोर पर चल रहे निर्माण और खंभों को दिखाया गया है। इसके साथ ही ग्राउंड फ्लोर की दीवारों पर उकेरी गयी मूर्तियों और नक्काशी को कारीगर अंतिम रूप देते हुए दिख रहे हैं। यह वीडियो 59 सेकेंड का है। इसे ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने गुरुवार को पोस्ट किया।

बर्थ सर्टिफिकेट से ड्राइविंग लाइसेंस-आधार बनेंगे

नयी दिल्ली। एक अक्टूबर से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में बर्थ सर्टिफिकेट की अहमियत बढ़ने वाली है। नये नियम के तहत बर्थ सर्टिफिकेट का इस्तेमाल स्कूल में एडमिशन, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने, वोटर आइडी, विवाह पंजीकरण, सरकारी रोजगार, पासपोर्ट और आधार बनवाने सहित कई जगहों पर सिंगल डॉक्यूमेंट के तौर पर किया जा सकेगा।

पुणे में आरएसएस की समन्वय बैठक शुरू

पुणे। पुणे में आरएसएस की तीन दिन चलने वाली समन्वय बैठक गुरुवार से शुरू हो गयी। इसमें भाजपा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्व हिन्दू परिषद सहित फ्रर से मान्यता प्राप्त लगभग 36 संगठन भाग ले रहे हैं। इसमें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल हुए हैं। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के शामिल होने की भी संभावना है। बैठक में देश की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर चर्चा होगी।

केरल में निपाह का बांग्लादेशी वैरिएंट मिला

केरल। केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस के बढ़ते मामलों के बीच गुरुवार 14 सितंबर को सभी स्कूल-कॉलेज दो दिनों के लिए बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। यहां निपाह वायरस से दो लोगों की मौत हो चुकी है। एक 9 साल का बच्चा आइसीयू में है। केरल में निपाह के अब तक पांच मामले सामने आ चुके हैं। गुरुवार को सेंट्रल हेल्थ टीम केरल के कोझिकोड पहुंची है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि प्रदेश में जिस वायरस की पुष्टि हुई है, वह बांग्लादेशी वैरिएंट है। यह इंसानों से इंसानों में फैलता है।

बिहार की बागमती में नाव डूबी, 12 लापता

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर में गुरुवार को बागमती नदी में बड़ा हादसा हो गया है। 32 लोगों से भरी नाव नदी में डूब गयी। नाव पर ज्यादातर स्कूली बच्चे थे। हादसा सुबह साढ़े 9 बजे गायघाट थाना क्षेत्र के बेनीबाद ओपी में हुआ है। अब तक 20 लोगों को बाहर निकाल लिया गया। नदी की तेज बहाव में 12 लोग बह गये, जिनकी तलाश की जा रही है। इनमें ज्यादातर बच्चे ही हैं।

पीएम ने मध्यप्रदेश से दिया 2024 के लिए 'सनातन' मुद्दा

सनातन को खत्म कर देगा घमंडिया गठबंधन : मोदी

- **गांधी की रामभक्ति की दिलायी याद, विपक्ष पर साधा निशाना**

अजाद सिपाही संवाददाता

सागर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सागर के बीना में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) रिफाइनरी में 50 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पेट्रो केमिकल प्लांट की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने रिफाइनरी से 3 किलोमीटर दूर हड़कलखाती गांव में सभा को संबोधित किया। यहां से प्रधानमंत्री ने 2024 का चुनावी मुद्दा सेट कर दिया। उदयनिधि स्टालिन और ए राजा जैसे कई नेताओं की ओर से सनातन धर्म के खिलाफ की गयी आपत्तिजनक टिप्पणियों पर प्रधानमंत्री ने पहली बार चुप्पी तोड़ी। इसे आधार बनाकर विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए पर जोरदार प्रहार किया। मोदी ने इसे भारत की संस्कृति पर हमला करार दिया और बताया कि कैसे सनातन धर्म से प्रेरित होकर अनेक महापुरुषों ने देश और समाज की सेवा की। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भी जिक्र किया और उनकी राम भक्ति की याद दिलायी। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सनातन धर्म से प्रेरित होकर ही छूआछूत के खिलाफ आंदोलन चलाया और उनके मुंह से निकला आखिरी शब्द था- हे राम।

प्रदानमंत्री ने जी20 सम्मेलन की सफलता के लिए भारत के 140 करोड़ लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह बहुत सफल आयोजन रहा। विदेशों से आये मेहमानों ने कहा कि उन्होंने कभी ऐसा आयोजन नहीं देखा था। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मोदी ने नहीं किया है, यह आप सबने किया है। यह 140 करोड़ भारतीयों की सफलता है।

प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर निसाना साधते हुए कहा कि जब एक तरफ भारत दुनिया को जोड़ने की क्षमता दिखा रहा है, तब कुछ दल हैं जो देश और समाज को बांटने में जुटे हैं। इन्होंने साथ मिलकर आइएनडीआइए गठबंधन बनाया है। जिसे कुछ लोग घमंडिया गठबंधन भी कहते हैं। इन नेता तय नहीं है और नेतृत्व पर भी भ्रम है। मुंबई में हुई बैठक का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि मुझे लगता है कि उन्होंने उस बैठक में यह तय कर लिया है कि आगे कैसे काम करना है। उन्होंने भारतीय संस्कृति और आस्था पर हमले का गुप्त अजेंडा बनाया है। उनका मकसद उन विचारों, मूल्यों और परंपराओं को खत्म करना है, जिन्होंने हजारों सालों में भारत को एकजुट रखा है। कई महापुरुषों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने सनातन धर्म के बारे में चर्चा की।

जवानों के शहीद होने पर पाक पर बिफरे केंद्रीय मंत्री

कश्मीर में गद्दारी, फिल्म क्रिकेट में यारी नहीं चलेगी

खुद सामान्य नहीं हो जाते, तब तक कोई भी सामान्य रिश्ता कायम नहीं रह सकता

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और डीएसपी हुमायूं भट के बलिदान पर केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह का बयान आया है। उन्होंने कहा कि हमें सोचना होगा, क्योंकि जब तक हम पाकिस्तान को अलग-थलग नहीं करेंगे, वे यही सोचेंगे कि यह सामान्य बात है।

जनरल सिंह ने कहा कि अगर हमें उन्हें दबाव में लाना है, तो हमें उन्हें अलग-थलग करना होगा। उन्हें यह जानने की जरूरत है कि जब तक आप खुद सामान्य नहीं हो जाते, तब तक कोई भी सामान्य रिश्ता कायम नहीं रह सकता। पाकिस्तान के साथ क्रिकेट और फिल्म के रिश्ते ठीक नहीं है। पाकिस्तान पर दवाब डालना ही होगा।

गौरतलब है कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकरनाग इलाके में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में बुधवार को सेना के कर्नल, मेजर और जम्मू-कश्मीर पुलिस के उपाधीक्षक शहीद हो गये। जबकि दो जवान लापता हैं। सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को घेर रखा है। तलाशी अभियान जारी है। लगातार गोलियों की आवाज आ रही है। हमले की जिम्मेदारी लश्कर फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। उधर, कश्मीर में अनंतनाग जिले के गाडोल कोकेरनाग इलाके में आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों का एनकाउंटर गुरुवार को भी चल रहा है। बड़े पैमाने पर गोलीबारी के बाद धमाके हो रहे हैं। पूरे इलाके पर नजर रखने के लिए सेना और स्थानीय पुलिस सहित सुरक्षा बलों को छोटे क्वाडकॉप्टर और बड़े ड्रोन से मदद दी जा रही है।

हाइकोर्ट ने सीबीआइ को अभियोजन स्वीकृति देने की मांगी जानकारी

- **कोर्ट ने पूछा, अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए स्वीकृति आदेश मांगी थी, उस पर क्या हुआ?**
- **जेपीएससी से सिविल सेवा प्रथम और द्वितीय सिविल सेवा परीक्षा की स्टेटस रिपोर्ट मांगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टि संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में गुरुवार को प्रथम और द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआइ जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका और राज्य सरकार की अपील की सुनवाई हुई। मामले में खंडपीठ ने राज्य सरकार से जेपीएससी से सिविल सेवा प्रथम और द्वितीय सिविल सेवा परीक्षा की स्टेटस रिपोर्ट मांगी। पूछा कि सीबीआइ ने जिन आरोपियों (राज्य सरकार के अधिकारियों) के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए स्वीकृति आदेश मांगी थी, उस पर क्या हुआ? किनके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति दी गयी। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को होगी। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल और राकेश रंजन ने पैरवी की। कोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में सीबीआइ की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गयी। पूर्व में कोर्ट ने सीबीआइ डीआइजी, पटना को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर यह भी बताने को कहा था कि किन-किन आरोपियों के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए राज्य सरकार से स्वीकृति मांगी गयी है। इसके साथ ही यह अभियोजन स्वीकृति कब-कब मांगी गयी है। अपील पर सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता की ओर से कोर्ट को मौखिक रूप से बताया गया था कि सरकार ने उन्हें पद पर फिर से बहाल कर प्रमोशन दे दिया है।

बड़कागांव में पंचायत समिति सदस्य की हत्या, लोग आक्रोशित

- **दोषियों को जल्द पकड़ कर कार्रवाई की जायेगीः अंबा**
- **इस सरकार का अपराधियों पर कोई लगाम नहींः रोशन लाल**

पिंटू कुशवाहा दिनकर

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव थाना क्षेत्र के गोंदलपुरा पंचायत अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जोराकाठ में गोंदलपुरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो की हत्या कर दी गयी। मृतक की पत्नी सरिता देवी ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह बुधवार को शाम लगभग 6 बजे मेरे पति मोहन महतो जानवरों को बांधने के लिए चरही रोड के किनारे स्थित अपने पोल्ट्री फार्म गये थे। जब वह घर नहीं लौटे तो रात 8 बजे से फोन से संपर्क करने का प्रयास किया गया। फोन नहीं उठाने पर गांव वालों को बताया और रात भर उन्हें ढूंढा गया। गुरुवार की सुबह शौच के लिए जा रहे ग्रामीण ने जोराकाठ के मांझी टोला में खेत में मोहन के शव को देख कर गांव वालों को इसकी सूचना दी। शव के पास दो मोबाइल बरामद किया गया है। मोहन के पैर में बिजली के करंट का निशान और चेहरे पर खून लगा हुआ था।

गौरतलब है कि मोहन अपने पीछे बूढ़े पिता टीकू महतो, माता सालखो देवी, पत्नी सरिता देवी, बेटा आर्यन राज, बेटी अंशिका तथा एक विधवा बहन को छोड़ गया है। मोहन परिवार का एक मात्र कमाऊ था। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया, लेकनि आक्रोशित ग्रामीणों मे पुलिस को शव नहीं उठाने दिया। ग्रामीणों ने हत्यारे तो तत्काल पकड़ने, मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने और बच्चों की परवरिश की व्यवस्था करने की मांग की। पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार और थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने हत्यारों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया। इसके बाद शाम चार बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

उधर, मौके पर पहुंची बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने शोकाकुल परिवार को ढाढंस बंधाई। उन्होंने आश्वाशन दिया कि दोषियों को जल्द पकड़ा जायेगा और मृतक के परिजनों को हर संभव सहायता दी जायेगी। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधनसभा प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी ने कहा कि इस सरकार में अपराध अपने चरम सीमा पर है। अपराधियों के ऊपर कोई लगाम नहीं है। उन्होंने इस घटना के अंजाम देने वाले अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग प्रशासन से की। घटना के बाद प्रमुख, मुखिया, उपप्रमुख पंचायत समिति सदस्य समेत कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों का ढांढस बंधाया।

पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा जेएसएससी के चेयरमैन बने

रांची। झारखंड के पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। इस संबंध में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने गुरूवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार विभाग ने उन्हें 27 सितंबर 2023 के प्रभाव से नियुक्त किया है।

कुर्सी के लिए कुछ भी कर सकते हैं नीतीशः मांझी

जहानाबाद। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी और लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने सीएम नीतीश कुमार पर तीखा हमला किया है। पूर्व मुख्यमंत्री मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार के पास न नीति है और न सिद्धांत। वे कुर्सी के लिए कुछ भी कर सकते हैं। वहीं, चिराग पासवान ने कहा सीएम नीतीश कुमार कुर्सी बचाने के लिए गठबंधन बदलते रहते हैं।

जी 20: बैग में क्या लेकर आये थे चीनी प्रतिनिधि, जांच एजेंसियों के लिए पहेली

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। जी 20 स्मेमलन भव्य और शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गया। पूरे विश्व में भारत का डंका बजा। इन सबके बीच अब धीरे-धीरे सम्मेलन से संबंधित बातें बाहर निकल रही हैं। इनमें से चीन से आये प्रतिनिधियों को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जी20 समिट में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की जगह प्रधानमंत्री ली कियांग के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ था। यह प्रतिनिधिमंडल दिल्ली के ताज पैलेस होटल में ठहरा था। इस दौरान उसके पास 20 संदिग्ध बैग थे। ताज पैलेस में रुकने वाले चीनी डेलिगेशन में 6 लोग थे, जिनमें एक महिला भी शामिल थी। जब उनसे बैग को स्कैन करवाकर जांच के लिए कहा गया, तो वे भड़क उठे। इसकी जानकारी सिक्योरिटी अफसरों को दी गयी। इसके बाद चीनी प्रतिनिधियोंों के होटल रूम के बाहर 3 सुरक्षा अधिकारियों को तैनात कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार चीनी प्रतिनिधिमंडल बैग को जांच करवाने की जगह इन्हें दूतावास भेजने के लिए तैयार हो गया। तब बैग के साथ एक स्पेशल टीम को भी भेजा गया। भारत की जांच एजेंसियां अभी भी इन बैग को लेकर अंधेरे में है। उनके लिए बैग पहेली हैष वह इसके बारे में जानकारी लेने का प्रयास कर रहे हैं। चीनी प्रतिनिधिमंडल के आने के क्रम में एक और खास बात यह है कि चीनी राष्ट्रपति ने जी20 समिट से ठीक पहले घोषणा की थी कि वो शिखर सम्मेलन के लिए भारत नहीं आयेंगे। उनकी जगह प्रधानमंत्री ली कियांग शामिल हुए थे। खास बात ये थी कि हर बार की तरह कियांग सीनियर लीडर्स के लिए निर्धारित खास चीनी एयरक्राफ्ट में नहीं, बल्कि एक चार्टर्ड प्लेन में बैठकर भारत आये थे।

- **चीन के प्रतिनिधियों के पास 20 संदिग्ध बैग थे**
- **होटल में स्कैन करवाने से इनकार किया था**
- **जासूसी के लिए डिवाइस होने का शक**

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,400 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 15 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in

कांग्रेस का मिशन यूपी: कितना सफल होगा कर्नाटक वाला फार्मूला

■ सुनने में तो अच्छा लगता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और

■ यूपी की मिट्टी, लोगों का मिजाज जरा हट के है

भाजपा उत्तरप्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों को जीतने के लिए 'मिशन 80' पर काम कर रही है। भाजपा जानती है कि यदि वह अपने सबसे मजबूत गढ़ यूपी को बचाने में सफल हो जाती है, तो 2024 में केंद्र की सत्ता में आने की उसकी राह आसान हो जायेगी। लेकिन कांग्रेस ने देश के इस सबसे बड़े राज्य में अपने आपको मजबूत बनाने के लिए नया फार्मूला बनाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस के हिसाब से अगर वह अपनी इस रणनीति में सफल हो जाती है, तो वह भाजपा के मिशन 80 पर चोट दे सकती है। कांग्रेस के इस नये फॉर्मूले से केवल भाजपा को ही नुकसान नहीं होगा, बल्कि मायावती को भी बड़ा झटका लग सकता है। लेकिन भाजपा को भी पता है कि कांग्रेस कौन सा कार्ड खेल सकती है और उसका तोड़ क्या है। चर्चा है कि कांग्रेस राहुल गांधी के साथ प्रियंका गांधी को भी उत्तरप्रदेश के चुनावी रण में उतार सकती है। वहीं यह भी चर्चा है कि कांग्रेस ने अपने दलित नेता और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी मैदान में उतारने का प्लान बना लिया है। कांग्रेस को लगता है कि ऐसा करने से दलित मतदाताओं की एक बड़ी संख्या उसके पक्ष में मुड़ सकती है। लेकिन एक तरफ जहां समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में अभी भी कई मुश्किलें नजर आ रही हैं, दूसरी तरफ मायावती ने अलग चुनाव लड़ने की बात कह कर विपक्षी दलों की मुश्किलें पहले से ही बढ़ा रखी हैं, तो ऐसे में कांग्रेस का यह फार्मूला कितना प्रभावी होगा, देखने वाली बात होगी। क्या है कांग्रेस का उत्तरप्रदेश के लिए नया फार्मूला और वह कितना असरदायी होगा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

राकेश सिंह

उत्तरप्रदेश राजनीतिक क्षितिज से लगभग गायब हो चुकी कांग्रेस को लेकर चर्चा है कि यूपी में वह अपनी वापसी के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है। इसके लिए राहुल गांधी के साथ-साथ प्रियंका गांधी को भी प्रदेश की किसी सीट से चुनाव लड़ाया जा सकता है। साथ ही कांग्रेस की यह भी योजना है कि अपनी पार्टी के दलित नेता और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी चुनावी मैदान में उतारा जाये। उन्हें बाराबंकी या इटावा से उम्मीदवार बनाये जाने की चर्चा है, जिससे पूर्वी उत्तरप्रदेश या दलित मतदाता बहुल पश्चिमी उत्तरप्रदेश में पार्टी राजनीतिक जमीन को मजबूत बनाया जा सके। कांग्रेस का मानना है कि उनका यह प्रयोग अगर सफल हुआ, तो अब तक मायावती के साथ मजबूती के साथ खड़े रहे दलित मतदाताओं की एक बड़ी संख्या कांग्रेस के पक्ष में मुड़ सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा कर और अपने कठोर हिंदुत्व प्लान के जरिए दलित मतदाताओं को अपने साथ जोड़ने में बड़ी सफलता पायी थी। 2014 से लेकर 2022 तक भाजपा की यही योजना उसे यूपी में बड़ी ताकत बनाने में सबसे कारगर साबित हुई है। ऐसे में कांग्रेस को लगता है कि मल्लिकार्जुन खरगे के रूप में दलित कार्ड अगर वह खेलती है, तो इससे भाजपा को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। लेकिन कांग्रेस को जरा उत्तरप्रदेश की मिट्टी को भी समझने को जरूरत है। जिस तरीके से उत्तरप्रदेश की जनता ने मोदी और योगी की जोड़ी पर भरोसा जताया है, उससे कांग्रेस की यह रणनीति धराशायी हो सकती है। कांग्रेस के लिए अगर यहां एक कार्ड कारगर हो सकता है तो वह है मुस्लिम कार्ड, लेकिन मुस्लिम अभी तक यूपी में अखिलेश यादव के साथ सीना तान कर खड़े हैं। उनके मन में आज भी मुलायम सिंह यादव की तसवीर बसती है। यूपी में यादव के साथ मुसलमान सपा की मुख्य ताकत हैं। ऐसे में यूपी में सपा, कांग्रेस को कितना स्पेस देती है, यह देखना दिलचस्प होगा। खबर है कि उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच दूरियां बढ़ने लगी हैं। कांग्रेस को लग रहा है कि समाजवादी पार्टी ने उसके साथ का लाभ लेकर घोसी विधानसभा का उपचुनाव जीत लिया है, लेकिन उसके असहयोग के कारण उसे उत्तराखंड में एक अच्छी सीट गंवानी पड़ी है। दरअसल, उत्तरप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को एक जनसभा के दौरान कहा कि घोसी सीट का उपचुनाव जीतने से यही संकेत गया है कि यदि सभी विपक्षी दल साथ आकर चुनाव लड़ते हैं, तो भाजपा को न केवल मजबूत टक्कर दी जा सकती है, बल्कि उसे करारी हार भी दी जा सकती है। यह दिखाने के लिए ही कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को अपना पूर्ण समर्थन देने के लिए अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था।

यूपी में कांग्रेस कैसे जोड़ेगी दलितों को

दरअसल, कांग्रेस का यह आइडिया आधारहीन नहीं है। कर्नाटक चुनाव में यह देखा गया है कि दलित मतदाताओं ने जनता दल सेक्यूलर जैसी स्थानीय पार्टियों को वोट देने की बजाय निर्णायक भूमिका निभानेवाली कांग्रेस को वोट देना बेहतर समझा। यही कारण है कि एक तरफ जेडीएस के वोट घट गये, तो कांग्रेस के वोट शेयरों में बड़ा उछाल आ गया। कांग्रेस नेता मान रहे हैं कि उत्तरप्रदेश में भी दलित मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग मायावती की प्रभावहीन होती भूमिका से निराश है। वह अपने लिए विकल्प खोज रहा है। इसी विकल्प की तलाश में अति दलित जातियां, तो भाजपा के साथ चली गयी हैं, लेकिन जाटव के साथ-साथ कुछ जातियां अभी भी अपने लिए विकल्प तलाश रही हैं। कांग्रेस इन्हीं जातियों को अपने साथ जोड़ने की योजना बना रही है। अभी तक यह चर्चा थी कि कांग्रेस मायावती को आइएनडीआइए गठबंधन के खेमे में लाने के लिए प्रयास कर रही है। लेकिन चुनाव पूर्व गठबंधन न करने के बसपा के इतिहास और मायावती के बयान को देखते हुए माना जा रहा है कि वह आइएनडीआइए गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेंगी। यही कारण है कि अब कांग्रेस मल्लिकार्जुन खरगे के सहारे दलित कार्ड खेलने की तैयारी कर रही है।

कांग्रेस का यूपी फार्मूला

जानकरों की मानें तो बसपा का मतदाता देश के सबसे प्रतिबद्ध मतदाताओं के रूप में देखा जाता रहा है। किसी भी पार्टी के किसी भी झांसे में न आते हुए अब तक वह मायावती को अपना एकमुश्त समर्थन देता रहा है। यही कारण है कि यूपी में शून्य सीटें आने के बाद भी बसपा का वोट प्रतिशत 20 प्रतिशत के लगभग बना रहा। लेकिन 2022 का विधानसभा चुनाव इस मामले में आश्चर्यजनक परिणाम देने वाला साबित हुआ। पहली बार मायावती के वोट बैंक में लगभग 9.35 प्रतिशत की कमी आयी, जबकि समाजवादी पार्टी के वोट प्रतिशत में 10.24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। समाजवादी पार्टी को चुनाव में हार के बाद भी 32 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले। इतना वोट उसे मुलायम सिंह के समय में भी कभी नहीं मिले थे। बसपा के मतदाताओं ने मजबूत विकल्प की स्थिति में देखते हुए समाजवादी पार्टी को वोट कर दिया था। स्वयं कांग्रेस के भी मतदाताओं ने अखिलेश यादव को मजबूत विकल्प पाते हुए उन्हें वोट दिया, जिसके कारण कांग्रेस का मत प्रतिशत ऐतिहासिक रूप से सबसे कमजोर हो गया। कांग्रेस अब दलित मतदाताओं को लुभा कर देश के सबसे बड़े राज्य में न केवल अपनी वापसी का रास्ता तैयार करना चाहती है, बल्कि मजबूत विकल्प देकर अपना अस्तित्व भी बचाना चाहती है। उसे भी पता है कि यदि उसने मजबूत विकल्प नहीं दिया, तो रहे सहे मतदाता भी विकल्प पाने की कोशिश कर सकते हैं। लेकिन कांग्रेस को यह भी ध्यान में रखना होगा कि यूपी की मिट्टी कुछ अलग है। यहां मतदाताओं का मिजाज कुछ अलग है। यहां के मुद्दे कुछ अलग हैं। उसे यह ध्यान में रखना होगा कि यूपी में राममंदिर का निर्माण हो रहा है, ज्ञानवापी का मुद्दा वहां के मतदाताओं के सिर चढ़ कर बोल रहा है।

इडी के गवाह विजय हांसदा ने कोर्ट में कहा

मुंगेरी और अशोक के दबाव में दिया था बयान

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अवैध खनन मामले में इडी कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के समक्ष इडी के गवाह विजय हांसदा ने बयान दिया। विजय हांसदा ने कहा कि उसने मुंगेरी यादव और अशोक यादव के दबाव में इडी को बयान दिया था। उसे कहा गया था कि इडी पूछताछ में जो कहे, उसका समर्थन करो, नहीं तो जेल में तुम्हारा खाना-पीना भी बंद हो जायेगा। इस पर विजय हांसदा से पूछा गया कि इस बात की जानकारी क्या किसी को दी गयी थी? विजय ने कहा कि नहीं, उसने किसी को इस बात की जानकारी नहीं दी। सुनवाई के दौरान न्यायिक हिरासत में इडी को दिये गये विजय हांसदा के बयान की वीडियो फुटेज भी दिखायी गयी। अब शुक्रवार को फिर विजय हांसदा का क्रॉस एग्जामिनेशन किया जायेगा।

कोर्ट में पंकज मिश्रा के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा, प्रेम प्रकाश के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह मौजूद थीं, जबकि इडी के विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार कोर्ट में उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, दाहू यादव और उसके पिता पशुपतिनाथ भी आरोपित हैं।

आज रांची आयेंगे जेपी नड्डा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा शुक्रवार को रांची आयेंगे। यहां से वह छत्तीसगढ़ के जशपुर में सभा को संबोधित करने जायेंगे। जेपी नड्डा दिल्ली से विमान से रांची पहुंचेंगे।

यहां एयरपोर्ट पर वह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत पार्टी के कई नेताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह हेलिकॉप्टर से जशपुर के लिए रवाना हो जायेंगे। जशपुर में सभा के बाद फिर वह हेलीकाप्टर से वापस रांची आयेंगे और एयरपोर्ट से ही दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगे।

केंद्रीय संचार ब्यूरो और पीआइबी रांची की कार्यशाला और गोष्ठी

हमें राजभाषा हिंदी के विकास को ध्यान में रखना चाहिए: अखिल मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पत्र सूचना कार्यालय और केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची द्वारा गुरुवार को को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला और गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें अपर महानिदेशक पीआइबी - सीबीसी, रांची अखिल कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथि वक्ताओं के रूप में आलोक कुमार, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, महालेखाकार कार्यालय, रांची, अब्दुल हामिद, संयुक्त निदेशक पीआइबी रांची तथा क्रिस्टोफर टेटे, पूर्व उप निदेशक डीडी (न्यूज), रांची भी मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तदोपरांत सभी का अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। इस गोष्ठी में दोनों विभागों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि अखिल कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में हिंदी की सरलता और सुगमता को

दर्शाया, जिसके चलते यह देश की राजभाषा बन पायी और इसके बोलने और समझनेवाले लगभग देश के हर हिस्से में मिल जायेंगे। उन्होंने सभी को अनुशासन और प्रतिबद्धता से हिंदी के विकास को ध्यान में रखने की सलाह दी। महालेखाकार विभाग से आये आलोक कुमार ने टिप्पण लेखन, इसके इतिहास एवं नये प्रारूपों पर मौजूद लोगों के साथ विस्तृत चर्चा की और कैसे इसे और बेहतर और स्पष्ट बनाया जाये, इस पर सभी को जरूरी नियमों से विस्तार में अवगत कराया।

पीआइबी रांची के संयुक्त निदेशक अब्दुल हामिद ने राजभाषा होने के चलते तथा 'क' क्षेत्र में कार्यालय होने से हिंदी के दैनिक रूप में प्रयोग के बारे में सभी को बताया।

वहीं सेवानिवृत्त पूर्व भारतीय सूचना देवा के अधिकारी क्रिस्टोफर टेटे, पूर्व उप निदेशक डीडी (न्यूज), रांची ने नये युवाओं में हिंदी के प्रयोग खासकर लेखनी में कमतर होने पर चिंता जतायी। उन्होंने अन्य देशों के नागरिकों का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे हमें उन्हीं की तरह अपनी भाषा को हरसंभव जगह पर प्रयोग करना चाहिए और इसे आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम के समन्वय एवं संचालन में सीबीसी रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान की महती भूमिका रही। वहीं विषय प्रवेश क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पांडेय ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने भी महती भूमिका निभायी। मंच संचालन सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राज किशोर पासवान द्वारा किया गया।

घाना जायेंगे स्पीकर राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

रांची (आजाद सिपाही संवाददाता)। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो 66वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में हिस्सा लेने घाना जायेंगे। यह सम्मेलन घाना की राजधानी अकरा में 30 सितंबर से 6 अक्टूबर तक होगा। इस सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष बतौर प्रतिनिधि शामिल होंगे। आब्जर्वर के रूप में दो विधायक सीपी सिंह और निरल पूर्ति भी रहेंगे। इस सम्मेलन में 58 सदस्य देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। बताते चलें कि 66वें राष्ट्रीय संसदीय सम्मेलन की मेजबानी घाना की संसद और सीपीए घाना शाखा द्वारा की जा रही है, जिसमें कई विषयों पर चर्चा के साथ-साथ बैठक भी होगी। इसमें राष्ट्रमंडल महिला सांसदों और सीपीए कार्यकारी समिति की बैठक आदि शामिल हैं। पिछले साल राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन हेलीफैक्स कनाडा में हुआ था, जिसमें झारखंड विधानसभा के प्रतिनिधि के तौर पर आजसू विधायक लंबोदर महतो ने भाग लिया था।

श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में हिन्दी दिवस समारोह

इंटरनेट की दुनिया भी हिन्दी की कायल : एल खियांगते

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हिन्दी एक सर्वव्यापी भाषा है। दुनिया भर में हिन्दी भाषा बोलने वाले लोग मौजूद हैं। इसकी लोकप्रियता के कारण ही इंटरनेट की दुनिया में भी हिन्दी भाषा के कंटेंट बहुतायत में मौजूद है। न्यूज चैनल बीबीसी आदि में भी हिन्दी भाषा में खबरों का प्रसारण किया जाता है। उक्त बातें श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक एल खियांगते ने गुरुवार को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित हिन्दी दिवस समारोह में कहीं।

घर पर संवाद की भाषा हो हिन्दी : श्री खियांगते ने पढ़ाई से लेकर प्रशासनिक सेवा में आने तक हिन्दी भाषा को लेकर अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी की आवश्यकता सभी जगह है। इससे बचा नहीं जा सकता। दक्षिण से लेकर उत्तर, पूरब से पश्चिम तक हिन्दी की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि मिजोरम जहां से वे आते हैं, वहां भी अब हिन्दी सीखने के लिए स्पोकेन हिन्दी की क्लास चल रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घर पर संवाद की भाषा हिन्दी ही रखें।

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि हिन्दी संपर्क की भाषा है, बाजार की भाषा है। उन्होंने हिन्दी भाषा को लेकर विस्तार से उसके विकास के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह भी हमें देखना होगा कि क्या हम हिन्दी भाषा को अपने व्यवहार, अपनी बोलचाल में ला रहे हैं। उन्होंने हिन्दी भाषा से जुड़ाव की अपील की। उन्होंने कहा कि जब तक ज्ञान का सृजन अपनी भाषा में नहीं होगा, तब तक भाषा की पहचान नहीं बन पायेगी।

इस अवसर पर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता एवं लघु कथा प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के निदेशक श्री श्रीनिवासन एवं रांची विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ प्रज्ञा गुप्ता ने भी अपने विचार रखे। समारोह में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	27.4 ℃	23.1 ℃
सूर्यास्त (आज)	:	17.55 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.35 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 15 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in

सुनील तिवारी हैं कौन जिसकी सुरक्षा के लिए बाबूलाल इतने चिंतित हैं : सुप्रियो भट्टाचार्य

त्वमेव माता च पिता त्वमेव वाले एंकरों का बहिष्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी द्वारा सुनील तिवारी को लेकर चिंता जाहिर करने, केंद्र और राज्य सरकार को पत्र लिखकर सुरक्षा मांगे जाने पर झामुमो ने कई गंभीर सवाल खड़े किये हैं। झामुमो केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आखिर यह सुनील तिवारी हैं कौन, क्या करते हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए बाबूलाल मरांडी इतने चिंतित हैं। राज्य सरकार तो राज्य सरकार, केंद्र सरकार को भी पत्र लिख रहे हैं।

आखिरकार बाबूलाल मरांडी को हो क्या गया है। ऐसी उम्मीद तो हमें उनसे नहीं थी। जब सुनील तिवारी के बारे में हमने पता किया, तो पता चला है कि यह वही सुनील तिवारी हैं जिन पर 2021 में चिन्मया और बृजभूषण सिंह जैसे आरोप लगे हैं। सुनील तिवारी पर उनके घर काम करने वाली एक आदिवासी युवती के साथ दुष्कर्म और यौन शोषण का आरोप लग चुका है। इस कांड में वे जेल भी जा चुके हैं और बेल पर बाहर हैं। यह वही सुनील तिवारी हैं, जिनके संबंध योगेंद्र तिवारी से हैं।

बाबूलाल मरांडी के भाई के साथ संबंध हैं। इनकी पत्नी भी संथाल परगना बिल्डर्स कंपनी में निदेशक रह चुकी हैं। आखिर यह सुनील तिवारी है क्या। चूंकि राज्य के पूर्व सीएम रहे और वर्तमान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का काम देख रहे बाबूलाल मरांडी जब उनकी सुरक्षा की मांग कर रहे हैं, तो जरूर हर कोई जानना चाहता है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि वे कभी पत्रकार बन जाते हैं, कभी व्यवसायी बन जाते हैं, कभी किसी के सचिव बन जाते हैं। कभी वकील बन जाते हैं, इसलिए सरकार इस बहुरूपिया सुनील तिवारी के हर कार्यों की जांच कराए और सच सबके सामने लाए। उक्त बातें भट्टाचार्य ने गुरुवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से कही।

भट्टाचार्य ने कहा कि मनुवादी लोग हमें सनातनी का पाठ न पढ़ाएं। अधर्मी लोग धर्म का पाठ न पढ़ाएं। यह कहां का सनातन है कि रेल, एयरपोर्ट, जलमार्ग आदि सभी का ठेका एक ही आदमी को दिया जाए। बाबूलाल मरांडी यह भी बताने का कष्ट करें कि गोड्डा में अडाणी पावर परचेज एग्रीमेंट का जमकर विरोध किया। फिर क्या हुआ कि बोलना बंद कर दिए। अमरापाड़ा में धरने पर बैठे थे। फिर क्या हुआ कि अचानक धरना समाप्त हो गया।

जब गुजरात सरकार ने अडाणी पावर के साथ पीपीए भ्रष्टाचार का मामला उजागर किया, तो अचानक बाबूलाल मरांडी चुप क्यों हो गए। दरअसल भाजपा और भाजपा की पूरी टीम भ्रष्टाचार का एक संगठित गिरोह के रूप में काम करती है। इनलोगों ने केवल झारखंड को ही नहीं बल्कि झारखंडियों को भी लूटा। उनकी अस्मत तक को नहीं छोड़ा।

त्वमेव माता च पिता त्वमेव वाली विचारधारा आ गयी है। आंख में सत्ता की पट्टी बंध चुकी है। उनसे क्या बहस करना, क्या तर्क देना, क्या पक्ष रखना। गंदगी पर पैर नहीं रखा जाता है, उसे धोकर हटा दिया जाता है। सुप्रियो ने कहा कि किसी भी मीडिया हाऊस की बहिष्कार की जरूरत नहीं है। जरूरत सिर्फ आंख में पट्टी बांधकर सवाल करने वाले, कुतर्क देने वाले एंकरों से दूरी बनाना है।

भाजपा का पलटवार: सुप्रियो की प्रेस कांफ्रेंस सुनील तिवारी की सुरक्षा की आशंका को प्रबल करता है

झामुमो ने झूठ की फैक्ट्री खोल रखी है : प्रदीप वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने आज झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। डॉ वर्मा ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अपने सलाहकार सुनील तिवारी की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार में पत्र लिखा लेकिन आज उससे संबंधित प्रेसवार्ता झामुमो के प्रवक्ता कर रहे। इसी से स्पष्ट है कि सरकार सुनील तिवारी से कैसी प्रतिशोध की भावना रखती है। उन्होंने कहा कि सरकार को कोई भी जनप्रतिनिधि एक आम आदमी की सुरक्षा के संबंध में भी मुख्यमंत्री और पुलिस प्रशासन को पत्र लिख सकता है, लेकिन झामुमो की बौखलाहट का अर्थ झारखंड की जनता को जानना भी आवश्यक है।

आमने - सामने

उन्होंने कहा कि मुंबई कांड में मुख्यमंत्री पर आरोप जगजाहिर है और सुनील तिवारी उस मामले में इंटरवेनर हैं। आज भी वह मामला समाप्त नहीं हुआ है, न्यायालय में लंबित है।

उन्होंने कहा कि सुनील तिवारी को केस मुकदमा में फंसाकर हेमंत सरकार बदला लेना चाहती है। कहा कि सुप्रियो भट्टाचार्य को झूठ भी थोड़ा संभल कर बोलना चाहिए। सुनील तिवारी जिस मामले में बेल पर हैं, वह मामला नाबालिग लड़की से जुड़ा नहीं है और बेल स्वीकृत करते हुए जिस प्रकार से न्यायालय ने राज्य की पुलिस और उसकी जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाये हैं, उससे स्पष्ट है कि हेमंत सरकार जानबूझ कर उन्हें फंसाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि सुप्रियो भट्टाचार्य में हिम्मत है, तो सुनील तिवारी के बेल ऑर्डर को मीडिया में पढ़ कर सुना दें।

उन्होंने कहा कि मुंबई केस भी अभी समाप्त नही हुआ है, जिसे दबाने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार के आरोपों में रोज-रोज उलझता देख बौखलाहट में है, इसलिए उल्टे सीधे आरोपों से जनता को दिग्भ्रमित करना चाहता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में राज्य सरकार के खिलाफ जनांदोलन को और तेज करेगी।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक कार्य में सफलता, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

वृष कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण। यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा ।

मिथुन रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में लाभकारी वातावरण की शुरूआत होगा, नये काम में लाभ मिलेगा।

कर्क विपरीत परिस्थिति में सुधार,सदभावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा।

सिंह आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी, परिस्थितियों में सुधार, बिगड़ा काम बनेगा।

कन्या परीक्षा-प्रतियोगिता में आपको प्रयासों के अनुरूप सफलता मिलेगी, नई आशाओं का उदय होगा।

तुला आत्मविश्वास से जिम्मेदारी पूरा कर सकते हैं,आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।

वृश्चिक चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी,बिजनेस में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।

धनु बौद्धिक प्रयासों में सफलता मिलेगी, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा ।

मकर सार्वजनिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

कुंभ घर-गृहस्थी का अच्छा सुख मिलेगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, आमदनी में वृद्धि होगी।

मीन रोजी-रोजगार के क्षेत्र में चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन में दौड़ी राजधानी

कश्यप मेमोरियल आई बैंक में अब तक 806 प्रत्यारोपण किये गये

- मृत्युपरांत नेत्रदान करनेवाले 12 परिवारों को महामहिम राज्यपाल ने किया सम्मानित
- जागरूकता के लिए लगातार 6 वर्षों से ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन का हो रहा है आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। 38वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा में गुरुवार को ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन का भव्य आयोजन आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब एवं कश्यप मेमोरियल आई बैंक के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव, रांची में किया गया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और रांची के सांसद संजय सेठ ने दौड़ को रंग बिरंगे बैलूनों को आसमान में उड़ाते हुए रवाना किया। इस दौड़ में उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल एवं स्पोर्ट्स अकादमी के सैकड़ों छात्रों एवं शहर के कई गणमान्य लोगों ने लिया भाग। इस बार के रन का का थीम ब्लाइंड फोल्ड था। रन फॉर विजन और पेंटिंग कंपटीशन के विजेताओं को स्वास्थ्य मंत्री एवं सांसद संजय सेठ द्वारा सम्मानित किया गया। नेत्रदान जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए आइएमए झारखंड, आइएमए रांची, एफजेसीसीआइ, उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल एवं झारखंड स्पोर्ट्स विभाग के पदाधिकारीयों को सम्मानित किया गया। कश्यप मेमोरियल आई बैंक की मेडिकल डायरेक्टर डॉ भारती कश्यप ने कहा पिछले 21 वर्षों से हर वर्ष हम बड़े पैमाने पर नेतदान जागरूकता अभियान रन फॉर विजन का आयोजन कर रहे हैं। ब्लाइंड फोल्डेड मैराथन का आयोजन भी 2018 से कर रहे हैं। तत्कालीन गवर्नर द्रौपदी मुर्मू ने भी लगातार 5 वर्षों तक इस कार्यक्रम में न केवल भाग लिया, बल्कि नेत्रदान का शपथ पत्र भरके झारखंड में नेतदान को काफी बढ़ावा दिया। अब तक 806 नेत्र प्रत्यारोपण किये हैं और वर्ष 2022 से अब तक कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा झारखंड में 159 नेत्र प्रत्यारोपण किये गये। झारखंड का लक्ष्य 2022-2023 में 150 था। हमारे पास कॉर्निया जनित दृष्टिहीनों की लंबी सूची है और स्थानीय नेत्रदान की कमी है, इसलिए आई बैंकों में नेटवर्किंग की जरूरत है, ताकि स्थानीय नेत्रदान को बढ़ावा मिल सके और मरीजों को भी सहूलियत होगी और हमारे राज्य की स्थिति नेत्र प्रत्यारोपण के क्षेत्र में अच्छी दिखेगी।

गवर्नर सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि जीते जी तो हम लोगों को सबकी मदद करनी चाहिए, मगर मृत्यु उपरांत नेत्रदान से हम मरने के बाद भी किसी के अंधकार में जीवन में रोशनी ला करके उनकी मदद कर सकते हैं। उन्होंने कश्यप मेमोरियल और आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब द्वारा किये जा रहे नेत्र प्रत्यारोपण और नेत्रदान अभियान की प्रशंसा की। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमारे राज्य में कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा 2022-23 के सुनिश्चित लक्ष्य 150 से भी ज्यादा 159 नेत्र प्रत्यारोपण किये गये हैं, लेकिन कॉर्निया डिसटीब्यूशन सिस्टम से बाहर से कॉर्निया मंगाने की वजह से हमारे राज्य की गिनती में वह नहीं दिखते हैं। इसलिए नेत्र बैंकों में समन्वय स्थापित करना जरूरी है। सांसद संजय सेठ ने कहा की हमे पूरे शरीर का दान करना चाहिए, अभी कुछ दिन पहले विश्व हिंदू परिषद के एक वरिष्ठ सदस्य का निधन हुआ और उन्होंने अपना पूरा शरीर दान कर दिया। शारीर दान एक अच्छी परंपरा है।

स्वास्थ्य सचिव अरुण सिंह ने कहा की सरकार के आई बैंक लक्ष्य के मुताबिक काम नहीं कर रहे हैं। देर रात के आई डोनेशन कॉल मे सजगता नहीं दिखा पाते हैं। वहीं गैर सरकारी आई बैंक ने 2022 _23 मे लक्ष्य 150 से भी ज्यादा 159 कार्निया प्रत्यारोपण किया है। राज्य में स्टेट ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन आगेर्नाइजेशन की कार्य क्षमता को बढ़ाना होगा।

ये हुए सम्मानित

हरिशंकर प्रसाद, प्रमोद कुमार सिन्हा, गीता देवी, निर्मला प्रसाद, संतोष कुमार अग्रवाल, गीता देवी बजाज, मीरा रायपत, इंदू अग्रवाल, मोरारजी राठौड़, हमुमान दास पारीक, बनवारी लाल पोद्दार, भगवती देवी।
पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता
प्रथम स्थान : नेहा एक्का,
द्वितीय स्थान प्रतिभा कुमारी राय और तृतीय स्थान सृष्टि कुमारी और प्राची शुक्ला।
ब्लाइंड फोल्ड रन फॉर विजन के विजेता : अपर्णा कुमारी, अलीशा, अनामिका, अंजली, मनीषा, दीप्ती, नीलिमा, निकिता, साहिल नायक, आशुतोष, कल्पना, पूनम, अमित, अंश, शिवानी और सुप्रिया।

रांची के 10 मोहल्लों के 58 घरों में डेंगू का कहर

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में डेंगू और चिकनगुनिया अपना कहर ढा रहा है। पूरे राज्य में बुधवार तक नौ सौ से अधिक डेंगू के मरीज सामने आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग बढ़ते मामले को लेकर अलर्ट मोड में है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी जिले के उपायुक्त को निर्देश भेजा गया है। इस निर्देश में साफ कहा गया है कि अपने-अपने जिले के निजी और सरकारी अस्पतालों में 20 से 30 बेड हर हाल में डेंगू पेशेंट के लिए सुरक्षित रखें। स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा है कि जिले के उपायुक्त मच्छरजनित रोगियों की सूचना मिलने पर उन इलाकों में निगरानी टीम भेजें। इलाके में मौजूद एक्टिव केस की पड़ताल के लिए घर-घर जाकर फीवर सर्वे करायें। सर्वे में मिले संदिग्ध मरीजों की लाइन लिस्ट बना कर जांच के बाद डेंगू, चिकेनगुनिया और जापानी इंसेफलाईटिस के मरीजों का केसबेस्ड सर्विलांस भी करें। राजधानी रांची में भी डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। केवल सदर अस्पताल रांची में 39 मरीज इलाज करा करे हैं। यहां 30 बेड सुरक्षित रखे गये थे जो अब पूरी तरह भर चुके हैं। रांची नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहर के 10 मोहल्ले के 344 घरों में जमे पानी की जांच की गयी, जिसमें से 58 घरों में डेंगू का लार्वा पाया गया है।

कांके ब्लॉक के सामने दिनदहाड़े जमीन कारोबारी को मारी 7 गोलियां

आजाद सिपाही संवाददाता

कांके। कांके थाना क्षेत्र के अरसंडे ब्लांक समीप गुरुवार को सुबह लगभग 10 बजे अपराधियों ने खूनी वारदात को अंजाम दिया। इस गोलाबारी से जमीन कारोबारी अवधेश कुमार उर्फ अवधेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार अपराधियों ने इसे निशाना साधकर सात गोलियां चलाई थी। जिसमें से दो गोली अवधेश के पेट में, एक गोली उनके सीने पर और एक गोली इनके हाथ पर लगी थी।

घटना पश्चात : इसे सर्वप्रथम कांके जनरल अस्पताल ले जाया गया इसके बाद प्राथमिक उपचार बाद बरियातू स्थित पल्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पल्स अस्पताल में चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर इसके शरीर में लगी चारों गोलियां निकाल दी है। फिलहाल अवधेश खतरे से बाहर बताएं जा रहे हैं। किस कारण से किन अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है यह अभी खुलासा नहीं हो पाया है। इस बारे में कांके थाना प्रभारी आभास कुमार भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। हालांकि अवधेश के घर और घटनास्थल पर जाकर थाना प्रभारी सहित ग्रामीण एसपी ने भी छानबीन की है।

घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि तीन अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी कर इलाके में दहशत फैलाते हुए जमीन कारोबारी 45 वर्षीय अवधेश कुमार उर्फ अवधेश यादव पिता अवध बिहारी सिंह अरसंडे निवासी को गोली मारकर फरार हो गए। इस घटना के बाद अपराधी एक मोटरसाइकिल चालक युवक को गन पॉइंट पर रखकर उसकी मोटरसाइकिल भी लेकर चलते बने। जानकारी के अनुसार लगभग सात राउंड फायरिंग की गई है। अपराधियों ने कुल 7 गोली जमीन कारोबारी को मारी, जिससे वह पूरी तरह घायल हो गया। इस वारदात के बाद स्थानीय लोगों ने गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल भेजा। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई । आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि अवधेश यादव अपने एक मित्र के साथ जमीन विवाद के मामले को सुलझाने के लिए घर से बाहर निकला था। जैसे ही वह कांके ब्लॉक के गेट नम्बर दो से 30 मीटर की दूरी पर पहुंचा, पहले से ही घात लगाए दो अपराधियों ने उसपर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अपराधी पैदल आये थे। घटना के संबंध में अवधेश के रिश्तेदारों ने बताया कि अवधेश को पूर्व में भी वर्ष 2020 में पीएलएफआई उग्रवादी संगठन दिनेश गोप के नाम पर 30 लाख रुपया की रंगदारी मांगी गई थी। नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई थी। पिछलें एक सप्ताह से अवधेश को अज्ञात लोगों द्वारा धमकी दी जा रही थी। इस संबंध में अवधेश ने कांके थाना को सूचना दी थी। लेकिन कांके थाना पुलिस ने इसकी सूचना पर कोई संज्ञान नहीं लिया। जिसके कारण यह घटना घटी है। इस संबंध में कांके थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि अवधेश की स्थिति को देखते हुए इसका बयान नहीं लिया जा सका है कि किन कारणों से उनकी हत्या की कोशिश की गई इसकी तहकीकात की जा रही है और अपराधी शीघ्र पकड़ लिए जायेंगे।

स्मार्ट सिटी की ओर से फिर शुरू हुई ई ऑक्शन प्रक्रिया, 36 बड़े प्लॉट्स उपलब्ध

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के धुर्वा क्षेत्र में विकसित हो रही रांची स्मार्ट सिटी में जो निवेशक अब तक नहीं जुड़ पाये हैं, उनके लिए स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने एक बार फिर से सुनहरा मौका दिया है। कॉरपोरेशन की ओर से चौथे चरण की ई ऑक्शन प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। 1 सितंबर से शुरू हुई इस ई-ऑक्शन प्रक्रिया में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर को निश्चित है। उसके बाद संभावित निवेशकों के कागजात की जांच की जायेगी। उके बाद ई ऑक्शन की तिथि निर्धारित की जायेगी। ऑक्शन के लिए निबंधन शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि रांची स्मार्ट सिटी में जानकारी के लिए पहुंच रहे हैं।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-आरई-05-23, दिनांक: 13.09.2023। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-आरई-05-23, दिनांक 13.09.2023 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं जिसे दिनांक 09.10.2023 को अपराह्न 4.00 बजे या उसके बाद खोला जाना निर्धारित है। **संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम:** रांची मंडल: विभिन्न प्रकार के रेलवे क्वार्टरों की रिवायरिंग। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,35,84,048.29। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,17,900। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 09.10.2023 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदादाता/ बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे।
(PR-604)

शहरों की कोई गली अंधेरी नहीं रहे : सचिव विनय चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। नगर विकास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने नगर विकास और जुडको द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान चौबे ने निकायों के प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि शहरों की कोई गली कोना अंधेरे में नहीं रहे। जुपमी भवन के सभागार में 14 सितंबर को समीक्षा में निकायों के अधिकारियों-पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिकायत के 48 घंटा के अंदर बल्ब को बदल दिये जाने का प्रावधान है। इस कार्य के लिए एजेंसी इएसएल को नियुक्त किया गया है। जिस क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट नहीं हैं, वहां का प्रस्ताव बना कर विभाग को भेजा जाये। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा और इंडिया स्वच्छ लीग का उदघाटन किया जायेगा, जो 2 अक्तूबर तक चलेगा। सचिव ने कहा कि विभाग के नगर निकायों में झारखंड म्यूनिसिपल सेवा के पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है। अधिकांश पदाधिकारी नये हैं, इसलिए यह बैठक परिचयात्मक है। वैसे आज भी पदाधिकारियों-अधिकारियों को टास्क दिया जायेगा, जिसे अगली बैठक में हर हाल में पूरा करके आना है। विनय चौबे ने कहा कि यातयाता को सुगम बनाने के लिए छोटे छोटे वेंडिंग जोन बना कर ठेला खोमचे वालों को सड़क से वहां स्थानांतरित किया जाये। नगर निकाय बस स्टैंड एवं टैक्सी स्टैंड के निर्माण के लिए प्रस्ताव सरकार को भेजे । बस स्टैंड के निर्माण में यात्रियों के मूलभूत सुविधाओं को प्रावधान होना चाहिए । उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य करने वाले निकायों एवं पदाधिकारियों को हर महीने पुरस्कृत किया जायेगा।

इससे पूर्व सुडा निदेशक अमित कुमार ने स्वच्छता पखवाड़ा एवं स्वच्छ इंडिया लीग पर निकाय विशेष ध्यान दें। इसी पर उनके कार्य का मूल्यांकन भी होगा। इस योजना में युवाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित करायी जाये। निदेशक ने पेयजलापूर्ति की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि दिसंबर माह के अंत तक जो योजनाएं पूरी होने वाली हैं, उनका उदघाटन कराया जायेगा। बड़हरवा, बड़की सरैया का डीपीआर जल्द बनाया जाये। डोर टू डोर कचरा उठवा कर उसका बायो रेमिडीयेशन भी कराया जाये।बायो रेमिडीयेशन के लिए रांची, झुमरीतिलैया , आदित्यपुर और रामगढ में 6 में टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो जायेगी। कुमार ने निकायों को भवन का नक्शा पास करने के काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। अमृत योजना के तहत चल रही पेयजल की योजनाओं में निकायों के पदाधिकारियों को बाधाओं को दूर कराने में सहयोग करने का भी निर्देश दिया।

- सुचारू यातायात के लिए वेंडिंग जोन बनाये जायें
- नाले नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश
- निकाय बस एवं टैक्सी स्टैंड के निर्माण के लिए पहल करें
- पेयजलापूर्ति की योजनाओं की बाधाओं को दूर किया जाये
- डोर टू डोर कचरा उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये
- प्रधानमंत्री आवास योजना के काम में तेजी लाने का आदेश

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

G20 | भारतीय रेल | आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/532 नई दिल्ली, दिनांक 14.09.2023
निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532 के लिए शुद्धि पत्र सं. 11
विषय :– "सरकारी विनिर्माण इकाइयों एवं ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित 100 अदद् संकेंद्रित शक्ति प्रणाली वाले नए जनरेशन के ऊर्जाक्षम वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण–सह–अनुरक्षण" के लिए दिनांक 15.09.2023 को खोली जाने वाली निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532.
विषयगत निविदा को खोले जाने की तारीख 15.09.2023 (शुक्रवार) से स्थगित कर के 30.10.2023 (सोमवार) कर दी गई है।
भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अतिरिक्त ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।
कार्यपालक निदेशक/रेल भंडार (आरएस), रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2845/2023

गुमो में विकास को लेकर लोगों ने की बैठक

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। नगर परिषद अंतर्गत गुमो के वार्ड 19, 20, 21 और 22 के सक्रिय लोगों ने गुमो के सर्वांगीण विकास और किये जाने वाले अच्छे कार्यों को लेकर बासंती दुर्गा मंदिर के प्रांगण में एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता दिनेश सिंह ने की। बैठक में लोगों ने हर्ष जताते हुए इस प्रकार के बैठक के आयोजन की सराहना की और कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास, युवाओं को अच्छी प्रेरणा देने संबंधी और अन्य छोटी-बड़ी समस्याओं के निदान हेतु इस प्रकार की बैठक जागरूक लोगों ने आयोजित की है। हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में जागरूक लोगों के पहल से क्षेत्र का विकास और कुछ अच्छे कार्य होंगे। बैठक में लोगों ने कहा कि गुमो और डोईयाडीह घनी आबादी वाला क्षेत्र है। चौराही, गझंडी, भोंडो, अरागारो आदि गांव से जोड़ने वाला यह रास्ता गुमो चौक (बासंती दुर्गा मंदिर के समीप) पर मिलता है। इस चौक के आसपास विख्यात मंदिर है जहां श्रद्धालुओं की भीड़ हमेशा लगी रहती है और कई स्कूल स्थित हैं। हजारों की आबादी वाला इस चौक के आसपास के गांव से लोगों का आना-जाना होता है। जिला प्रशासन की ओर से पूर्व में भी इस क्षेत्र को डेंजर जोन घोषित किया जा चुका था। क्योंकि पूर्व में इस मोड़ पर सड़क दुर्घटना से कई लोगों की मौतें हो चुकी है। एनएच द्वारा सड़क के निर्माण के बाद गाड़ियों की गति तीव्र हो गई है। ऐसी स्थिति में एक अंडर पास रोड का होना नितांत जरूरी है। इसके साथ ही कई समस्याओं को लोगों ने बैठक में रखा। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 19 सितंबर दिन मंगलवार को मंदिर प्रांगण में ही सुबह 8 बजे एक वृहत बैठक की जायेगी। जिसमें क्षेत्र के सांसद और विधायक को भी आमंत्रित किया जायेगा। उनके समक्ष क्षेत्र की समस्याओं के निदान हेतु अपील की जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से मनोज कुमार वर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में संजय पांडे, सत्यदेव राय, आलोक पांडे, उमेश सिंह, बाली विश्वकर्मा, विनोद यादव, सिकंदर यादव, गुड्डू सिंह, मनोज साव, विक्की पेंटर, दिनेश वर्मा, कृष्ण यादव, दिलीप वर्मा, महेश वर्मा, बबलू मोदी, लालू सिंह, मिथुन सिंह, कुणाल सिंह, संजय साव, संजय राम, सुरेंद्र यादव, अशोक यादव, कृष्ण वर्मा, संजय वर्मा, मनोज वर्मा, कमल वर्मा, बुधन महतो, बसंत वर्मा, उपेंद्र वर्मा, राजू शर्मा, तपेश्वर शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

सेक्रेड हार्ट स्कूल में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। सेक्रेड हार्ट स्कूल में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सबसे पहले प्राचार्य नवीन कुमार, पीटीआइ राकेश पांडेय और शिक्षक पवन ठाकुर ने भारतेंदु हरिश्चंद्र की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। बच्चों के बीच हिंदी की दशा-दिशा और भविष्य पर भाषण और कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अंशिका सिंह, अंजुम आरा अंसारी, सुहानी कुमारी, तैयबा जबीन, अदिति रानी, तनीषा शर्मा, आर्ची कुमारी, सौम्या कुमारी, अमित कुमार, प्रियांशी कुमारी और अर्पित कुमार ने अपने-अपने विचार रखे। बच्चों ने कहा कि हिंदी हमारे देश की भाषा ही नहीं आशा और उम्मीद है। अपनी मातृभाषा का विकास किए बिना हम देश के विकास की कल्पना नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि हिंदी के उत्थान में, हिंदी के विकास में और प्रचार-प्रसार में सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। वहीं प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा कि हिंदी मात्र भाषा नहीं बल्कि मातृभाषा है। उन्होंने कहा कि हिंदी की स्थिति अपने देश में भले ही थोड़ी कमजोर हो, पर विदेश में इसके पांव तेजी से फैल रहे हैं। मॉरीशस, सूरीनाम और त्रिनिदाद आदि देशों में भारत की तरह हिंदी व्यवहार में लायी जाती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के विश्वविद्यालय में हिंदी की पढ़ाई होना और इंग्लैंड में प्रतिवर्ष हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन इसकी सफलता का प्रमाण है। कार्यक्रम का संचालन शैल्वी सिंह और दिव्याणी कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा के निर्देश पर और हिंदी शिक्षक मनोज कुमार पांडेय की देखरेख में हुआ। आयोजन को सफल बनाने में एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, संजय तिवारी, जयप्रकाश सिंह, शंकर कुमार, विक्रम कुमार, अभिलाषा सिंह, पायल सिंह, सतीश कुमार, विक्की कुमार समेत अन्य शिक्षकों और शिक्षक के उत्तर कर्मियों का योगदान रहा।

कोडरमा ताप विद्युत केंद्र में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के केटीपीएस में 14 सितंबर को हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन और हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में परियोजना के विभिन्न प्रभागों और अनुभागों के प्रमुख, तकनीकी तथा प्रशासनिक से जुड़े कर्मचारी उपस्थित थे। कोडरमा ताप विद्युत केंद्र के वरीय महाप्रबंधक व परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने हिंदी दिवस समारोह दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। हिंदी पखवाड़ा का संचालन सुधीर कुमार साव ने किया। हिंदी दिवस समारोह पर अर्णव मित्रा, संजय कुमार सिन्हा, सुधीर व्यास, हरिश्चंद्र सिंह, विनोद कुमार राय ने सभागार में उपस्थिति लोगों को हिंदी भाषा के महत्व, हिंदी दिवस का इतिहास और वर्तमान सूचना क्रांति की दौड़ में हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता के संदर्भ में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया। हिंदी दिवस के अवसर पर भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा जारी राजभाषा प्रतिज्ञा का शपथ दिलायी गयी।

आइसेक्ट विश्वविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। आइसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस सभागार में गुरुवार को आइक्यूएसी के सहयोग व विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक विभाग की ओर से हर्षोल्लास से हिंदी दिवस मनाया गया। बता दें कि बीते एक सप्ताह से विश्वविद्यालय में राजभाषा सप्ताह मनाया जा रहा था, जिसका समापन भी गुरूवार को कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद के हाथों दीप प्रज्वलित कर और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों में नलिन, निलेश, कोमल व प्रणव के द्वारा अतिथियों के स्वागत में गाये गए स्वागत गान ने सभी का मन मोह लिया। मौके पर मौजूद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि हिंदी देश को जोड़ने वाली भाषा है। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने हिंदी को प्रेम के सद्भावना का सार बताते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी हमारी विशिष्ट पहचान का सूचक है। डॉ गोविंद ने कहा कि हिन्दी समृद्ध और वैज्ञानिक भाषा है, साथ ही ये संस्कार की भी भाषा है। बीते 9 सितंबर से मनाये जा रहे राजभाषा सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता, श्लोक वाचन, कविता लेखन और प्रस्तुति, रंगोली सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी थी, जिनके विजेताओं को कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद के हाथों पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों में रेणु कुमारी, अमन गुप्ता, मयंक सिन्हा, अंजली कुमारी, निधि कुमारी, पिंटू कुमार, लक्की कुमार, सुषमा कुमारी, ज्योतिरादित्य, संध्या कुमारी, निलेश कुमार, कोमल कुमार, निशि शर्मा, किरण कुमारी, रिया कुमारी, परिमल माण्डी, प्रणव कुमार, खुशी कुमारी, नलिन कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं। इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों ने भी स्वरचित कविता पेश की, जिसमें डॉ बिनिता कुमारी, कुमारी काजल सोनी, उमा कुमारी, प्रीति वर्मा, डॉ रवि रंजन व सबिता कुमारी के नाम शामिल हैं। इन्हें भी विश्वविद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि, आइटी, कला और मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य और प्रबंधन व अन्य विभागों के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं ने भी हिंदी भाषा को लेकर अपने-अपने विचार रखे। मंच संचालन डॉ रोजीकांत ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन उमा कुमारी ने किया।

दादी ने पांच साल के पोते की हत्या की

गले में ईंट बाध कर पोते को कुएं में फेंका, ताकि ऊपर ना आये शव, पुलिस पूछताछ में कबूला जुर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

पूछताछ के बाद कबूला जुर्म

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने शव और आरोपी महिला को मुखिया और ग्रामीणों के सहयोग से थाना लाया। थाना में आरोपी महिला सरवरिया खातून से कड़ाई से पूछताछ की गयी। पूछताछ के क्रम में महिला टूट गयी और अपना जुर्म कबूल कर लिया।

कुएं के बाहर मिली चप्पल

खोजबीन के क्रम में कुआं के पास बच्चे की एक चप्पल दिखायी दी। लोगों ने झगर लाकर कुआं में डाल तो बच्चे का कपड़ा उसमें फंस गया और शव पानी से बाहर आ गया। शव को कुआं से निकाल कर घर लाया गया। इधर घटना की जानकारी लोगों ने पंचायत की मुखिया कुमारी श्रीति पांडेय को दी। मुखिया ने परिवार वालों से पूछताछ की और मामले से कटकमसांडी थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा को अवगत कराया।

हजारीबाग। दादी ने अपने पांच साल के पोते की हत्या कर दी। घटना हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के ग्राम उलांज की है। उलांज निवासी मोहम्मद रजाक की दूसरी पत्नी सरवरिया खातून ने अपने सौतेले बेटे मोहम्मद वाजिद के पांच वर्षीय पुत्र मोहम्मद फैजल रजा की गला दबा कर हत्या कर दी। शव बाहर नहीं आ सके, उसके लिए उसने बच्चे के गले मे रस्सी लपेट कर ईंट बांध दिया था।

देर तक गायब रहा बच्चा तो तलाश शुरू हुई: घटना के बाद वह अपने बच्चे को लेकर उलांज के आंगनवाडी केंद्र जाकर मृतक फैजल रजा के बारे में पूछने लगी, ताकि उस पर शक ना आये। सेविका ने बताया कि वह आगनवाड़ी केंद्र नहीं आया है। इस पर उसने कहा कि अगर फैजल रहता, तो वह भी अपने छोटे बच्चे को यहीं छोड़ देती, परंतु वह नहीं आया है, इसलिए वह अपने छोटे बच्चे को यहां नहीं छोड़ेगी और वह अपने छोटे बच्चे को साथ लेकर जानवरों का चारा लाने खेत की ओर चली गयी। इधर काफी देर तक बच्चे के घर नहीं लौटने पर बच्चे के माता पिता और परिजन ढूंढ़ने लगे और टोले मुहल्ले के सभी घरों में जाकर पूछताछ की।

जर्जर हो चुकी प्रखंड की 30 मुख्य सड़कों का बरही विधायक के प्रयास से होगा जीर्णोद्धार

आजाद सिपाही संवाददाता

चौपारण। चौपारण प्रखंड के जर्जर हो चुकी प्रखंड की 30 मुख्य सड़कों का अब जीर्णोद्धार होगा। इसे लेकर ग्रामीण व राहगीर लंबे समय से प्रयासरत थे। बरही विधायक सहित संबंधित अधिकारियों से भी गुहार लगाते आ रहे थे। कई बार गुस्साएं लोगों ने जर्जर सड़क में धान रोपनी कर अपनी अंतर ब्यथा को ब्यक्त कर विरोध जताया। अब उन सड़कों का सूरत बदलने वाली है। इसमें बरही के विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला का अहम प्रयास रहा। उन्होंने प्रखंड के जर्जर हो चुकी 30 से अधिक सड़कों का सूची तैयार कर बीते 28 जुन 2023 को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत उसके निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को पत्र लिखा था। जिसपर कई सड़कों की स्वीकृति भी मिल चुकी और कुछ का टेंडर भी हो चुका है। इस संबंध में विधायक अकेला के निजी सचिव अजय राय और मीडिया प्रभारी मनोज यादव ने बताया कि आगामी 16 सितंबर को बारा चौक से झापा, सूजी, बेंदुवारा होते हुए केंदुआ तक के रोड़ का शिलान्यास विधायक जी के हाथों होना तय है। वहीं महाराजगंज चौक से चयकला होते हुए लेढ़िया नदी तक और चैथी मोड़ से लेढ़िया नदी तक रोड निर्माण के लिए भी टेंडर हो चुका है। जल्द ही डेट तय कर दोनों सड़क का शिलान्यास होगा। वहीं भूसुंडी से बेला, ढाब होते हुए लेढ़िया नदी तक रोड का निर्माण के लिए भी स्वीकृति मिल गयी है। विधायक अकेला ने कहा कि गांवों की समृद्धि के लिए सड़कों का बेहतर होना बहुत जरूरी है।

प्रखंड के इन 30 मुख्य सड़कों का पुनः होगा जीर्णोद्धार एनएच दो महूदी मोड से सदाफर तक 5 किमी, मुनअम मोड से नेवरीकरमा, अमरौल होते हुए केन्दुआ तक 7 किमी, आर ई ओ रोड विशनपुर से बेलाटांड़ तक 5 किमी, पिडब्लू रोड से परसावां तक पथ 3 किमी, सोहरा से दुरागडा तक पथ 3.5 किमी, पिडब्लू रोड हथिया मोड से हथिया होते हुए जामुन चक तक पथ 3.5 किमी, पिडब्लू रोड सवैया से बोंगा होते हुए दैहर बगीचा तक पथ 3 किमी, आरइओ रोड चैथी से सत्येन्द्र पांडेय के घर तक पथ 2 किमी, चक मोड गोपाल सिंह के घर से आरइओ रोड नगवां तक पथ 3 किमी, एनएचएआइ दो से बहेरा होते हुए नवडीहा आरइओ रोड तक पथ 6 किमी, बसरिया उच्च विद्यालय से महुवाबाद तक पथ 3 किमी, महूदी मोड़ से डोइया कुबरी होते हुए पिडब्लू डी रोड केवलिया तक पथ 2.5 किमी, बनगावा मोड से बनगावा होते हुए लपसिया तक पथ 3 किमी, दनुआ से अहरी नावाडीह तक पथ 7 किमी, पीडब्लूडी रोड से सिरमा तक पथ 3 किमी, सेलहारा से दर्जीचक पीडब्लूडी रोड तक पथ 3 किमी, एनएच 31 से पोडैया तक पथ 2 किमी, सेलहारा चौक से परतापुर पीडब्लूडी रोड तक पथ 3 किमी, पीडब्लूडी रोड इंगुनियां मोड से इंगुनियां होते हुए बनउ रोड तक 2 किमी, पीडब्लूडी रोड बसरिया हाई स्कूल से बरवाडीह, रतनाग, फुलवरिया होते हुए रामपुर तक 7 किमी, एनएच 2 सिंघरावां मोड से केवला होते हुए बेला तक 3 किमी, आरइओ रोड झापा से निमा होते हुए हथिंदर तक 4 किमी, एनएच 2 कमलवार चढाई से अंबाजीत तक 5 किमी, सहित कई सड़कों का निर्माण किया जायेगा

प्रताड़ना से तंग व्यक्ति ने समाहरणालय परिसर में आत्मदाह का किया प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। तिलैया थाना क्षेत्र के करमा निवासी एक व्यक्ति अपने पड़ोसी की प्रताड़ना से तंग आकर गुरुवार को डीसी कार्यालय के बाहर पेट्रोल लेकर आत्मदाह करने पहुंच गया। सुबह करीब 11 बजे डीसी कार्यालय के बाहर अचानक एक व्यक्ति के द्वारा शरीर पर पेट्रोल छिड़कने और माचिस जलाने का प्रयास करते देख डीसी कार्यालय के बाहर तैनात पुलिसकर्मी ने दौड़कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा। इसके बाद पुलिस के द्वारा उसे सदर अस्पताल कोडरमा में भर्ती कराया गया। डीसी कार्यालय के बाहर आत्मदाह करने पहुंचे व्यक्ति की पहचान करमा निवासी सुरेश दास (उम्र 45 वर्ष, पिता स्वर्गीय रूपलाल दास) के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान सुरेश दास ने बताया कि पिछले कई वर्षों से उनके पड़ोसी नारायण दास से कुआं की पानी निकासी को लेकर विवाद चल रहा है। जिसका मामला एसडीओ कोर्ट में भी पहुंचा था। लेकिन आज तक उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले नारायण दास ने करमा में आकर मकान का निर्माण किया। इस दौरान उनके द्वारा नारायण दास को अपने कुएं से घर निर्माण में पानी दिया गया। घर बनने के बाद नारायण दास के द्वारा कुएं के समीप बने नाली को बंद कर दिया गया और कुआं को भी भरने की धमकी दी जाती है। सुरेश दास ने आरोप लगाया है कि नारायण दास और उसके परिवार के लोग उसे जान मारने की भी धमकी देते हैं। इस मामले को लेकर न्याय नहीं मिलने पर वह गुरुवार को आत्मदाह करने उपायुक्त कार्यालय के बाहर पहुंचा था। सदर अस्पताल में सुरेश दास ने कहा कि पड़ोसी के हाथों मरने से अच्छा खुद आत्मदाह कर लूं ताकि उनके परिवार को न्याय मिल सके।

नावाडीह रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव को लेकर झामुमो का धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

मरकच्चो। मरकच्चो प्रखंड स्थित नावाडीह 1 रेलवे स्टेशन पर रांची से गिरिडीह की ओर आने जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव को लेकर जेएमएम के नेताओं ने एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष दीवाकर तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जय प्रकाश बर्मा, केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। गोपाल यादव ने कहा कि आज नावाडीह रेलवे स्टेशन जो देखने को मिल रहा है वह पूर्व सांसद स्व रीतलाल प्रसाद बर्मा की देन है जिन्होंने कड़ी परिश्रम कर क्षेत्र की जनता को रेलवे लाईन का सौगात दिया है। आज कोडरमा की नेता वाह वाही बटोरने मे लगी हुई है। आज स्व वर्मा को याद करने से भी हिचकिचाहट हो रही है जो बहुत ही दुःखद है। पूर्व विधायक जय प्रकाश बर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे कहा कि सैकड़ों वर्ष बीतने के बाद झारखंड राज्य के गिरिडीह से रांची के लिए क्षेत्र की जनता को इंटरसिटी ट्रेन का सौगात मिला है। पर इस ट्रेन का समय सारणी सही नहीं रहने के कारण यहां की जनता को इससे कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इन सारी समस्याओं को देखते हुवे जेएमएम पार्टी इस धरना कार्यक्रम के माध्यम से मांग करती है कि रेलवे विभाग गिरिडीह से रांची तक चलनेवाली इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव मरकच्चो प्रखंड स्थित नावाडीह1 रेलवे स्टेशन पर करवाना सुनिश्चित करे। साथ हीं आये दिन इस नावाडीह रेलवे स्टेशन पर जो उल्टे साइड में ट्रेन का ठहराव किया जाता है, उसे प्लेटफार्म साइड पर करवाना सुनिश्चित करे। इंटरसिटी ट्रेन का समय सुबह में गिरिडीह से खुले और समय सारणी में सुधार करे नहीं तो झारखंड मुक्ति मोर्चा आनेवाले समय में बड़ा आंदोलन करेगी। कार्यक्रम को जेएमएम नेता सुरेश साव, मो खलील समेत दर्जनों नेता और कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। मौके पर रामेश्वर प्रसाद राणा, बिहारी महतो, राजेन्द्र साव, मो रियासात, अफजल मियां समेत दर्जनों नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

सांसद प्रतिनिधि ने किया विद्यालय का निरीक्षण

इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय रतनपुर का औचक निरीक्षण सांसद प्रतिनिधि शिक्षा विभाग ओमप्रकाश मेहता ने किया। निरीक्षण के दौरान सभी वर्गों में शिक्षक पढ़ाते हुए पाये गये। साथ ही साथ विद्यालय में अध्यनरत छात्र और छात्राओं से मध्यान भोजन की जानकारी ली गयी जिसमे कभी कभी मीनू के आधार पर भोजन न मिलने की शिकायत पायी गयी। इस पर सांसद प्रतिनिधि श्री मेहता ने प्रधानाध्यापक से मीनू के आधार पर खाना बच्चों को उपलब्ध कराने की बात कही। यह विद्यालय सिर्फ एक सरकारी शिक्षक और दो सहायक शिक्षक और शिक्षिका पर चल रहा है। विद्यालय रोड़ के किनारे स्थित है जिसके कारण विद्यालय में बाउंड्री ना होने के कारण बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

कर्णपुरा कॉलेज में मनाया गया हिंदी दिवस

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में हिंदी विभाग के तत्वावधान में हिंदी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर ज्योति जलधर थे। इन्होंने हिंदी दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय भाषा के बारे में जागरूकता पैदा करना और विश्वभर में वैश्विक भाषा के रूप में प्रचारित करना है। इसी उद्देश्य के लिए प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो ऋतुराज दास ने किया। सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा, हिंदी है हम , हिंदुस्ता हमारा। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर सुरेश महतो ने किया। शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने हिंदी दिवस पर प्रकाश डालें मौके पर प्रो निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो मो फजरुद्दीन अहमद, प्रो रंजीत प्रसाद, प्रो नरेश कुमार दांगी, प्रो पवन कुमार, डॉ चंद्रशेखर राणा, प्रो. लालदेव महतो, प्रो रामकिशोर प्रसाद दांगी, लेखापाल सनवीर कुमार आदि छात्र छात्राओं में नीतू, सचिन, लक्ष्मी, मुनिका, मुनिता, रेहाना प्रवीण, रौशनी प्रवीण, नाजिया, रुकसाना, प्रियंका कुमारी आदि उपस्थित थे।

छात्राओं के बीच मुखिया ने किया बैग वितरण

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बंडासिंघा जलहिया में छात्र छात्राओं के बीच बैग का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम स्थानीय मुखिया ललिता देवी पंसस विनीता कुमारी के द्वारा किया गया। मौके पर समाजसेवी धीरेंद्र पांडे, सचिव सुकर ठाकुर, सहायक शिक्षक भागीरथ ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष योगी, उपाध्यक्ष सोनी कुमारी संयोजिका भारती देवी, अर्जुन ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, जागेश्वर नायक, बबलू कुमार पांडे, सतीश कुमार, गजाधर महतो, छोटी साव, दौलत साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

एंबिशन पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ प्रखंड के अखाड़ा चौक में स्थित एम्बिशन पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर संगोष्ठी और लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा सप्तम और अष्टम के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम श्रेया द्वीप, द्वितीय प्रिंसी सोनी और तृतीय अमन कुमार को मुख्य अतिथि चेडरा पंचायत के मुखिया निर्मल कुमार के द्वारा मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित मुखिया जी ने बताएं की हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन के मूल्यों, संस्कृति और संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। एम्बिशन पब्लिक स्कूल के निदेशक विवेक कुमार ने बताएं की यह हिंदी भाषा हमारे राष्ट्र का सम्मान, स्वाभिमान और गर्व की भाषा है। इस समारोह में इस विद्यालय के हिंदी विषय के शिक्षक सुशांत कुमार पाठक ने अपनी स्वरचित कविता सुनायें। जिसे सुनकर सभी विद्यार्थि इस कविता को दोहराने लगे और आनंदित हुए। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार मंडल, रोहित कुमार वर्मा, सुशांत कुमार पाठक, दीपक वर्मा, डिलेश्वर कुमार महतो, राजेश कुमार रजक, बसंत कुमार, रोशन कुमार, रूपाली देवी, सुष्मिता प्रिया, रीता देवी, लक्ष्मी कुमारी, कोमल कुमारी, प्रिया दुबे, उषा देवी, कांति देवी, मनोज रजक, कल्लू गोस्वामी समेत विद्यालय के सभी विद्यार्थियों उपस्थित थे।

चोरी की दो मोटरसाइकिल सहित चोर गिरफ्तार

कोडरमा (आजाद सिपाही)। क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की लगातार बढ़ रही घटना को तिलैया पुलिस ने चुनौती के रूप में लेते हुए ना सिर्फ चोर को पकड़ा बल्कि दो चोरी के मोटरसाइकिल भी बरामद किये। इसे लेकर गुरुवार को तिलैया थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना पर एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर मुकेश कुमार के नेतृत्व में गठित क्यूआरटी की टीम जब तिलैया थाना क्षेत्र के ब्लॉक मैदान पहुंची तो पुलिस को देखते ही मोटरसाइकिल सवार चोर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर आरोपी को ब्लॉक मैदान स्थित परिसर से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी श्री कुमार ने बताया कि आरोपी 25 वर्षीय आशीष कुमार डोमचांच थाना क्षेत्र के लेंगड़ापीपर निवासी है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा आरोपी से जब सख्ती से पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि जी मोटरसाइकिल से वह भाग रहे थे वह पल्सर मोटरसाइकिल भी चोरी की है और उस मोटरसाइकिल को हजारीबाग से चुराया गया है इसके अलावा उन्होंने तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो से भी 27/28 अगस्त को दो अन्य मोटरसाइकिल की चोरी की है। उसमें एक हीरो होंडा एचएफ डीलक्स (जेएच 11 एस 9621) और दूसरा पैशन प्रो (जेएच 12 जे 2507) शामिल है। जिसमें एक मोटरसाइकिल को आरोपी ने बेच दिया है। जबकि दूसरा मोटरसाइकिल पैशन प्रो को पुलिस ने बरामद कर थाने ले आयी है। फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी के अपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

भराजो पंचायत भवन में ग्रामसभा का आयोजन

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड के भराजो पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसका अध्यक्षता मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने की। ग्राम सभा में इस वर्ष लाभुकों को मिलने वाला कंबल का चयन किया गया जहां 187 लोगों का चयन किया। साथ ही सप्ताह के सभी दिन पदाधिकारियों के साथ वार्ड सदस्य का रोस्टर किया गया। ग्राम सभा में सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, रोजगार सेवक निरजंन प्रसाद, उपमुखिया कौलेश्वर कुमार, वार्ड सदस्य सुधीर कुमार, शीवा कुमार, कृष्णा प्रसाद, सुनिता देवी, सुरेंद्र राम, रोहित कुमार, रघुनंदन प्रसाद, दीपक साव, दीपक कुमार, पिंकी देवी, उर्मिला कुमारी, नागेश्वर प्रजापति समेत अन्य उपस्थित थे।

हजारीबाग संवेदक संघ का स्थापना दिवस आज

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग संवेदक संघ का स्थापना दिवस आज डीवीसी चौक के नजदीक स्थित संघ के कार्यालय में मनाया जायेगा। संवेदक संघ के अध्यक्ष दीपक मेहता ने बताया की साढ़े तीन बजे अपराह्न संवेदक संघ का छठा स्थापना दिवस मनाने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है। जिसमें हजारीबाग के सभी संवेदक गण से संघ के कार्यालय में ससमय पहुंचने का आग्रह किया है।

जेएम कॉलेज में एनएसएस इकाई एक ने मनाया हिंदी दिवस

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थिज जेएम कॉलेज एनएसएस इकाई एक के तत्वावधान में गुरूवार को कॉलेज प्रांगण में विश्व हिन्दी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक डॉ. गिरधर पाठक एवं संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह ने किया। मौके पर डॉ. शीला सिंह ने हिन्दी के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं को इसके महत्ता से अवगत कराया। कार्यक्रम में तन्वी, प्रिया एवं अंजली ने भी हिन्दी के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए इसे विश्व में प्रज्जवलित करने की अपील की। मौके पर डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. गिरधर पाठक, प्रो. महावीर कुशवाहा, डॉ. ए सिंह आदि ने भी हिन्दी के महत्त्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंकज, तन्वी, अंजली, नमन, नीतू, दिव्या, ममता, शिवा, अभिषेक आदि का विशेष योगदान रहा।

डीएवी बरकाकाना ने मनाया हिंदी दिवस

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। डीएवी बरकाकाना ने हिंदी दिवस का आयोजन किया। हिंदी दिवस व्यौहार राजेंद्र सिंह के जन्म दिन पर मनाया जाता है, जिन्होंने हिंदी के विकास के लिए अथक परिश्रम किया था। सर्वप्रथम विद्यालय में प्रातः कालीन सभा पूर्ण रूपेण हिंदी में संचालित की गयी। विद्यालय की छात्रा जयश्री राय ने हिंदी की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी ऐसी भाषा है जो मजदूर से लेकर अधिकारी वर्ग तक स्वीकृत करते है। व्यावसायिक हिंदी का क्षेत्र जिस तेजी से विकसित हो रहा है आने वाले समय में पूरे विश्व में इसका बोलबाला होगा। वही शांभवी पाठक ने इस अवसर पर हिंदी तुम विशिष्ट हो विषय पर स्वरचित कविता सुनाकर हिंदी के स्थिति को स्पष्ट करने का यथासंभव प्रयास किया ऐसानी ने हिंदी से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रोशन सृजन ने प्रमुख रचनाकारों के व्यक्तित्व और कृतित्व से संबंधित उद्गार व्यक्त किये। मौके पर उपस्थित विद्यालय प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने कहा कि हिंदी केवल हमारी मातृभाषा नहीं बल्कि पूरे भारत में अपने भावों को सशक्त रूप से व्यक्त करने का माध्यम है। यह एक ऐसी भाषा है जो पूरे भारत को एक सूत्र में बांधने का काम करती है। भारतेंदु जी ने सही कहा है, निज भाषा उन्नति अहै, सब भाषा के मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटे नहीं हीय के शूल।

विकास कार्यों में आयेगी तेजीः सुनीता

गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हेमतपुर में गुरुवार को चाहदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया गया। इसका शिलान्यास रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी और सोसो कलां मुखिया निता देवी के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और शिलापट्ट से पर्दा उठाकर किया गया। इससे पूर्व विधायक के आगमन पर उपस्थित मुखिया उपमुखिया व विद्यालय के सहायक शिक्षकों के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं ने भी फूलमाला पहनाकर स्वागत भी किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पुरे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के प्रति प्रयत्नशील हूं। पूरे तेजी के साथ क्षेत्र में विकास का कार्य हो रहे है। यहां बाउंड्री की सख्त आवश्यता थी। जिसकी जानकारी मुझे ग्रामीणों के द्वारा मिली थी। मुखिया ने कहा कि स्कूल में चहारदीवारी नहीं रहने से आये दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। बच्चे असुरक्षित थे। अब यह समस्या दूर हो जायेगी। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा, पंचायत समिति सदस्य बाल गोविंद महतो, उपमुखिया लईक आलम, गणेश महतो, रजनीश आनंद उर्फ गुड्डू, संजय कुमार महतो, संवेदक राजेश कुमार साइड इंचार्ज आदि मौजूद थे।

केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

पतरातू (आजाद सिपाही)। केंद्रीय विद्यालय पतरातू में हिन्दी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पंद्रह दिनों तक चलने वाले हिन्दी पखवाड़े का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य आरसी गोंड के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में हिन्दी भाषा के महत्व को बताने और इसके प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पखवाड़ा मनाया जाता है। यह आयोजन 14 सितंबर से 30 सितंबर 2023 तक चलेगा। विद्यालय के बीके मिश्रा ने हिन्दी को एक मौलिक और समृद्ध भाषा बताया। आज पखवाड़े के प्रथम दिन हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी आयोजित की गयी। पखवाड़े के दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिताए, कविता पाठ और हिन्दी से संबंधित कई कार्यक्रम शामिल हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक पीके माथुर, नंदिता होरो, ज्योति शहरावत, डेविड तिग्गा, हरीश के साथ अजय कुमार, गौरव कुंडु, गोरख घासी सहित शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

हंटरगंज की स्टूडियो से लाख रुपये के सामान की चोरी

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। नावाडीह स्थित आजाद रिकॉर्डिंग स्टूडियों में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने दरवाजे का कुंडी तोड़कर 40 हजार नगद और एक लाख रुपये का रिकॉर्डिंग के सामान चोरी कर ली। इस संबंध में स्टूडियो के संचालक और बड़ही बीघा गांव निवासी अनिल कुमार साहू ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। थाना में दिये गये आवेदन में कहा है कि वह प्रत्येक दिन की भांति बुधवार को भी रिकॉर्डिंग स्टूडियो को बंद कर अपने गांव चला गया था। सुबह जब आया तो देखा कि स्टुडियो का ताला की कुंडी टूटा हुआ है और स्टूडियों से सीपीयू, मोनेटर, साउंड सिस्टम, बैटरी, स्टेबलाइजर, इनवर्टर करीब एक लाख रुपये का सामान गायब है। इस घटना की जानकारी स्थानीय थाना को दी गयी। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन किया तथा आसपास के सीसीटीवी कैमरा को खगालने का प्रयास किया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक चोरों का कोई सुराग नहीं चल पाया है।

मुख्यमंत्री पशुधन योजना को लेकर बैठक संपन्न

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में पशुधन योजना को लेकर पांच सदस्यीय टीम की बैठक की गयी। बैठक में प्रत्येक पंचायत से आये हुए आवेदनों का क्रमवार निष्पादन किया गया। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने जबकि संचालन उपाध्यक्ष प्रखंड़ विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय ने किया। बैठक में जानकारी दी गयी कि प्राथमिकता के आधार पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विधवा और विकलांग लाभूकों को सरकार के निदेर्शानुसार 90 फीसदी अनुदान पर पशुधन उपलब्ध कराये जाने का प्रवधान है। जबकि 75 फीसदी अनुदान पर महिला लाभूकों को सिर्फ दो गाय उपलब्ध कराएं जायेगी। इस बैठक में इच्छुक लाभूकों के आवेदनों का अनुशंसा कर जिला गव्य विकास विभाग को भेजा गया। बैठक में प्रमुख ममता कुमारी, बीडीओ अभिषेक पांडेय के अलावा प्रखंड़ के सभी जिला परिषद सदस्य, विधायक प्रतिनिधि, संयोजक सदस्य पशुपालन पदाधिकारी नीरज कुमार निराला उपस्थित थे।

कुआं से शव बरामद

गोला (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चोकाद गांव निवासी गोपाल महतो 60 वर्ष का शव को पुलिस ने गुरुवार की सुबह को गांव के ही एक कुवें से बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मांडू में जमकर हो रहा बालू का अवैध कारोबार, खनन विभाग ने किया खुलासा

अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त, दो गिरफ्तार

- चालक, मालिक और बालू कारोबारी समेत संलिप्त व्यक्तियों पर मांडू थाना में प्राथमिकी दर्ज
- बालू माफियाओं को बख्सा नहीं जायेगाः नितेश कुमार गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। मांडू थाना क्षेत्र में अवैध बालू का कारोबार चरम पर है। स्थानीय पुलिस की संलिप्तता सामने आ रही है। क्योंकि कारोबार पर कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिसके कारण मामले में खनन विभाग को हस्तक्षेप करना पड़ रहा। खनन विभाग ने गुरुवार को मांडू में छापामारी कर कारोबार का खुलासा किया है। विभाग ने अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। साथ ही दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कार्यवाई के बाद संलिप्तत कुछ अधिकारी को को खनन विभाग की कार्यवाही रास नहीं आ रही है।

गुरुवार की सुबह 5: 30 बजे जिला खनन पदाधिकारी नीतेश कुमार गुप्ता को सूचना मिली कि बलसगर रोड के पास हजारीबाग से मांडू की ओर अवैध रूप से बालू खनन कर बालू का परिवहन किया जा रहा है। जिसके बाद उनके द्वारा दो ट्रैक्टर को पकड़ा गया और ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बाद मामले में चालक, मालिक, अवैध बालू कारोबारी को नामजद अभियुक्त बनाते हुए सभी संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। वही संलिप्त व्यक्तियों को अविलंब चिहिंत करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

हजारीबाग से रामगढ़ लाया जा रहा था अवैध बालू

जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता को सूचना मिली कि बालू का अवैध तरीके से खनन कर परिवहन किया जा रहा है। जिस पर त्वरित कार्रवाई को लेकर खान निरीक्षक राहुल कुमार एवं पुलिस बल के साथ गुरूवार की सुबह 5:30 बजे छापेमारी की गयी, छापेमारी के दौरान बलसगरा रोड पर बालू ले जाते ट्रैक्टर संख्या जेएच.बीडी-2730 और एक अन्य बिना नंबर की ट्रैक्टर बालू ले जाते पाया गया, ट्रैक्टर चालक सैनाब महतो एव उज्जवल कुमार से बालू संबंधित जानकारी ली गयी तो बताया गया कि बालू का उठाव गिददी हजारीबाग से किया गया है और बालू को मांडू निवासी राजू सिंह के पास मांडू ले जाया जा रहा है, चालक से कागजात की मांग की गयी तो चालक के द्वारा कोई भी बालू उठाव और परिवहन के कागजात नहीं दिखाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर समेत बालू को जप्त करते हुए मांडू थाना को सुपूर्द कर दिया गया और ट्रैक्टर चालक, सैनाब महतो, मालिक उज्जवल सिंह और बालू कारोबारी राजू सिंह समेत सभी संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बालू मापिफयाओं को बख्सा नहीं जायेगाः नितेश कुमार गुप्ता

जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता ने कहा है कि अवैध बालू के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को किसी भी कीमत में बख्सा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से बालू खनन, भंडारण या परिवहन करने वालों को चिहिंत करते हुए कानूनी कार्रवाई की जायेंगी।

एनजीटी न्यायादेश के अनुसार 15 अक्टूबर तक नदी घाटों से बालू का उठाव बर्दाश्त नहीं: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन और अवैध उत्खनन के रोकथाम के लिए समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि माननीय एनजीटी न्यायादेश के अनुसार मानसून सत्र दिनांक 10 जून, 2023 से 15 अक्टूबर, 2023 तक की अवधि में नदी घाटों से बालू का उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित है। किसी भी परिस्थिति में नदी घाट से बालू के उठाव मामले को बर्दास्त नहीं किया जायेगा। उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स और अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स सक्रिय मोड में रहकर जिले में बालू के उठाव पर नियंत्रण लगाने हेतु 247 औचक जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। नदी घाट से अगर कोई भी बालू का उठाव करते पकड़ा जाता है तो वाहन, वाहन चालक और संलिप्त लोगों पर अविलंब नियमानुसार कार्रवाई करें। आगे उन्होंने उपस्थित सभी परियोजनाओं के प्रतिनिधि को कहा परियोजना से चलने वाली कोयला लोड वाहन में वाहन चालक के पास ट्रांसपोर्टिंग चलान रहे यह सुनिश्चित करें। बैठक में सर्वप्रथम जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिये गये निर्देश। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास चतरा द्वारा जानकारी दी गयी कि पूर्व में सीसीएल चतरा को निदेशित किया गया कि सभी कॉटाघरों का नियमित सत्यापन करायेंगे तथा सत्यापन रिपोर्ट की हॉर्ड कॉपी जिला खनन कार्यालय, चतरा को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे। इसे लेकर प्रतिवेदन के माध्यम से मगध परियोजना, पूणार्डीह परियोजना, अशोका परियोजना व अम्रपाली परियोजना के प्रतिनिधि ने बताया कि आदेशानुसार कॉटाघरो का नियमित सत्यापन कार्य कराया जाता है। नियमित सत्यापन सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी जिला खनन कार्यालय को उपलब्ध करा दी गयी है। प्रतिवेदन के माध्यम से जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के खनिजो के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स और कार्यालय स्तर पर जिलान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों का औचक जॉच लगातार की जा रही है। क्षेत्रिय जांच में अवैध मामला पाये जाने पर अवैधकर्त्ता के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। दिनांक 01 अगस्त 2023 से दिनांक 13 सितंबर 2023 तक जिला खनन कार्यालय चतरा, पुलिस विभाग, वन प्रमंडल उत्तरी, वन प्रमंडल दक्षिणी, जिला परिवहन कार्यालय चतरा द्वारा कुल 17 वाहन को जब्त किया गया है। वहीं 164672 रुपया की दंड राशि भी वसूली गई है साथ ही अंचल स्तर पर भी अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध औचक जांच अभियान चलाया जा रहा है। अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल ने खनन विभाग, परिवहन विभाग, मत्स्य विभाग, उत्पाद विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 23-24 में अभी तक लक्ष्य के विरूद्ध किये गये राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। सभी अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि भूमि म्यूटेशन के लंबित कार्य का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करें। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी, जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास, कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी समेत परियोजनाओं के संबंधित उपस्थित थे।

हिंदी दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

ज्ञान की कोई भाषा नहीं, सरलता से हिंदी भाषा का करें इस्तेमालः चंदन कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। हिंदी दिवस के अवसर पर गुरुवार को नमामि गंगे योजना के तहत समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डीसी चंदन कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में डीसी चंदन कुमार ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी।कहा कि ज्ञान की कोई भाषा नहीं होती है। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए ही सभी को बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपनी शुरूआती शिक्षा हिंदी मीडियम में पुरी की। आइआइटी की तैयारी के दौरान भी उन्होंने हिंदी और इंग्लिश दोनों भाषाओं का इस्तेमाल किया। जिसके उपरांत यूपीएससी की तैयारी के दौरान उन्होंने पूरी तरह से इंग्लिश में सारी परीक्षाएं दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उपायुक्त के तौर पर उनके द्वारा जो भी कार्य किए जाते हैं वे अधिकतर हिंदी माध्यम से ही होते हैं। मौके पर उपायुक्त कहा कि वर्तमान समय में हम सभी का यह दायित्व है कि हम हिंदी भाषा को आगे लेकर जायें। उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में अधिकतर लोग हिंदी साहित्य व हिंदी की किताबों को पढ़ने के बजाए ऑनलाइन माध्यमों पर ज्यादा समय व्यतीत कर रहे। यही कारण है कि समय के साथ हिंदी अपनी पहचान खो रही है। उपायुक्त ने कहा कि अगर आपको किसी भी समाज को समझना है तो उस समाज में बोली जाने वाली आम भाषा के साहित्याओं पर ध्यान देना चाहिए। हमारे देश में कई ऐसे महान साहित्यकार हुए जिन्होंने कई प्रमुख रचनाएं लिखी है। लेकिन लोग साहित्याओं को समझने का प्रयास ही नहीं कर रहे हैं।

डीडीसी ने कार्यक्रम की प्रशंसा

उप विकास आयुक्त ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी। उपायुक्त द्वारा जिला स्तर पर हिंदी दिवस मनाएं जाने के निर्णय की सराहना की। वहीं उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों व रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ की हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष की भी हिंदी के दिशा में उनके द्वारा की गई पहल के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि अगर हमें हिंदी भाषा को समृद्ध बनाना है तो सबसे पहले हमें हिंदी से प्रेम करना होगा। क्योंकि जब तक आप किसी विषय या किसी भाषा से जुड़ेंगे नहीं तब तक आप आम दिनचर्या में उसका इस्तेमाल नहीं कर पायेंगे। मौके पर उन्होंने सभी से प्रतिदिन हिंदी के नए-नए शब्दों को जानने का अभ्यास करने की भी अपील की।

प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी सम्मानितः हिंदी दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए रामगढ़ उच्च विद्यालय कोइरी टोला के कक्षा 10 की नेहा कुमारी और द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोरचे दुलमी की कक्षा 9 की छात्रा रानी कुमारी को उपायुक्त और अन्य अधिकारियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। वही हिंदी दिवस के अवसर पर वार्षिक परीक्षा 2023 में हिंदी विषय में 100 अंकों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं यथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय बड़कीपोना के कक्षा 6 की सपना कुमारी को 98, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेठबरगा गोला के कक्षा 7 के सूरज बेदिया को 100 में 100, उत्क्रमित उच्च विद्यालय ऊपरबरगा गोला की अंबिका कुमारी को 95, कन्या मध्य विद्यालय पतरातु के कक्षा 8 की ज्योति कुमारी को 95 अंक करने के लिए उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ के हिंदी विभाग की विभाग अध्यक्ष अनामिका प्रिया को उपायुक्त द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर असीम कुमार और धन्यवाद ज्ञापन जिला योजना पदाधिकारी समीर कल्लू के द्वारा किया गया।

दयानंद स्कूल में मनाया गया हिंदी दिवस

टंडवा (आजाद सिपाही)। दयानंद पब्लिक स्कूल गाड़ीलौंग टंडवा में हिंदी दिवस आयोजित कर धूमधाम से मनाया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक पवन चौरसिय, प्रचार्या रजनी कुमारी ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर किया। दीप प्रज्वलन के समय छात्राओं ने दीप गायन कर कार्यक्रम की शुरूआत में सहभागी बनी। इस अवसर पर विद्यालय में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। जिसमें निबंध लेखन, नारा लेखन, कविता पाठ, श्रुतलेख बैनर, शुभकामना पत्र, बुलेटिन बोर्ड, भजन, आदि शामिल है। निबंध लेखन में प्रथम स्थान अंकित कुमार क्लास 8, भजन में क्लास सातवीं के कृष्ण, कविता पाठ में पहली क्लास के देव कुमार ने प्रथम स्थान, आशु भाषण में क्लास 9 की सुहानी ने प्रथम स्थान, नृत्य में कक्षा 8 की नंदिनी प्रथम स्थान, नारा लेखन में प्रथम स्थान राहुल कुमार कक्षा 6 के विजेता बने। विजेताओं को अतिथियों द्वारा मेडल ट्रॉफी देकर पुरुष्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रांगण में सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

परवरिश स्कूल कुजू में हिंदी दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

कुजू (आजाद सिपाही)। परवरिश एजुकेयर स्कूल कुजू में हिंदी दिवस मनाया गया। विशेष सभा की शुरूआत राष्ट्रगान की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ हुई। मौके पर प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी ने हिंदी भाषा के संरक्षण व संवर्धन के महत्व पर अपने प्रेरक भाषण के दौरान कहा कि हर साल 14 सितंबर को मनाया जाने वाला हिंदी दिवस, भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाने की याद दिलाता है। यह एक ऐसा दिन है जो हमारे राष्ट्र की भाषाई विविधता और सांस्कृतिक एकता की याद दिलाता है। वही, उत्सव के दौरान प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। जहां विद्यार्थियों ने दैनिक जीवन में हिंदी भाषा के महत्व पर हार्दिक भाषण देकर, इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक प्रासंगिकता को छूकर अपने वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। जबकि कविता खंड में सुंदर हिंदी कविताये सुनाईं। प्रेम और एकता से लेकर प्रकृति की सुंदरता तक विभिन्न विषयों की खोज की, अपनी वाक्पटुता और रचनात्मकता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में वैश्विक दुनिया में हिंदी भाषा की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किया। स्कूल निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि छात्रों ने हिंदी दिवस मनाने में असाधारण प्रतिभा और उत्साह दिखाया है। प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने कहा कि कार्यक्रम ने न केवल उनके भाषाई कौशल को बल्कि हमारे देश की सांस्कृतिक विविधता के बारे में उनकी समझ को भी प्रदर्शित किया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समन्वयक रश्मि कुजूर, सीसीए प्रभारी कंचन प्रसाद व शिक्षको का सराहनीय योगदान रहा।

ओपी जिंदल स्कूल में मनाया गया हिंदी दिवस

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में गुरूवार को हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित प्रातः कालीन वंदना सभा के समस्त कार्यक्रम का सफल संचालन छठी ब कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा हिंदी में किया गया। जिसमें नर्सरी से दशम तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति लगाव और गौरव का भाव उत्पन्न कर उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था। विद्यार्थियों ने हिंदी के कवियों और लेखकों के चित्र सहित कविता वाचन कर अपनी रोचक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ हिंदी शिक्षक डॉ रमेश प्रसाद सिंह और शिक्षिका आभा मंडल ने भी अपने विचार प्रकट किये और विविध भाषाओं के समायोजन को आने वाले समय की आवश्यकता बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय ने सभी को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हिंदी हमारे देश की भाषा है। यह हम सबकी भाषा है। हिंदी हमारी संस्कृति, हमारे गौरव की भाषा है। उन्होंने कहा कि इसका सम्मान हम सभी करें तथा बोलने और लिखने में शुद्ध एवं मानक हिंदी का प्रयोग कर हम प्रतिदिन हिंदी दिवस मनाएं। वर्तमान समय में विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति लगाव उत्पन्न करने में शिक्षकों का दायित्व बहुत बड़ा है। उन्हें वर्तमान समय की चुनौतियों के अनुरूप अपने आप को बदलना चाहिए ताकि नई पीढ़ी का समुचित मार्गदर्शन करने में वह सक्षम हो सकें। कार्यक्रम में ओपीजेएस के कर्मचारी सहित समस्त विद्यालय परिवार मौजूद था।

जुबिली कॉलेज में समारोह पूर्वक मना हिंदी दिवस

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में हिन्दी विभाग के तत्वावधान में गुरूवार को समारोह पूर्वक हिन्दी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. शंभु प्रसाद, कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी, डॉ. महेंद्र पांडेय, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. बी रविदास, डॉ. एसपी दांगी, वनस्पति विज्ञान के डॉ. अरूण कुमार सिंह झा, प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, प्रो. बाल कृष्णा, डॉ. एसपी पांडेय, डॉ. मिथिलेश कुमार, प्रो. रजनी कुमारी आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर स्वरचित काव्य पाठक का वाचन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम पदाधिकारी अर्जुन कुमार मिश्रा ने विषय प्रवेश कराते हुए बताया कि हिन्दी को सर्वप्रथम 14 सितंबर 1949 को अधिकारिक रूप से राज्य भाषा का दर्जा दिया गया। तत्पश्चात 14 सितंबर 1953 से हिन्दी का प्रचार-प्रसार हेतु प्रत्येक साल इस दिन को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। डॉ. बी रविदास ने हिन्दी को पूरे विश्व में प्रज्जवलित करने की कामना की। प्रो. रजनी कुमारी ने अपने काव्य पाठ तुम तंज कसना छोड़ दो तथा मेरा अनदेखा जीवन की प्रस्तुति से सबों को मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं अर्जुन कुमार मिश्र ने ह्रापर उद्देश्य कुशल बहुतेरे, किसको अब समझाए कौनह्र तथा चिराग तले अंधेरा क्यों? काव्य पाठ से स्रोताओं को सोचने पर विवश कर दिया। डॉ. एसपी पांडेय, डॉ. बी रविदास व डॉ. एसपी दांगी ने अपने समसामयिक एवं यर्थाथ काव्य रचना से वर्तमान सामाजिक परिदृष्य का चिरण किया। मुख्य अतिथि डॉ. शुभ प्रसाद ने अपने काव्य रचना जुबिलियेन्ट, कोयलांचल के मजदूर की गाथा एवं बाढ़ की विभिषका आदि के द्वारा वर्तमान समाज का सटीक चित्रण प्रस्तुत किया। डॉ. महेंद्र पांडेय ने अपने चुटकिले अंदाज में गणित की भाषा में काव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि सुख को जीवन में जोड़े, दुख को जीवन से घटाएं। कार्यक्रम में तरन्नुम, निशा, रेखा, रेणु ने हिन्दी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सबों को अपनी ओर आकर्षित किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. बालकृष्णा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाही खान, माईकल राजा, संध्या, दीपू, सुदन सिंह, शानिया, पिहू, मुस्कान, खुशबू, रेखा, रेणु, बसंती, शिवानी, भवानी, सरिता, अंजू, सुजल, स्वाति, बबीता, मुनको, रेखा, निशा, अर्चना, सबिता सहित दर्जनों छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

पंचायत सचिवालय में चिंतन शिविर का आयोजन

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम एबीपी के तहत पंचायत सचिवालय डुड़गी पंचायत में चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता पंचायत मुखिया मोकीम आलम ने किया। शिविर में पंचायत सचिव शहजाद आलम, पंचायत समिति सदस्य फरीद अंसारी, गांधी फेलो की ओर से ऋषिकेश, रोजगार सेवक तिलेश्वर महतो सभी वार्ड सदस्य, सीएचओ प्रधानाध्यापक सेविका, सहायिका सईया की उपस्थिति में स्वास्थ्य पोषण, शिक्षा, कृषि और विभिन्न मुद्दों पर चिंतन किया गया। शिविर में उपस्थित स्थानीय मुखिया मोकिम आलम ने अपने संबोधन में कहा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए स्वास्थ्य, कृषि व शिक्षा लोगों के लिए प्रमुख जरूरतों में से एक है इसलिए सभी लोगों को इस पर ध्यान केंद्रित कर कार्य करना आवश्यक हैं।

अंग्रेजी राज का कानून

सुप्रीम कोर्ट ने आखिर राजद्रोह कानून की संवैधानिक वैधता की जांच से जुड़े मामले पांच सदस्यीय संविधान पीठ को भेजने का फैसला कर लिया। गौर करने की बात है कि औपनिवेशिक शासन वाले दौर से चले आ रहे इस कानून पर सवाल लंबे समय से उठाये जा रहे हैं, इनके दुरुपयोग के आरोप भी पुराने हैं। इसके बावजूद इसका पूरी तरह हटना संभव नहीं हो पा रहा। किसी न किसी वजह से यह प्रक्रिया लंबी खिंचती चली जा रही है। यह बात बार-बार कही जा चुकी है कि अंग्रेजी शासन के दौर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं की आवाज दबाने में इसका इस्तेमाल होता था, पर आजादी के बाद जब हम एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक राष्ट्र बन गये तो राजद्रोह कानून का कोई औचित्य नहीं रह गया। ऐसे में सबसे अच्छा यही था कि आजाद भारत की कोई सरकार अपनी ओर से पहल करते हुए इसे समाप्त कर देती। लेकिन किसी कारण ऐसा नहीं हुआ तो भी इस कानून का इस्तेमाल कम होते हुए बंद हो जाना चाहिए था। ऐसा हो जाता तो नाममात्र के लिए कानून के बने रहने का भी कोई खास नुकसान नहीं था। लेकिन दिलचस्प बात है कि देश की लोकतांत्रिक ढंग से चुनी तमाम सरकारें भी इस कानून का धड़ल्ले से इस्तेमाल करती रहीं और कई मामलों में इसके दुरुपयोग की बात भी स्थापित हुई। यही वजह है कि पिछले साल मई महीने में सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों की बेंच ने इस कानून के तहत की जाने वाली कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी। फिर भी सरकार का रुख इसे लेकर खास बदला हुआ नहीं दिख रहा। मंगलवार को भी कोर्ट में सरकार की ओर से यह अनुरोध किया गया कि मामले को संविधान पीठ के पास भेजना टाल दिया जाये। उसका तर्क था कि चूंकि सरकार इस कानून की जगह भारतीय न्याय संहिता विधेयक लाने ही वाली है, इसलिए क्यों न उसका इंतजार कर लिया जाये। मगर न्याय संहिता बिल के लिए रुकने की कोई जरूरत नहीं थी। एक तो इस मामले में अनावश्यक रूप से देर होती चली जा रही है। दूसरी बात, जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि न्याय संहिता विधेयक के जरिये किये जाने वाले संशोधन पिछले मामलों पर कोई असर नहीं डालेंगे। तीसरी और सबसे बड़ी बात यह कि अभी तय नहीं है कि नये विधेयक के जरिए इस कानून के प्रावधानों में आखिरकार किस तरह के संशोधन किये जायेंगे। कुछ हलकों से यह आरोप भी लग रहा है कि भारतीय न्याय संहिता विधेयक के जरिए सरकार पहले से भी ज्यादा कठोर प्रावधान लागू कराने की कोशिश में है। ऐसे में जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए राजद्रोह कानून की संवैधानिक वैधता पर विचार करे और फिर उसके फैसले की रोशनी में ही नये कानून बनाये जायें।

यह बात बार-बार कही जा चुकी है कि अंग्रेजी शासन के दौर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं की आवाज दबाने में इसका इस्तेमाल होता था, पर आजादी के बाद जब हम एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक राष्ट्र बन गये तो राजद्रोह कानून का कोई औचित्य नहीं रह गया।

अभिमत
आजाद सिपाही

आज भारत की गिनती दुनिया के शीर्ष तीन अग्रणी मछली एवं जलीय कृषि उत्पादक देशों में होती है और वह दुनिया का सबसे बड़ा झींगा निर्यातक है। सरकार ने हाल ही में पीएमएमएसवाइ के तहत एक उप-योजना के रूप में 6000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है, जिससे पिछले नौ वर्षों में मत्स्यपालन के क्षेत्र में कुल निवेश 38500 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

भारतीय मत्स्यपालन : एक उभरता क्षेत्र

डॉ एल मुरुगन

अब जबकि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे आत्मविश्वास के साथ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, मत्स्यपालन क्षेत्र इस यात्रा में अपना दायित्व निभाने के लिए आगे आया है। प्रधानमंत्री की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की बदौलत, पिछले नौ वर्षों में भारतीय मत्स्यपालन एक उभरते हुए क्षेत्र के रूप में सामने आया है और यह देश को अग्रणी नीली अर्थव्यवस्था (ब्लू इकोनॉमी) बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ा रहा है।

कुल 8000 किलोमीटर से अधिक लंबे समुद्री तटों, विशाल विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र, कुछ सबसे बड़ी नदियों एवं जलाशयों और महत्वपूर्ण रूप से मेहनती मानव पूंजी से समृद्ध भारत में हमेशा मत्स्यपालन के विकास की अपार संभावनाएं रही हैं। लेकिन शायद पिछली सरकारों की उपेक्षा, उदासीनता और नीतिगत निष्क्रियता ने इन संभावनाओं को कभी भी साकार होने ही नहीं दिया। विभिन्न रिपोर्टों से यह पता चलता है कि आजादी के बाद से 2014 तक केंद्र सरकार मत्स्यपालन के विकास के लिए 4000 करोड़ रुपये से भी कम की राशि जारी कर सकी। विभिन्न गीतों और कहानियों में महासागर के राजा के रूप में प्रशंसित एक मछुआरा वास्तव में अपनी आजीविका कमाने के लिए हर दिन संघर्ष करता रहा। प्रसिद्ध तमिल अभिनेता एमजी रामचंद्रन (एमजीआर) ने अपनी फिल्म 'पडागोटी' में मछुआरों की इस दुर्दशा को पूरी संवेदनशीलता के साथ दर्शाया था। मछुआरों की पीड़ा एवं उनके संघर्ष और असंवेदनशील व्यवस्था के हाथो उनके शोषण एवं बेबसी के इस दर्दनाक चित्रण ने दर्शकों के मन में एक अमिट छाप छोड़ी थी।

मछुआरों की आय सीधे तौर पर मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया के प्रबंधन से जुड़ी होती है।

यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही थे, जिन्होंने हमारे मछुआरे समुदाय के लिए इस नीली अर्थव्यवस्था की अपार संभावनाओं को समझा और इस क्षेत्र का प्रणालीगत विकास शुरू करने का निर्णय लिया। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नीली क्रांति योजना (2015-5000 करोड़ रुपये) और फिशरीज एंड एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (2017-7522 करोड़ रुपये) के माध्यम से सुधारों की एक श्रृंखला शुरू की। इन योजनाओं ने भारतीय मत्स्यपालन के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों की एक श्रृंखला शुरू की, जमीनी स्तर पर बुनियादी ढांचे का निर्माण किया और 2.8 करोड़ मछुआरों के जीवन को प्रभावित किया। जैसे-जैसे भारतीय मत्स्यपालन आगे बढ़ना शुरू हुआ, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 2019 में इसके केंद्रित विकास के लिए एक नया मत्स्यपालन मंत्रालय बनाया।

जब भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र एक बड़ी छलांग लगाने की तैयारी कर रहा था, अचानक कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण दुनिया रुक गयी, लेकिन, नेतृत्व ने इस संकट को एक अवसर में बदल दिया और सितंबर 2020 में 20050 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाइ) लाकर मत्स्यपालन क्षेत्र के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की, जो भारतीय मत्स्यपालन के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। इस नये निवेश और केंद्रित ध्यान की बदौलत, पीएमएमएसवाइ ने मछली के उत्पादन, उसकी उत्पादकता एवं गुणवत्ता से लेकर प्रौद्योगिकी, मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया से जुड़े बुनियादी ढांचे और विपणन तक की मत्स्यपालन की मूल्य श्रृंखला में मौजूद महत्वपूर्ण अंतराल को पाटना शुरू कर दिया। इसने प्रमुख रणनीतिक प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की हैः समुद्री मत्स्यपालन, अंतर्देशीय मत्स्यपालन, मछुआरों का कल्याण, बुनियादी ढांचा और मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया का प्रबंधन, ठंडे पानी में मत्स्यपालन, सजावटी मत्स्यपालन, जलीय स्वास्थ्य प्रबंधन, समुद्री शैवाल की खेती आदि।

पिछले नौ वर्षों के दौरान केंद्र/राज्य सरकार की एजेंसियों और मछुआरों को शामिल करके केन्द्र सरकार द्वारा किये गये निरंतर प्रयासों ने भारतीय मत्स्यपालन की स्थिति में नाटकीय रूप से परिवर्तन ला दिया है। कुल 107 से अधिक मछली पकड़ने से जुड़े बंदरगाह और मछली लैंडिंग केंद्र जैसे मुख्य बुनियादी ढांचे का निर्माण/आधुनिकीकरण किया गया है, जो सुरक्षित लैंडिंग, बर्थिंग और लोडिंग-अनलोडिंग के लिए आवश्यक हैं। कोचीन, चेन्नई, मुंबई, विशाखापत्तनम और पारादीप में प्रमुख मछली पकड़ने के बंदरगाहों का आधुनिकीकरण किया गया है। मछुआरों की आय सीधे तौर पर मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया के प्रबंधन से जुड़ी होती है। यानी मछुआरों की आय मछली के भंडारण, संरक्षण, परिवहन और बिक्री की व्यवस्था पर निर्भर करती है। कुल 25000 से अधिक मछली परिवहन सुविधाओं, 6700 मछली कियोस्क/ बाजारों और 560 कोल्ड स्टोरेज को दी गयी मंजूरी के साथ, जमीनी स्तर पर मत्स्यपालन का यह बुनियादी ढांचा तेजी से मजबूत हो रहा है। मछुआरों को खुले समुद्र में जोखिम और कामकाज की खतरनाक परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। इन जोखिमों को कम करने के लिए, 1043 मौजूदा मछली पकड़ने वाले जहाजों के उन्नयन, 6468 नावों और 461 गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले जहाजों के प्रतिस्थापन और उपग्रह आधारित संचार का उपयोग करके समुद्री मछली पकड़ने वाले जहाजों पर एक लाख ट्रांसपोंडरों की स्थापना को मंजूरी दी गयी है। पीएमएमएसवाइ ने अंतर्देशीय मत्स्यपालन को पारंपरिक तौर-तरीकों से बाहर निकाला और उसमें प्रौद्योगिकी का समावेश किया, जिससे कई प्रतिभाशाली एवं उद्यमशील युवाओं को मत्स्यपालन के उद्यम को अपनाने की प्रेरणा मिली। आज, कश्मीर घाटी की युवा महिला उद्यमी पुनर्चक्रण पर आधारित मत्स्यपालन प्रणाली (रीसक्युर्लेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) का उपयोग करके ठंडे पानी के रेनबो ट्राउट का कुशलतापूर्वक पालन कर रही हैं। बायोफ्लॉक द्वारा पाले गये झींगा की बदौलत नेल्लोर के मत्स्यपालन से जुड़े उद्यमी सफल निर्यातक बन गये हैं।

पीएमएमएसवाइ ने मत्स्यपालन को गैर-पारंपरिक क्षेत्रों तक विस्तारित करने में मदद की है। लगभग 20000 हेक्टेयर के ताजा तालाब वाले क्षेत्र को अंतर्देशीय जलीय कृषि के अंतर्गत लाया जा रहा है। यहां तक कि चारों ओर भूमि से घिरे हरियाणा और राजस्थान के किसान भी जलीय कृषि के माध्यम से अपनी खारी बंजर भूमि को सफलतापूर्वक धन देने वाली भूमि में परिवर्तित कर रहे हैं।

पीएमएमएसवाइ ने मछुआरा समुदाय की महिलाओं को सजावटी मत्स्यपालन, मोती के उद्यम (पर्ल कल्चर) और समुद्री शैवाल की खेती जैसे लाभकारी विकल्प और वैकल्पिक आजीविका के माध्यम से सशक्त बनाया है। तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में हाल ही में शुरू किया गया 127 करोड़ रुपये का समुद्री शैवाल पार्क वास्तव में मोदी सरकार का एक अग्रणी कदम है।

बीज, चारा और नस्ल मत्स्यपालन क्षेत्र के महत्वपूर्ण घटक हैं। पीएमएमएसवाइ ने 900 मछली चारा संयंत्रो एवं 755 हैचरी को सक्रिय किया है और यह चेन्नई में भारतीय सफेद झींगा से जुड़े अनुसंधान एवं आनुवंशिक सुधार, विशिष्ट रोगजनक मुक्त ब्रूड स्टॉक के विकास और अंडमान में बाघ झींगा (टाइगर श्रिम्प) से जुड़ी परियोजनाओं को समर्थन प्रदान कर रहा है। सितंबर में जब हम पीएमएमएसवाइ की तीसरी वर्षगांठ मना रहे हैं, तो कोई भी भारतीय मत्स्यपालन के बदले हुए परिदृश्य को देख सकता है। आज भारत की गिनती दुनिया के शीर्ष तीन अग्रणी मछली एवं जलीय कृषि उत्पादक देशों में होती है और वह दुनिया का सबसे बड़ा झींगा निर्यातक है। सरकार ने हाल ही में पीएमएमएसवाइ के तहत एक उप-योजना के रूप में 6000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है, जिससे पिछले नौ वर्षों में मत्स्यपालन के क्षेत्र में कुल निवेश 38500 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

(लेखक : भारत सरकार रे मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी तथा सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

सामाजिक संस्था के सदस्यों ने मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए चलाया जागरूकता अभियान

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पुर्वी सिंहभूम जिले में डेंगू का प्रकोप इन दिनों काफी बढ़ गया है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। लौहनगरी में डेंगू के खतरे से बचाव के लिए सामाजिक संस्था कोशिश 'एक मुस्कान लाने की' के द्वारा बागुननगर व बिरसानगर जोन नंबर 3 के क्षेत्र में एन्टी लार्वा व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। मौके पर संस्था के संरक्षक शिवशंकर सिंह समेत अन्य सदस्यगण मौजूद रहे। गुरुवार को सदस्यों ने एन्टी लार्वा का टैंकर पीठ पर बाँध कर क्षेत्र के गलियों व जमे पानी में केमिकल का छिड़काव किया। वहीं क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर स्थानीय लोगों को आसपास की साफ सफाई के प्रति सजग रहने की अपील की। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक शिवशंकर सिंह ने बताया शहर में डेंगू के मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। कई गंभीर मरीज भी पाए गए। इसलिए सफाई के साथ-साथ सतर्कता बरतने की जरूरत है। श्री सिंह ने कहा सभी को अपने क्षेत्र व आसपास के स्थानों पर साफ व स्वच्छ रखने में सहयोग अवश्य देना चाहिए। उन्होंने कहा मच्छरजनित बीमारियों की आशंका के लिए संस्था की ओर से एन्टी लार्वा व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर जारी रहेगी। मौके पर कंचन डे, त्रिदेव सिंह, चंद्रशेखर सिंह, बबलू गोप, गौतम गोप, दिनेश सिंह, अभय पाण्डे, कुणाल शर्मा, पीयूष ईशु, हन्नी परिहार, राजा अग्रवाल, अमित वर्मा समेत संस्था के अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

विधायक मंगल कालिंदी ने क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित

युवा पीढ़ी वरिष्ठजनों का करे सम्मान, उनके अनुभव का लाभ उठाये : मंगल कालिंदी

युवापीढ़ी गुरुजनों के आशीर्वाद से अपने जीवन की दिशा और दशा को भी बदल सकते।

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। गोविंदपुर तीन तल्ला सहजानंद सरस्वती क्लब में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार को विधायक ने जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने वरिष्ठ नागरिकों से आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। विधायक कालिंदी ने कहा कहा आज के युवा ही राज्य व देश के भविष्य है। आने वाले पीढ़ी को बुद्धिजीवी व वरिष्ठजनों का सम्मान करना चाइए, इनके अनुभव का लाभ मिलने से जीवन मे आगे चल कर कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा युवापीढ़ी गुरुजनों के आशीर्वाद से अपने जीवन की दिशा और दशा को भी बदल सकते। साथ ही एक बेहतर समाज का गठन कर राज्य और देश का नाम रोशन कर सकते। सम्मान समारोह में जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह, राजकिशोर यादव, सुभाष उपाध्याय, अम्बुज ठाकुर, श्याम किशोर सिंह,बी डी राइ, देव शरण सिंह, समीर दास, नवमी सिंह, रमेश अग्निहोत्री, चंदन ठाकुर, मनोज यादव, रजनी दास सहित अन्य क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित रहे।

मॉर्निंग वॉक से लौट रही बुजुर्ग महिला से छिनतई, जांच में जुटी पुलिस

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।। गोविंदपुर थाना क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक कर घर लौट रही 76 वर्षीय बुजुर्ग महिला से अज्ञात बाइक सवार अपराधी के द्वारा छीनताई के मामला प्रकास में आया है। घटना सुबह लगभग 6.30 बजे की है। गुरुवार सुबह गोविंदपुर पटेल नगर निवासी 76 वर्षीय बुजुर्ग महिला प्रति दिन की तरह मॉर्निंग वॉक में निकली थी। घर लौटने के दौरान अचानक पीछे से एक अज्ञात बाइक सवार ने उनके गले से सोने का लॉकेट छीन कर फरार हो गया। इस दौरान अपराधी का मोबाइल सड़क पर ही गिर गई। पीड़ित महिला ने मोबाइल उठाया कर शोर मचाई। मौके पर पहुचे स्थानीय लोगों ने पीड़ित महिला आवाज सुन कर घटना स्थल पहुची। जहा से महिला को घर तक पहुचाया। घटना के बाद पीड़िता के बेटा प्रमोद कुमार ने बताया माता रानी मॉर्निंग वॉक से घर लौटने के दौरान छीनताई की घटना घटी है।

रोजगार मेले में 55 कंपनियां हुईं शामिल, 3000 युवाओं का रजिस्ट्रेशन

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। करीम सिटी कॉलेज में दो दिवसीय एप्रेंटिसशिप सह जॉब मेला आरंभ किया गया। गुरुवार को रोजगार मेला में 55 कंपनियों के पदाधिकारी शामिल है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं झारखंड उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सहयोग से बोर्ड ऑफ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (बीओपीटी) एवं कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रोजगार मेला में 3000 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया। मौके पर जमशेदपुर के अलावा कोल्हान के तीनों जिलों से युवक-युवतियां हिस्सा ली। इस दौरान अभ्यर्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला इसके साथ भी कॉलेज प्रांगण से लेकर सड़क पर युवक-युवतियों की लंबी कतार बेरोजगारी को दर्शा रही थी। रोजगार मेला में डिप्लोमा के अलावा इंजीनियरिंग डिग्राधारी एवं सामान्य स्नातक भी शामिल रहे। मौके पर कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ जयंत शेखर ने आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने युवाओं को रोजगार दिलाने की दिशा में एक सार्थक कदम बताया। उन्होंने रोजगार मेले मे विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों को विश्वास दिलाते हुए कहा झारखंड में जितनी प्रतिभाएं हैं वैसी देश भर में कहीं भी नहीं है।

मां तारा मंदिर के स्थापना दिवस पर 108 महिलाएं कलश यात्रा में हुईं शामिल

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। कदमा उलियान मे मिताली संघ द्वारा मां तारा मंदिर के स्थापना दिवस पर कलश यात्रा निकाली गयी। गुरुवार को सोनारी दोमाहनी से जल लेकर 108 महिलाएं गाजा बाजा के साथ मंदिर पहुची। जहा पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अथिति झामुमो नेता महाबीर मुर्मू शामिल हुए। पूजारी उत्तम चैटर्जी के द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर माता का चुनिरी भेंट किया गया। महाबीर मुर्मू ने पूजा अर्चना कर सभी के परिवार में सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए कामना की। गुरुवार शाम 7 बजे से कमिटी के द्वारा भजन संध्या आयोजन किया गया। मौके पर सैकड़ो श्रद्धालु शामिल होकर कार्यक्रम का आनंद उठाया। पूरा क्षेत्र मां तारा के जयकार से क्षेत्र गूंज उठा। इस अवसर पर कमिटी के अध्यक्ष राजा राव, प्रतिक सिंह, दिनकर, रॉन्टी कुशवाह, प्रसेनजीत दास, मार्शल महतो, रौनक सिंह, सुदेश महतो, विनय महतो, मनोज तांती, दुर्गा प्रसाद हांसदा सहित क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल रहे।

इंडस्ट्रियल ग्लोवल यूनियन की बैठक में शामिल हुए झारखंड यूनियन के नेता

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। लौहनगरी जमशेदपुर के एक होटल में इंडस्ट्रियल ग्लोवल यूनियन का दो दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। गुरुवार को शहर के बिस्टुपुर में आयोजित बैठक में झारखंड के सभी छोटी बड़ी कंपनी के यूनियन पदाधिकारी शामिल हुए। मौके पर यूनियन नेता रघुनाथ पांडेय ने बताया इंडस्ट्रियल ग्लोवल यूनियन का दो दिवसीय बैठक का आज शुभारंभ किया गया। बैठक में राज्य के किन कंपनी में क्या काम करने का तरीका है, कैसे कंपनी काम कर रही है, कैसे कंपनी को आगे बढ़ाया जाए, कैसे काम करने वाले मजदूर को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिल सके इन्हीं सभी विषय पर चर्चा की गई। ताकि यूनियन के पदाधिकारी यहां से जानकर अपने कंपनी के यूनियन व कर्मचारियों को जानकारी दे सके। वही यूनियन नेता राकेशेश्वर पांडे ने बताया भारत में मेटल इंडस्ट्री की संख्या ज्यादा है। इस तरह के आयोजन से लोगों में लीडरशिप का प्रतिभा बढ़ता है। कार्यक्रम का उद्देश्य है लोगों को कैसे डेवलप किया जाए, कैसे यूनियन के बड़े नेता एक जगह मिलकर खबर की जानकारी दे सके। साथ ही अपने कल्चर और संस्कृति को एक्सचेंज करेंगे। श्री पांडे ने बताया कुछ नई-नई नीति को शेयर करेंगे ताकि सभी कंपनी को फायदा हो सके।

536 लीटर शराब बरामद

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। लौहनगरी जमशेपुर में आबकारी विभाग ने शहर मे चल रहे नकली शराब कारोबारी के खिलाफ कार्रवाइ करते ही हड़कंप मच गया। गुरुवार को आबकारी विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर सिदगोड़ा थाना अंतर्गत एक बंद घर मे चल रही मिनी शराब फैक्ट्री का खुलासा कर दिया। गुप्त सूचना के आधार पर विभाग ने सिदगोड़ा थाना अंतर्गत बाबूडीह क्षेत्र के कोंदा भट्ठा मे छापेमारी कर तमाम ब्रांडों के 536 लीटर नकली विदेशी शराब,बोतल के ढक्कन, सरकारी होलोग्राम व अंग्रेजी शराबों के स्टिकर बरामद कर लिया।

बंग समाज ने राज्य सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

जमशेदपुर। राज्य सरकार द्वारा गठित अल्पसंख्यक आयोग में बंग समाज को अनदेखी करने पर समाज के लोगो ने आक्रोश जताया। गुरुवार शाम बंगबंधु संस्था के बैनर तले साकची गोल चक्कर पर काला बिल्ला लगाकर मसाल जुलूस निकाला। मौके पर राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। विगत कुछ दिनों पूर्व राज्य सरकार के द्वारा अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया गया। आयोग में बंग समाज को प्राथमिकता नहीं देने पर बंग समाज के लोगों ने अपना आक्रोश जाहिर किया। राज्य सरकार के इस निर्णय के खिलाफ बंग बंधु संस्था के बैनर तले समाज के लोगो ने सड़क पर उतरकर साकची गोल चक्कर के पास काला बिल्ला लगाकर मसाल जुलूस निकाला। इस दौरान सभी ने एक स्वर में राज्य सरकार के इस निर्णय का विरोध किया। समाज के लोगों ने आरोप लगाया राज्य में 42प्रतिशत की संख्या में बंग भाषा भाषी के लोग रहते है। अल्पसंख्यक आयोग के गठन में समाज के लोगों को जगह नहीं दिया गया। जो राज्य सरकार की उदासीनता को जाहिर करता है।

महत्वपूर्ण न्यूज

दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हिंदी दिवस कार्यक्रम मनाया गया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के संगोष्ठी कक्ष में हिंदी दिवस कार्यक्रम मनाया गया` जिसमे महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनीता गुप्ता ने बताया की भाषा सम्प्रेषण का सशक्त माध्यम है और हिंदी भाषा सभी भाषाओ को जोड़ने का कार्य करती है` महाविद्यालय के प्राध्यापक जनार्दन जी ने बताया की हिंदी का शब्दकोष निरंतर विकास कर रहा है , अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और इसके बिना हम अपने सफल जीवन की कल्पना नही कर सकते , इसके साथ आनंद कुमार चौबे ने बताया कि पुरे भारत राष्ट्र में हिंदी का महत्व सर्वव्यापक होना चाहिए जो कि हमारी पहचान को सिद्ध करती है` इस कार्यक्रम में बी. एड. सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओ ने भी हिंदी भाषा के महत्व पर अपना विचार प्रकट किया , जिसमे रीमा, राजू , सचिन, अभिजित , पल्लवी , बेबी , अरविन्द , वीरेन्द्र , आनंद , शहनाज , रितेश , आदि प्रशिक्षुओ ने सहभागिता प्रदान की` इस कार्यक्रम में अन्य प्राध्यापक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियो में अरबिंद तिवारी , राकेश कुमार सिंह , सुधीर धर दुबे , बी. एन. सिंह आदि उपस्थित रहे` मंच संचालन प्रशिक्षु राजू पाल के द्वारा किया गया।

देश को एक सूत्र में बांधने में हिंदी की भूमिका महत्वपूर्ण : अलखनाथ पांडेय

गढ़वा (आजाद सिपाही)। हिंदी दिवस के अवसर पर आर के पब्लिक स्कूल,गढ़वा में हिंदी दिवस मनाया गया।इस अवसर पर स्कूल में सुबह की प्रार्थना सभा का आयोजन हिंदी में आयोजित किया गया। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् श्री अलखनाथ पांडेय ने सभी लोगों को हिंदी दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दिया और बताया कि हिंदी जनमानस की भाषा है, जो हमारे देश की एकता का सूत्र है।यह एक भावनात्मक भाषा है, जो लोगों के दिल को आसानी से छू लेती है।पूरे विश्व में भारतीय सभ्यता और संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने का श्रेय एकमात्र हिंदी भाषा को ही जाता है। देश की आजादी के आंदोलन में भी हिंदी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। आगे उन्होंने आज स्कूल में इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कराने की बात कही। स्कूल की सभा को संचालित करते हुए अनुप कुमार पाण्डेय ने हिंदी की महत्ता पर कविता सुनाया और छात्र-छात्राओं को बताया कि हिंदी का प्रयोग करना हीनता का प्रतीक नहीं है बल्कि यह हमारा गौरव है। हिंदी भाषा के प्रति हमारा कर्त्तव्य है कि हमें हिंदी के विस्तार के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। हमें इसका भरपूर सम्मान करना चाहिए।एक भारतीय होने के नाते यह हमारा कर्तव्य है कि हमें हिंदी के महत्त्व को बढ़ावा देना चाहिए।इस उद्देश्य को लेकर स्कूल में समय समय पर.भाषण, निबंध,काव्य पाठ,संगीत व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

हिंदी दिवस के अवसर पर आरकेवीएस में फ्रेशर पार्टी का किया गया आयोजन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। हिंदी दिवस के अवसर पर शहर के रेहला रोड स्थित आरकेवीएस, बी एड कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया।इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने विद्या की देवी माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर बीएड.सत्र 2022-24 के प्रशिक्षणार्थियों ने सत्र 2023-25 के नये नामांकित प्रशिक्षणार्थियों का भव्य स्वागत किया।निदेशक ने अपने स्वागत संबोधन में उपस्थित सभी नये प्रशिक्षणार्थियों को योग्य शिक्षक बनकर शिक्षा जगत में अपनी पहचान बनाने व उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।उन्होंने समाज व देश के उत्थान और निर्माण में शिक्षक के कर्तव्य व दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए जीवन में अनुशासित व चरित्र निर्माण पर जोर देने की बात कही।उन्होने हिंदी दिवस की शुभकामना देते हुए हिंदी को समृद्ध बनाने की बात कही।देश को एकसूत्र में बाँधकर रखने वाली यह भाषा हमारे देश का गौरव है।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चन्द्रदीप पाण्डेय ने सभी छात्र-छात्राओं को अनुशासित रहते हुए नियमित रुप से कक्षा में उपस्थित रहने की बात कही।उन्होंने जीवन में प्रशिक्षण के महत्व को भी समझाया व हिंदी दिलस की महत्ता पर प्रकाशा डाला।उन्होंने कम समय में इस तरह के सुन्दर आयोजन के लिए सत्र 2022-24के प्रशिक्षणार्थियों को बधाई दिया।संस्थान की ओर से नामांकित सभी छात्र-छात्राओं को पेन देकर व मिठाई खिलाकर संस्थान में स्वागत किया गया।इस अवसर पर संस्थान के प्राध्यापक राजेन्द्र चौबे,रीतेश कुमार,आनंद मिश्रा व अन्य सभी उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन प्रोफेशर सतीश तिवारी के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम : जीएन कॉन्वेंट स्कूल में हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

भारत की संस्कृति और संस्कारों की प्रतिबिंब है हिंदी : निदेशक

प्रतियोगिताओं में चयनित छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में हिन्दी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसके अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया चयनित बच्चों को मेडल एवम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा भाषाई विविधता हमारे देश के समृद्ध परंपरा है। हर क्षेत्र में संपर्क भाषा के रूप में लोगों की जुबान पर हिन्दी भाषा चढ़ी हुई है। हिन्दी हमारे स्वाभिमान और गर्व की भाषा है, हिन्दी ने हमें विश्व में एक नई पहचान दिलाई है। हिन्दी विश्व में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं में से एक है। विश्व की प्राचीन, समृद्ध और सरल भाषा होने के साथ-साथ हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा भी है। हिन्दी भाषा विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली तीसरी भाषा है, जो हमें दुनियाभर में सम्मान भी दिलाती है। भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितंबर 1949 की संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। उसी महत्वपूर्ण निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को हर क्षेत्र में

प्रसारित करने के लिए राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा के अनुरोध पर सन 1953 को सम्पूर्ण भारत प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। धीरे-धीरे हिन्दी भाषा का प्रचलन बढ़ा और इस भाषा ने राष्ट्रभाषा का रूप ले लिया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इसकी अभिट पहचान है। इसका मूल कारण यह है कि हमारी भाषा हमारे देश की संस्कृति और संस्कारों का प्रतिबिम्ब है। आज विश्व के कोने-कोने से विद्यार्थी हमारी भाषा और संस्कृति को जानने के लिए हमारे देश का रूख कर रहे है। एक भारतीय को कम से कम अपनी भाषा यानि हिन्दी तो आनी ही चाहिए साथ ही हमें हिन्दी का सम्मान भी करना सीखना होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, संजीव कुमार, उदय प्रकाश, नरेन्द्र सिन्हा, आलोक सिन्हा, नीराशर्मा, सरिता दुबे, सुनिता कुमारी, निलम कुमारी, सुषमा तिवारी, शिवानी कुमारी,मुकेश कुमार, संतोष प्रसाद की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन खुर्शीद आलम और धन्यवाद ज्ञापन संजीव कुमार ने किया।

इस अवसर पर जूनियर विंग में सुलेख लेखन प्रतियोगिता जबकि सीनियर विंग में निबन्ध और भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसका विषय अपने जीवन में हिंदी भाषा को समृद्ध कैसे बनाए। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

रंका के बाइस प्लॉट में बननेवाली सड़क का किया गया शिलान्यास

रंका प्रखंड झामुमो जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर कार्य शुरू कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

रंका। रंका प्रखंड में 12 करोड़ की लागत से बनने वाला यूट्यूब मोड़ बाईस प्लौट विश्रामपुर गोरेयाबखार ढेंगुरा उल्का केदाल जोगीखुरा मुंगदह चौकड़ी भाया हुरदाग सड़क निर्माण हेतु झामुमो रंका प्रखंड कमेटी जनप्रतिनिधियों रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, विश्रामपुर मुखिया जिना देवी, खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह युवा प्रखंड सचिव पप्पू यादव, सचिव इरफान अंसारी एवं युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी ने संयुक्त रूप से गुरूवार को नारियल फोड़ कर भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारे क्षेत्र के स्थानीय विधायक सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर इस योजना का बृहद मेंगा शिलान्यास करेंगे। ये वैसे जनप्रतिनिधियों में से नहीं हैं जो बिना शिलान्यास के निर्माण कार्य शुरू नहीं होने देते।कार्य में रूकावट न हो और जनता को इसका लाभ जल्द मिले इसलिए भूमि पूजन कर कार्य को शुरू कर दिया गया है। उक्त सड़क को बन जाने से दर्जनों गाँव के हजरों ग्रामीणों को इसका सिधा लाभ मिलेगा। इस सड़क के निर्माण होने से ग्रामीणों में काफी खुशी है। इस मौके पर अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष आफताब आलम, पूर्व प्रमुख ज्योति लकड़ा एवं लिलावती देवी, मुमताज अली रंगसाज, विश्रामपुर पंचायत अध्यक्ष संतोष प्रसाद, जगदीश टोप्पो, सतीश भारती, प्रखंड उपाध्यक्ष अरविंद सोनी,सुमन सिंह, राजेश लकड़ा, बैजनाथ प्रसाद, बैजनाथ राम, महेश्वर बाखला, तमगेकला पंचायत अध्यक्ष कपिल देव सिंह, सोनदाग पंचायत अध्यक्ष संतोष ठाकुर, चुतरू युवा अध्यक्ष चिरागुदीन अंसारी, रंजन प्रसाद, अरूण मिश्रा, सकनाथ सिंह, अंबिका सिंह, विनय मिंज, दीपक प्रजापति, पिंकू सिंह, सहित सैकड़ों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

कर्बला मुहल्ला वार्ड कमिटी का पुनर्गठन, चांद अंसारी बने अध्यक्ष

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय स्थित कर्बला मुहल्ला में नूर अजीजी के निवास वार्ड एक व दो का पूर्ण रूप से कमिटी गठित किया गया जहां वार्ड एक के प्रभारी झामुमो क्रीड़ा मोर्चा जिला सचिव शादाब खान और झामुमो जिला उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल के अध्यक्षता में कमिटी गठित की गई । जहां वार्ड एक में सभी के सर्वसहमति से चांद अंसारी को अध्यक्ष के रूप में चुना गया वही सचिव के पद इरशाद सिद्दीकी को उपाध्यक्ष के पद आमिर खान और विजय कुमार मेहता को कोषाध्यक्ष के पद शाहिद अली को चुना गया। वही वार्ड न दो के प्रभारी इमरान अख्तर और शेरू खान के अध्यक्षता में सबके सर्वसहमति से छोटा खालिक अब्बासी को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। वही सचिव पद पे इमाम खान को उपाध्यक्ष पद पे मोसिम अंसारी,सद्दाम अंसारी,शेरू अब्बासी को तथा कोषाध्यक्ष पद पे अनीश रंगसाज को चुना गया। कमिटी के संरक्षक के रूप नईम सिद्दीकी,नासिर खान,महफूज कुरैशी,जहान अंसारी,वसीम खान,इमाम हुसैन उपस्थित थे, साथ ही झामुमो नगर परिषद के वरीय पदाधिकारी के रूप में पूर्व नगर परिषद अध्यक्षा अनिता दत्त,स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू उपस्थित रहे। इस मौके पर आरजू कुरैशी वारिश अंसारी अरशद अंसारी फैजान डेविड चांद अब्बासी राजा खान मंजूर अब्बासी राजू अब्बासी कलाम अब्बासी लाल बाबू कौशर अब्बासी रियाज अब्बासी फकरू अब्बासी अहमद रजा मुस्तकीम अंसारी बसीर अंसारी मुन्ना बाबू रफीक अंसारी मुस्ताक अब्बासी अब्दुल बारीक अंसारी,फैजुल अंसारी आदि उपस्थित थे।

विहिप की बैठक में बंशीधर नगर में बजरंग दल शौर्य रथ यात्रा निकालने पर की गयी चर्चा

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद बंशीधर नगर में बजरंग दल शौर्य रथ यात्रा निमित्त बैठक की गई। बैठक में विश्व के करोड़ सनातन हिंदू परिवार का सपना राम मंदिर की राम प्रतिष्ठा के साथ जनवरी 2024 को पूरी होगी इस निमित्त पूरे भारत में बजरंग दल शौर्य रथ यात्रा निकाली जा रही है। इसी कार्यक्रम के निमित्त पलामू विभाग (पलामू, गढ़वा, लातेहार) में गढ़वा जिला के बंशीधर नगर से शंखनाद के साथ बजरंग दल शौर्य रथ यात्रा शुरू होगी, जो अयोध्या धाम के मार्गदर्शन के द्वारा संतों के मार्गदर्शन में चलने वाली है और प्रत्येक प्रखंडों में बड़ी-बड़ी धर्म सभा होने वाली है। इसका मुख्य उद्देश्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व हिंदू समाज को आमंत्रित करना एवं स्थानीय स्तर पर महापुरुषों के बारे में वर्तमान कालखंड के युवाओं को उनके के बारे में समाज को बताना है। पूरे झारखंड प्रांत स्तर पर 8 अक्टूबर को प्रत्येक जिला, प्रत्येक प्रखंड, गांव स्तर से कार्यकर्ताओं की भीड़ धर्म सभा में रांची में जुटने वाली है। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष गौरव पांडे की अध्यक्षता में बैठक संपन्न की गयी। बैठक में उपस्थित विश्व हिंदू परिषद जिला संगठन मंत्री रविंद्र यादव, जिला मंत्री विजय यादव, बजरंग दल संयोजक उत्कर्ष जायसवाल, प्रखंड संगठन मंत्री राहुल जायसवाल, विकास कुमार पांडे, मीडिया प्रभारी श्याम बच्चन यादव, कृष्ण यादव, पवन कुमार, बॉबी जायसवाल, ललित कुमार पासवान, बादल पासवान, सुमित कुमार, प्रियांशु कुमार, निशा कुमारी, माया कुमारी, बबीता कुमारी और साथ में अन्य बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पॉलिटेक्निक कॉलेज में हिंदी दिवस पर सेमिनार आयोजित

गढ़वा (आजाद सिपाही)। पॉलीटेक्निक कॉलेज में हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर सेमिनार आयोजन किया गया जिसका संचालन प्रोफेसर अमित तिवारी ने किया तथा औषधिय पोधा रोपण किया गया। इस मौके पर आयुष सामुदायिक स्वास्थ पदाधिकारी, पचपड़वा डॉ.जयंत कुमार गौरव और अमर शांति विकास संस्था के संस्थापक राजेश चौबे जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर अमर शांति विकास संस्था के संस्थापक राजेश चौबे ने हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों को हिंदी और हमारी संस्कृति के महत्व के बारे में कॉलेज के बच्चों को जानकारी दी। इस मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. निशांत रंजन देय ने बताया कि आज हिंदी दिवस के अवसर पर पोधा रोपण क्रायक्रम से वो बहुत खुश है तथा उन्होंने कहा विधायथियो को पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा इसके लाभ के बारे में बच्चो को जागरूक किया। इस अवसर पर खुर्शीद आलम, कॉलेज में शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

बाइक की डिक्की से 1.81 लाख की चोरी

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। नगर उंटारी मेन रोड स्थित पोपुलर मेडिकल हॉल के सामने से चोरों ने बाइक के डिक्की से 1 लाख 81 हजार रुपये उड़ा लिये हैं। घटना दिन के ढाई बजे की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भवनाथपुर थाना क्षेत्र के झगराखांड़ निवासी रंजीत प्रसाद यादव श्री बंशीधर नगर निबंधन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री कराने आया था। रजिस्ट्रार के नही होने की सूचना पर वह अपने साथी अजित पाठक के साथ घूमने मार्किट तरफ आ गया। उसके बाद वह पॉपुलर मेडिकल हॉल में दवा लेने के बाद सामने सिटी स्टाइल में चप्पल लेने चला गया। चप्पल लेने के बाद बाइक के पास आया तो देखा कि डिक्की में रखा दवा बाहर गिरा है। साथ ही बैग में रखा पैसा गायब है। जिसके बाद उसने तत्काल थाने में जाकर पूरी बात बताई। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि छापेमारी की जा रही है। जल्द ही पैसे बरामद कर लिये जाएंगे।

कांडी में भाजपाइयों ने मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया



कांडी (आजाद सिपाही)। पूरे प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम चलाया गया। जिसमे प्रखंड के 13 पंचायत के प्रत्येक गांव के घर घर और सभी मंदिर और शहीदों के घर से एकत्रित मिट्टी को लिया गया। कलश में एकत्रित मिट्टी को कांडी बाजार से गाजे बाजे के साथ मिट्टी संग्रह किया गया। सभी धार्मिक स्थल देवी मंदिर ,स्कूल ,हनुमान मंदिर, छठ घाट, सूर्य मंदिर, शिव मंदिर ,हनुमान मंदिर, सतबहिनी मंदिर , प्रखंड के सभी ठाकुर बाड़ी, सभी शहीदों के घर से मिट्टी एकत्रित किया गया। कांडी प्रखंड के इस पुनीत मिट्टी को भारत में चल रहे अमृत महोत्सव के अवसर पर उक्त कलश को दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कांडी प्रखंड के नाम से शहीदों के नाम स्थापित किया जायेगा। जिसमें वृक्ष लगाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामलाला दुबे, महामंत्री शशि रंजन दुबे, विनोद प्रसाद, अंजू देवी, मुखिया ललित बैठा, मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद ,बबलू उपाध्याय ,दिलीप चंद्रवंशी, राजेश्वर प्रसाद, उपेंद्र नारायण दुबे मौजूद थे।

न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची
(विधि शाखा)

अधिहरण वाद संख्या 06R28/2023-24
राज्य बनाम् संतोष कुमार साहु वगैरह

नोटिस बनाम्

(1) संतोष कुमार साहु पिता–दीनदयाल साहु, सा०–जोन्हा, राँची (2) ईश्वर कुमार करमाली पिता–नन्दन करमाली, सा०–बचरा, पिपरवार, जिला–चतरा (3) आत्माराम महतो, पिता–शिवेश्वर महतो, सा०–नवाडीह, बड़ाचांगडु, थाना–सिल्ली, जिला–राँची।

एतद् द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, राँची के पत्रांक–2121 अप०शा० (ग्रा०) दिनांक–26.04.2023 के द्वारा जप्त अवैध बालु से लोड वाहन सं०–JH01CB-3431 and JH01CT-2228, JH22D-4043 and JH08D-8198 की राजसात की कार्रवाई हेतु प्रस्ताव अनुशंसा के साथ प्राप्त हुआ है।

इस वाद की सुनवाई हेतु आप उपायुक्त, राँची के न्यायालय जो ब्लॉक "A" के दुसरे तल्ले के कमरा संख्या–219 में अवस्थित है में दिनांक–22.09.2023 को समय 10:30 बजे पूर्वाहन् में निर्धारित की गयी है।

अतः आप को निदेशित किया जाता है कि कथित वाद की सुनवाई हेतु उपायुक्त, राँची के न्यायालय में दिनांक 22.09.2023 को 10:30 बजे सभी कागजात/साक्ष्य सहित स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आप कारण पृच्छा (Show cause) दाखिल करें। यदि आप उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होगें तो समझा जायगा कि इस संबध में आपको कुछ नही कहना है, तथा अभिलेख में उपलब्ध कागजात/साक्ष्य के आधार पर कथित वाद को सुनवाई कर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

यह नोटिस पेपर प्रकाशन हेतु उपायुक्त, राँची के निदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

PR.NO.306949 District(23-24):D

प्रभारी उप समाहर्त्ता, विधि शाखा, राँची।

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

मत्स्य कृषकों के लिए आवश्यक सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में विभागीय राज्यादेश संख्या–16 रा० (वि०) दिनांक 24.07.2023 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में "मत्स्य प्रसार–प्रचार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना" अन्तर्गत निम्नांकित तालिका में दिये गये विवरणी के अनुरुप कार्यक्रम का क्रियान्वयन हेतु भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त है।

क्र0	कार्यक्रम	लघु शीर्ष	इकाई	भौतिक लक्ष्य	अनुमान्य इकाई लागत	अनुदान	चयन हेतु अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8
1	निजी क्षेत्र के तालाबों में महाझींगा पालन	101	एकड में	3.00	मो0 160000/– मात्र प्रति एकड़	अ0ज0जा0/अ0जा0/महिला के लिए 80% (मो0 128000/–मात्र अधिकतम) एवं अन्य के लिए 70% (112000/–अधिकतम)	आवेदक सक्रिय मत्स्य पालक हो जिनके पास मछली पालन हेतु उपयुक्त तालाब हो प्रशिक्षण एवं पूर्व से झींगा पालन करने वाले मत्स्य पालक को प्राथमिकता दी जाएगी।
2	पयलट प्रोजेक्ट के रुप में अमूर कार्प /जयंती रोहू/तिलापिया आदि के मत्स्य बीज का संचयन	101	संख्या में	5500	मो0 11000/–	–	आवेदक सक्रिय मत्स्य पालक हो जिनके पास मछली पालन हेतु उपयुक्त तालाब हो प्रशिक्षण एवं पूर्व से अमुर कार्प पालन करने वाले मत्स्य पालक को प्राथमिकता दी जाएगी।
		789	संख्या में	1500	मो0 3000/–		
3	केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट	101	संख्या में	20	मो0 1600/–	केज मत्स्य पालकों के लिए 75 प्रतिशत (अधिकतम 1200रु0) अनुदान होगा। शेष लाभुक अंशदान होगा।	केज मत्स्य पालकों को इस योजना का लाभ दिया जाना है। अतः इस योजना हेतु सिर्फ केज मत्स्य पालकों के आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।
4	पुरस्कार/सम्मान	101	संख्या में	02	मो0 30,000/–	प्रति लाभुक को 30000 रु0 राशि येद होगा।	–

एतद् द्वारा उक्त दिये गये विवरणी के आलोक में दिनांक **30.09.2023 अप0 5:00** बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। ह0/–

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,, गढ़वा

PR 306942 (Fish) 23-24 (D)

खेलकूद : झारखंड अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया उद्घाटन

पहले मैच में चक्रधरपुर और दूसरे मैच में जमशेदपुर की टीम जीती

पहली बार इस तरह का आयोजन किया जा रहा है, यहां के खिलाड़ियों को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए : मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा जिला फुटबाल संघ द्वारा आयोजित झारखंड अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आज दिनांक 14 सितंबर 2023 दिन गुरुवार को स्थानीय रामासाहू उच्च विद्यालय के मैदान में दो मैच आयोजित किये गए। यहाँ प्रथम मैच चाईबासा बनाम चक्रधरपुर के बीच खेला गया, जिसमें चक्रधरपुर की टीम ने 03-01से जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच टीम के शिव शंकर किस्कू को दिया गया। इससे पहले आज का मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड फुटबॉल संघ के प्रदेश अध्यक्ष -सह- पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। दूसरा मैच जमशेदपुर बनाम साहिबगंज के बीच खेला गया, जिसमें जमशेदपुर की टीम 3-0 से विजयी रही। इसके अलावा रंका प्रखंड के उच्च विद्यालय के मैदान में खेले गए रामगढ़ बनाम घाटशिला के मैच में रामगढ़ की टीम में 5-0 से जीत हासिल की। रामगढ़ की टीम ने फर्स्ट हाफ में दो गोल एवं सेकंड हाफ में तीन गोल करके मैच को अपने कब्जे में ले लिया। मैन ऑफ द मैच राजेश टुडू को दिया गया।

आज के मैच के उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि पहली बार इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। यहां के खिलाड़ियों को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में एक अलग उत्साह है। जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रतिदिन मैच आयोजित कराये जा रहे हैं, जहां दर्शकों की काफी भीड़ उमड़ रही है। मैच को देखने के लिए लोग काफी उत्साहित हैं।

इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र पाठक, खेल प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, नेशनल प्लेयर बीएम पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, ऑफिसियल अरविंद कुमार, जगगरनाथ राम, शुशील तिवारी, अजयकांत, रामा शंकर सिंह, किशोर कुणाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न, कुल 18 लोगों के आवेदन पर अनुशंसा

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित हुई। समिति के समक्ष अनुकम्पा पर नियुक्ति के कुल 22 अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें से 19 अभ्यावेदन नौकरी के दौरान मृत कर्मियों के आश्रितों से संबंधित है। और 3 अभ्यावेदन उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों से संबंधित है। समिति के द्वारा समीक्षा के उपरांत नौकरी के दौरान मृत कर्मियों के आश्रितों को नौकरी से संबंधित 19 अभ्यावेदनों में से 15 पर नौकरी देने की अनुशंसा किया गया। साथ ही समिति ने समीक्षा के उपरांत उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के आश्रित को नौकरी से सम्बंधित सभी 3 मामलों में नौकरी देने की अनुशंसा किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, स्थापना उप समाहर्ता समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

52 लोगों को जॉब ऑफर लेटर मिला

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग, लोहरदगा द्वारा एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव सह स्टार एलमुनी कार्यक्रम का आयोजन जिला कौशल कार्यालय, लोहरदगा के परिसर में किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव का शुभारंभ उपविकास आयुक्त जय ज्योति सामंता द्वारा डीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आठ कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में कुल 352 प्रतिभागी ने पंजीकरण कराया जिसमें से 224 लोगों को शॉर्टलिस्ट किया गया। कार्यक्रम में कुल 52 लोगों को जॉब ऑफर लेटर का वितरण किया गया। मौके पर जिला कौशल पदाधिकारी दिनेश भगत, जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, आईटीआई के प्राचार्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस, एमजीएनएफ फेलो अवनीश विद्यार्थी, परियोजना सहायक अखिल केरकेट्टा, यंग प्रोफेशनल श्रम मंत्रालय प्रवीर कुमार गोप तथा विभाग और प्रशिक्षण केंद्रों के लोग शामिल हुए।

तनाव में रह कर हम मंजिल पा ही नहीं सकते, सकारात्मक रहें, विजेता बनें : चौहान

मनिका (लातेहार)(आजाद सिपाही)। मनिका में गुरुवार को राजकीयकृत प्लस टू विद्यालय मनिका और एक्सीलेंस स्कूल मनिका में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें। अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, आपकी व्यक्तित्व की पहचान नहीं। जैसे सड़क के किनारे मील के पत्थर यह बताते हैं कि आप किसी जगह से कितनी दूरी पर हैं। बस इसी तरह अंक बता देता है कि अभी आपको और आगे जानी है या आप कहां खड़े हैं। इसलिए अंक को तनाव के रूप में कभी नहीं लें, कतई नहीं लें। सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में चौहान ने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि कभी भी कोई तनाव से सम्बंधित मामला आए, खुशी क्लास से जरूर संपर्क करें। निःशुल्क हर संभव मदद पहुंचाई जायेगी।

बिजली चोरी मामले में पांच पर प्राथमिकी दर्ज

भंडरा / लोहरदगा (आजाद सिपाही)। बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी दल द्वारा थाने में पांच उपभोक्ताओं के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। बताया जाता है कि पांच उपभोक्ताओं का बिजली का बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन काट दिया गया था। उसके बावजूद भी अवैध रूप से एलटी लाइन में तार जोड़कर घरेलू दुकान परिसर में विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे थे। जिसको लेकर सहायक विद्युत अभियंता मोहमद जीशान ने तेतरपोका के कृष्णा महतो पिता फूलचंद महतो पर 7200 , गंदुर यादव पिता भोगु यादव पर क्षतिपुर्ति राशि 6200 और बकाया 22920 रुपया, रामदयाल यादव पिता भोगु यादव 34 क्षतिपूर्ति 62 सौ जबकि बकाया 21478 रुपया, चरवा उरांव पिता रँथू उरांव पर क्षतिपूर्ति राशि 62 सौ एव बकाया 17979 रुपया और आकाशी निवासी इस्माइल अंसारी पिता सौकत अंसारी पर क्षतिपूर्ति राशि 54 हजार रुपए राजस्व क्षति को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने सभी अभियुक्तों पर भारतीय विधुत अधिनियम के धारा 135/ 137 के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर करवाई मे जुट गयी है।

भादि अमावस्या पर राणी सती दादी जी का महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। गुदरी बाजार स्थित निमार्णाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर में भादि अमावस्या पर राणी सती दादी जी का महोत्सव धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। रानी सती दादी जी का भव्य दरबार सजाया गया और दादी जी को अलौकिक श्रृंगार की करते हुए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया गया। दोपहर 3:00 बजे से 4 घंटे तक समाज की 101 महिलाओं के द्वारा अपने राजस्थानी वेशभूषा पहन कर मंगला पाठ करते हुए दादी जी के मनमोहन भजनें गाएं और दादी जी का दुपट्टा को एक दूसरे को ओढ़ाकर काफी झूमे। मंगला पाठ में शकुंतला राजगढ़िया, ममता बंका, कल्याणी पोद्दार, अनीता पोद्दार, सत्यभामा राजगढ़िया, अनीता पोद्दार, रितु शर्मा आदि लगे हुए हैं।

जहरीले सांप के काटने से 10 वर्षीय बालक की मौत

पेशरार/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड अंतर्गत हेसाग बाड़ी ग्राम में गुरुवार को अहले सुबह में जहरीले सांप के काटने से एक बालक की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक बालक हेसाग बाड़ी निवासी 10 वर्षीय आलोक असुर पिता बसुवा असुर है। वहीं मामले की जानकारी हेसाग पंचायत के मुखिया कुलदीप तिर्की को मिलने के बाद मृतक के घर पहुंचे। जहां आपदा राहत कोष से मिलने वाले चार लाख रुपए की सहायता को लेकर परिजनों को शव का पोस्टमार्टम कराने को लेकर समझाया गया परंतु परिजन नहीं माने और शव को दफन कर दिया।

कृमि दवा खिलाने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण

सेन्हा- लोहरदगा। बाल विकास परियोजना कार्यालय सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं को कृमि दवा खिलाने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक देवेंद्र कुमार कुमार गिरि व मंसूर आलम ने कहा कि कृमि संक्रमण से बच्चो और किशोर किशोरियों का स्वास्थ्य और पोषण प्रभावित होता है। जैसे खून की कमी, कुपोषण, उल्टी, दस्त, वजन में कमी आना जैसे अनेकों बीमारी होता है। स्वास्थ्य के प्रति प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए 20 सितंबर आंगनबाड़ी केंद्र में 1 से 2 वर्ष के बच्चे बच्चियों को कृमि का आधा गोली और 2 से 19 वर्ष तक के किशोर किशोरियों को 1 गोली कृमि का दवा देना है। और अपने निगरानी में खिलाना है।

राष्ट्र की प्रगति में हिंदी का बहुत बड़ा योगदान : हिंदी विभाग

महुआडांड। संत जेवियर महाविद्यालय, महुआडांड में बृहस्पतिवार को हिंदी विभाग की ओर से हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के पावन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ फादर एम के जोस तथा हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष अभय सुकुट डुंगडुंग और सहायक प्राध्यापक तथा प्राध्यापिकाओं ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने स्वागत भाषण और स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा प्राचार्य और सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं को पुष्पगुच्छ देकर सम्मान दिया।

लोहरदगा में विभिन्न नदी घाट का डीएमओ ने किया निरीक्षण

बालू के अवैध कारोबार को रोकने की कवायद शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

जेल की हवा और भारी राशि का लगेगा जुर्माना: राजाराम प्रसाद

जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने कहा कि, स्थानीय नदी घाट से बालू के उठाओ पर पूर्णत प्रतिबंध है। बावजूद, बालू का उठाव करने वाले कथित लोग बाज नहीं आ रहे हैं। अब बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की ठोस रणनीति बनाई गयी है। प्रतिबंधित बालू का उठाओ, भंडारण और परिवहन करने की स्थिति में आरोपी को जेल की हवा और भारी राशि का जुर्माना लगाया जायेगा। किसी हाल पर बालू माफिया अब बक्से नहीं जायेंगे।

लोहरदगा। जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में स्थित विभिन्न नदी घाट से बालू के अवैध खनन व परिवहन रोकने को लेकर जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने गुरुवार की अहले सुबह से दोपहर तक निरीक्षण किया। पुलिस लाइन से उपलब्ध पर्याप्त पुलिस फोर्स के साथ डीएमओ राजाराम प्रसाद ने शंख नदी घाट, कैमो घाट, हरमू घाट, भक्सो घाट, जूरिया घाट, तिगरा घाट समेत अन्य नदी घाट का सघन परिभ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान उपरोक्त किसी भी नदी घाट में बालू का उत्खनन और परिवहन की स्थिति नहीं मिली। निरीक्षण के दौरान घाट के आसपास के ग्रामीणों से भी डीएमओ ने बालू के उत्खनन व परिवहन होने संबंधी जानकारी लिया। संबंधित गांव के ग्रामीणों को नदी घाट से बालू के उत्खनन होने पर सीधा सूचना देने की अपील किया। डीएमओ ने कहा कि, पुलिस व खनन विभाग बालू के अवैध खनन व परिवहन रोकने के लिए गंभीर है। इसमें घाट के आसपास के ग्रामीणों को भी सचेत होकर सूचना देने की जरूरत है। नदी और पर्यावरण संरक्षण के लिए संबंधित घाट क्षेत्र के ग्रामीणों को भी बालू के अवैध कारोबार को रोकने में भागीदारी निभानी होगी। ग्रामीण नदी घाट में बालू लेने पहुंचे ट्रैक्टर को खदेडने का प्रयास करें। सामूहिक प्रयास से बालू के अवैध कारोबारीयों के मंसूबों पर पानी फिरेगी। जिससे नदी और पर्यावरण का संरक्षण होगा।

स्वास्थ्य मेला का लातेहारवासी लाभ लें: बैद्यनाथ राम

आजाद सिपाही सवांददाता

लातेहार। लातेहार प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरूवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने किया। मौके पर संबोधित करते हुए माननीय विधायक ने स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाने की अपील ग्रामीणों से की। श्री राम ने कहा कि सरकार के द्वारा कई स्वास्थ्य योजनायें चलायी जा रही है। इसका लाभ ग्रामीण भरपूर लाभ ले सकते हैं। आगे कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाये बेहतर की जा रही है। अस्पतालों को संसाधन उपलब्ध करा कर उन्हें अपग्रेड किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे पहले प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव ने विधायक को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक श्री राम के अलावा सांसद प्रतिनिधि राजन तिवारी, सिविल सर्जन डा अशोक कुमार, जिप सदस्य विनोद उरांव, प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर डीपीएम वेद प्रकाश, बीएएम सुनील, अंकित, विशाल, दीपक, डा शोभना टोपनो आदि उपस्थित थे।

तेतरियाखांड़ परियोजना में दो लाख टन कोयला की ढुलाई ट्रक से कराने पर अड़े विस्थापित और ट्रक ऑनर

आजाद सिपाही संवाददाता

बालूमाथ। कोल इंडिया सीएमडी के पत्र के आलोक मे लातेहार जिला उपायुक्त के निर्देश पर बालूमाथ अंचल कार्यालय सभागार मे सीओ अफताब आलम की अध्यक्षता सीसीएल की तेतरियाखांड परियोजना महाप्रबंधक, सीसीएल प्रबंधन तथा रैयत विस्थापित प्रभावित समिति के अध्यक्ष गिरधारी यादव, ट्रक ऑनर एसोसीऐशन अध्यक्ष कृष्णा साव, की उपस्थिति में तेतरियाखांड़ परियोजना से बालूमाथ रेलवे साईड़िंग तक हाईवा से कोयला ट्रांसपोर्टिंग को लेकर त्रीपक्षिये बैठक कि गयी। जिसमे विस्थापित प्रभावित समिति और ट्रक ऑनर एसोसीऐशन अध्यक्ष कृष्णा साव के हाईवा का विरोध करते हुऐ कहा की सीसीएल द्वारा संचालित राजहरा एरिया अंतर्गत बालूमाथ प्रखंड स्थित तेतरियाखांड़ कोलियरी में दो लाख टन कोयला की ढुलाई हाईवा से न कराया जाये। ऐसा होने से लोकल भू-रैयत विस्थापित प्रभावित के ट्रक, लोडर बेरोजगार युवा जो रोड सेल में लिफ्टिंग का कार्य करते हैं, उन पर काफी बुरा पड़ेगा। फाइनेंस में किस्त नहीं जाने के कारण गाड़ी खींचे जाने के कगार पर है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बालूमाथ सीओ अफताब आलम, राजहरा एरिया महाप्रबंधक कमल किशोर मांझी तेतरियाखांड़ पदाधिकारी के एल यादव से अनुरोध करते हुए कहा है कि दो लाख टन कोयले की ढुलाई रोड सेल के माध्यम से करायी जाये। ज्ञात हो कि उक्त मांग विस्थापित प्रभावित समिति, ट्रक ऑनर एसोसीऐशन ने करीब दो बर्षो से की जा रही है। पर सीसीएल की अड़ीयल रवैये ने लगातार तील का ताड़ किये जाने से अब तक मामला बिगड़ता चला आ रहा है। नतिजा आज की त्रिपक्षिय बैठक में भी फलाफल शून्य रहा। मौके पर महाप्रबंधक कमल किशोर मांझी, मैनेजर विनोद कुमार, सेल्स मैनेजर राजेश कुमार बेहरा, रैयत विस्थापित प्रभावित समिति के अध्यक्ष गिरधारी यादव, ट्रक ऑनर एसोसीऐशन अध्यक्ष कृष्णा साव राजू, मनोज, प्रदीप, गंगेश्वर यादव, संतोष यादव, काली यादव, सुनिल पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

हिंदी भाषा का उपयोग विज्ञान के क्षेत्र में भी किया जाये: डीसी

हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, डीसी ने कहा, ज्यादा से ज्यादा भाषा सीखें युवा

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि कला, संस्कृति, साहित्य के क्षेत्र में हिंदी का बहुत अच्छा उपयोग हुआ है लेकिन हिंदी का इस्तेमाल विज्ञान के क्षेत्र में नहीं होता है। वैज्ञानिक कार्यों, खोज आदि में भी हिंदी भाषा का उपयोग हो। इसमें आज के युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। अगर आज की युवा-पीढ़ी चाहे तो इसमें क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। उक्त बातें उपायुक्त, लोहरदगा ने आज गुरूवार को हिंदी दिवस के मौके पर नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही।

हिंदी के माध्यम से ही राष्ट्रपिता ने राष्ट्रवाद का जोश भरा : हरिश बिन जमाँ: पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमाँ ने कार्यक्रम में कहा कि हिंदी का उपयोग अलग-अलग समय में अलग-अलग तरीके से हुआ है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने आंदोलन में हिंदी के माध्यम से ही राष्ट्रवाद का जोश भरा।

लोहरदगा चेंबर के सदस्यों ने एसपी हारिश बिन जमां से की मुलाकात, दी बधाई

सांप्रदायिक सौहार्द्र तथा लॉ एंड आर्डर बनाये रखना मेरी प्राथमिकता : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। नवनियुक्त पुलिस कप्तान हारिश बीन जमां से लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल एफजेसीसीआई के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार महतो तथा लोहरदगा चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार के संयुक्त अगुवाई में औपचारिक मुलाकात में बुके देकर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल में चैंबर उपाध्यक्ष धनंजय प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, दीपक सर्राफ, राजीव रंजन लोकेश प्रसाद, उत्तम शर्मा, गुप्तेश्वर प्रसाद शामिल थे। मुलाकात के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप अपनी व्यापार निर्भीकता से करें, हम सभी अपराध के खिलाफ त्वरित कार्रवाई हेतु कृत संकल्प हैं। लॉ एंड आर्डर को स्थापित कर आपलोगों के साथ जिला मिलकर चलाने हेतु मैं व्यक्तिगत रूप से 24 घंटा सातो दिन उपलब्ध हूँ। जिला के सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की गलत मनसा रखने वालों से पुलिस पूरी सख्ती से निपटेगी। इस बीच बातचीत के दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश महतो ट्रैफिक व्यवस्था का मुद्दा उठाएं तथा बिना हेलमेट मोटर साईकल चलाने के कारण आये दिन हो रहे दुर्घटनाओं पर चर्चा हुई। जिसपर मिलकर काम करने का प्रस्ताव चैंबर ने रखा तथा सलाह दिये कि नियम तोड़ने वालों को फाइन या सजा देने की जगह उनको लागत दर पर स्पॉट में हीं हेलमेट उपलब्ध करवाया जाय। वहीं पुलिस अधीक्षक महोदय ने ट्रैफिक व्यवस्था को बनाये रखने हेतू समय समय पर जागरूकता अभियान चलाये जाने पर जोर दिये।

अंजुमन इस्लामिया ने एसपी हारिस बिन जमां से मिल कर दी मुबारकबाद

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के पदाधिकारियों ने गुरुवार को अंजुमन इस्लामियां के सदर हाजी अफसर कुरैशी के नेतृत्व में तत्कालीन एसपी तथा निवर्तमान एसपी से मुलाकात कर दोनों को भविष्य की मुबारकबाद दी। अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने कहा के तत्कालीन एसपी आर रामकुमार से मुलाकात के दौरान उनके द्वारा लोहरदगा जिला में अमन व शांति स्थापित करने के लिए किये गये उत्कृष्ट कार्यो के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य के लिए उन्हें मुबारकबाद दी गयी। प्रतिनिधिमंडल में अंजुमन इस्लामिया के सेक्रेटरी सफदर आलम, उप सेक्रेटरी मुजम्मिल अंसारी, उप सदर नेहाल कुरैशी व मुन्ना कुरैशी आदि शामिल थे।

आकांक्षी प्रखंड विकास कार्यक्रम के तहत स्ट्रेटजी निर्माण को लेकर हुई बैठक

किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। नीति आयोग के द्वारा चिन्हित आकांक्षी प्रखंड किस्को में सभी विभाग के साथ संयुक्त रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी बुड़ायं सारू की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें पिरामल टीम से एकराम खां और बीपीएम चंद्रकिशोर मानकी के सांझा प्रयास से सभी विभागों के मुख्य के साथ मिलकर प्रखंड विकास कार्यक्रम के तहत इंडिकेटर के अनुसार अगले एक साल में चुनौतियां को को दूर करने तथा उसमें विकास के लिए अपने-अपने विभाग की रणनीति बनाई गई। जिसमें अपने स्ट्रैंथ, वीकनेस, अपॉर्चुनिटी और थ्रेट्स को पहचान कर उस पर कार्य करने का एक लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में पिरामल फाऊंडेशन से एकराम, अजय, शिवानी, कृषि विभाग से विवेक, चिंतामणी, मालती, रोसा, सविता, सीडीपीओ, उदय, श्याम प्रजापति, देवदारिया मुखिया कामिल टोपनो, नवाडीह मुखिया मीना कुमारी तथा सभी पंचायत सचिव, जन सेवक व अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

कुडू में अंचल अधिकारी के खिलाफ आदिवासी समाज ने विरोध-प्रदर्शन किया

कुडू(आजाद सिपाही)। कुडू प्रखंड अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के खिलाफ कुडू में प्रभातफेरी निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रखंड मुख्यालय से शुरू होकर मस्जिद मोड, न्यू बस स्टैंड कुरु, इंदिरा गांधी चौक कुडू तथा फिर ब्लॉक मुख्यालय आया। इसमें मुख्य रूप से आदिवासी समाज के जमीन को दलालों के माध्यम से हेरा फेरी करने तथा किसी दूसरे जमीन को किसी दूसरे के नाम से चढ़वा देने का विरोध किया गया तथा प्रभात फेरी के माध्यम से सभी लोगों ने अंचल अधिकारी के खिलाफ अंचल अधिकारी होश में आओ आपकी मनमानी नहीं चलेगी जमीन दलाली करना बंद करो आदि बुलंद नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें आदिवासी छात्र संघ अवधेश, उरांव जतरू उरांव, मदन यादव, तथा और भी काफी क्षेत्र के युवा महिला बुजुर्ग सभी लोगों ने मिलकर एक साथ नारा भी लगाया।

बीडीओ ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण को बचाने की दिलायी शपथ

बरवाडीह(आजाद सिपाही)। पर्यावरण की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए गुरुवार को बरवाडीह प्रखण्ड विकास अधिकारी राकेश सहाय व अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद गुप्ता ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में पौधा रोपन करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए किये जाने वाले कार्यक्रमो में पूर्ण रूप से हिस्सेदारी करने की बात कही। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि आज कल हम सब लोग एसी व कूलर, पंखों का प्रयोग कर आधुनिकता की ओर भाग रहे है, किंतु हम सब को ये भी समझने की जरूरत है कि इन सभी के प्रयोग से पर्यावरण में प्रदूषण बढ़ रहा है, जो भविष्य के लिए नुकसान देह है, जब कि हम सभी को पर्यावरण की सुरक्षा हेतु वृक्षों को लगाना चाहिए और उनकी पूर्ण देख रेख और सुरक्षा करनी चाहिए। वही मोके पर राजस्व कर्मचारी सुरेश राम, मनोज, अरुण कुमार समेत पंचायत सेवक मौजूद रहे।

सुराज मजदूर ट्रेड यूनियन के माध्यम से श्रमिक जागरूकता अभियान का चौथा पड़ाव

कैरो(आजाद सिपाही)। कैरो प्रखंड में रखा गया आज जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के जितने भी मजदूर एकत्रित हुए सभी को श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग का लाभकारी योजनाओं को विस्तार से बताया गया और साथ में पशुपालन विभाग के पदाधिकारी लोहरदगा जिला के आये और विस्तार रूप से जानकारी दिए ताकि कोई भी लाभकारी योजना वंचित न रहे इसके लिए हर संभव स्वराज मजदूर ट्रेड यूनियन प्रयास किया जा रहा है और जितने भी पदाधिकारी आए सभी सरकार से सभी योजनाओं के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दिए आज के इस बैठक में सुराज मजदूर ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष विनोद भगत जिला पशुपालन पदाधिकारी अनूप कुमार डॉ विनय कुमार मनोज कुमार अनिल कुमार सुखदेव सूरज मधुर ट्रेड यूनियन के कोषाध्यक्ष सीता कुमारी, रामप्रसाद यादव जिला पशुपालन विभाग लोहरदगा के टीम सहित आज के बैठक में उपस्थित थे।

कंचननगरी, तिलैयाटांड़ सड़क पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील

चंदवा(आजाद सिपाही)। चंदवा गांव और शहर के विकास के लिए सड़क की अहम भूमिका होती है। एक तरफ सरकार गांवों और शहरों में चमचमाती सड़क बनाने की बात करती है, तो वहीं चंदवा शहर से सटे तिलईयाटांड जाने वाला मार्ग पिछले कई वर्षों से दयनीय हाल सरकारी दावे को उल्टे साबित कर रही है। प्रखंड के कई सड़क रख-रखाव व मरम्मत के अभाव में दम तोड़ चुकी है। स्थानीय लोगों की ओर से बार-बार प्रशासन से सड़क की मरम्मत कराने की मांग भी की जाती है लेकिन, आज तक सिर्फ आश्वासन के शिवाय कुछ नहीं मिला।

विशुनपुर विधायक की पहल पर लगा ट्रांसफार्मर

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बरही केरा टोली में बिगत करीब 4 माह से ट्रांसफार्मर जला हुआ था। जिससे ग्रामीण अंधेरा में रहने को मजबूर थे। विधायक की पहल से बिजली विभाग द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। वही ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव व पाहन पतिराम उराँव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

जर्जर बाजार शेड का जीर्णोद्धार कराना हमारी पहली प्राथमिकता : संतोषी शेखर

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह बाजार और बस स्टेंड के व्यवसायियों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु गुरुवार को बरवाडीह व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने अपने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बरवाडीह जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर और बीडीओ राकेश सहाय से मुलाकात करते हुए उन्हें समस्याओं से अवगत कराया और जल्द से जल्द समस्याओं के निराकरण हेतु एक मांगपत्र सौंपने का काम किया। मांग पत्र के माध्यम से नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक राज ने बताया कि लगभग एक दशक से पूरी तरह से जर्जर हो चुके बाजार शेड का नव निर्माण या जीर्णोद्धार कराने की अत्यंत आवश्यकता है, क्योंकि दुकानदार अपनी जान जोखिम में डालकर शेड के नीचे दुकान लगाते है। ज्ञापन सौंपने के दौरान महासचिव रवि कु गुप्ता पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद, कृष्णा कसेरा, हसीब अहमद, दिप्लेश सिंह, सोनू सरदार, स्वरीत, रिक्की, राजेश, राहुल समेत समिति के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

गुमला जिले के नये एसपी ने चैनपुर, बसिया और पालकोट थाने का किया निरीक्षण

गुमला (आजाद सिपाही)। जिले के नये एसपी हरविंदर सिंह ने गुरुवार को चैनपुर, बसिया एवं पालकोट थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना भवन सहित थाना परिसर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं उन्होंने चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, बसिया थाना प्रभारी छोटू उरांव एवं पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा से क्षेत्र की वस्तु स्थिति एवं अन्य गतिविधियों से संबंधित जरूरी जानकारी ली। उन्होंने थाना के सभी पंजी का निरीक्षण किया व लंबित कांडों का जल्द निष्पादन सहित कई अन्य महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के मौके पर चैनपुर में थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, एसआई राजेश कुमार, एसआई मुकेश कुमार, एएसआई मदन शर्मा, मानिक मार्डी, बसिया में एसडीपीओ विकास आनंद लांगुरी, सर्कल इंस्पेक्टर एसएन मंडल, थाना प्रभारी छोटू उरांव एवं पालकोट में थाना प्रभारी अनिल लिंडा सहित पुलिस बल के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

हिंदी दिवस पर नगर भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में हिंदी दिवस पर विद्यार्थियों ने अपने विचार रखते हुए कविता पाठ प्रस्तुत किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीडीसी हेमंत सती, अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन, जिला शिक्षा अधीक्षक मोहम्मद वसीम आलम, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनील शेखर कुजुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर संत इग्नेसियस उच्च विद्यालय गुमला, नेट्रोडेम स्कूल, एस एस प्लस टू विद्यालय, डीएवी स्कूल, उसुर्लाइन इंटर कॉलेज, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने हिंदी दिवस पर निबंध और कविता पाठ की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्राएं व शिक्षक गण उपस्थित थे।

चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने की नगर परिषद के कार्यपालक अभियंता से मुलाकात

गुमला (आजाद सिपाही)। चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि मंडल ने नगर परिषद के कार्यपालक अभियंता से मुलाकात की।प्रतिनिधि मंडलका नेतृत्व चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा कर रहे थे। और गुमला नगर संबंधी कई बिदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि चेंबर की परंपरा रही है कि नगर परिषद के साथ समन्वय बनाकर नागरहित में काम किया जाए। और आगे भी करते रहेंगे। चेम्बर अध्यक्ष ने कार्यपालक अभियंता के समक्ष अपनी कुछ मांगों को रखते हुए कहा कि पुराना नगर परिषद के परिसर में जो गाड़ियां खड़ी हैं उसे हटवा दिया जाए वहां पर दुकानदारी प्रभावित हो रही है। मेन रोड से डीएसपी रोड को जाने वाले मार्ग एसएस हाई स्कूल रोड को कालीकरण करवाया जाए। अध्यक्ष के द्वारा यह भी मांगराखी गई कि त्योहारों को देखते हुए व्यापारी अपना सामान दुकान के सामने जो नाली के पास रखते है इसपर छूट दी जाय। इस पर कार्यपालक अभियंता द्वारा यह सहमति बनी के 16 से 19 सितंबर तक इसे अतिक्रमण नहीं माना जाएगा इसमे छूट रहेगी। चेम्बर अध्यक्ष के साथ कार्यपालक अभियंता की सहमति बनी के बहुत जल्द अगली बैठक होगी इसमे गुमला नगर को कैसे स्वच्छ सुंदर बनाया जाए और प्राथमिकता के आधार पर कौन-कौन सड़कों का निर्माण करवाना है इस पर विस्तार से चर्चा होगी। चेंबर के प्रतिनिधि मंडल में चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा डीके के साथ पूर्व अध्यक्ष शशि प्रिया बंटी, हिमांशू केसरी, सचिव बबलू वर्मा, कार्यकारणी के ब्रिज फोगला व राहुल केशरी, आदि शामिल थे ।

बिशुनपुर प्रखंड जन वितरण प्रणाली संघ नयी कमेटी का गठन, अध्यक्ष रोजलीन और सचिव बने रवींद्र उरांव

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। बिशुनपुर प्रखंड जन वितरण प्रणाली संघ की बैठक गुरुवार को मुख्यालय स्थित गोदाम परिसर में आयोजित की गई। जहां मुख्य रूप से डीलरों को हो रही परेशानी पर विस्तृत चर्चा किया गया। वहीं सर्व समिति से पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष रोजलीन तिर्की सचिव रवींद्र उरांव कोषाध्यक्ष मोहम्मद छोटू अंसारी उपाध्यक्ष सुखराम भगत को मनोनीत किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में इंदु देवी रामसेवक साहू यूनुस अली हरिचरण प्रसाद साहू सुमित्रा देवी सुमंती देवी सुधीर भगत रामलाल भगत किशुन खेरवार महेश्वर भगत किरण देवी आदि को रखा गया है। इस मौके पर कई जन वितरण प्रणाली के दुकानदार उपस्थित थे।

कार्यक्रम : कई गांवों में कृषि विज्ञान केंद्र ने करायी किसान संगोष्ठी

किसानों की समृद्धि से ही होगा देश समृद्ध : डॉ संजय कुमार

सांसद सुदर्शन भगत, विधायक चमरा लिंडा एवं भूषण तिर्की के अंगीकृत गांव सिरसी डूंमरी, चटकपुर बिशनपुर एवं कॉटगशेरा गुमला में कृषक संगोष्ठी का किया गया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर के द्वारा सांसद सुदर्शन भगत, विधायक चमरा लिंडा एवं भूषण तिर्की के द्वारा अंगीकृत गांव में सिरसी डूंमरी, चटकपुर बिशनपुर एवं कॉटगशेरा गुमला में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में डॉक्टर संजय कुमार ने किसानों को बताया कि हमें गेहूं के उत्पादन पर कम ध्यान करना चाहिए, क्योंकि गेहूं में पानी की आवश्यकता ज्यादा पड़ती है। बल्कि इसकी जगह पर हमको सरसों की खेती एवं दलहनी खेती को ज्यादा बढ़ावा देने की आवश्यकता है, क्योंकि इसमें पानी की आवश्यकता कम होती है। साथ ही साथ बाजार मूल्य अधिक होने के कारण इसकी मांग भी अधिक रहती है। इस कार्यक्रम में डॉक्टर निशा तिवारी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पोषणयुक्त भोजन बच्चों को देना चाहिए। साथ ही साथ उन्होंने मोटे अनाज के द्वारा बनने वाले विभिन्न प्रकार के व्यंजन पर विस्तृत जानकारी दी एवं उन्होंने पोषण वाटिका के महत्व को भी बतलाया। कृषक संगोष्ठी के अंतर्गत डॉ विनोद ने किसानों को बताया कि आने वाले समय में जानवरों को रोग से बचाने के लिए टीकाकरण बहुत जरूरी है। साथ ही साथ उन्होंने चारा उत्पादन के विषय में भी जानकारी दी। संगोष्ठी के अंतर्गत अजीत कुमार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि हमें दलहनी एवं तिलहनी फसलों पर विशेष ध्यान देना चाहिए. क्योंकि इसमें फसल उत्पादन लागत काफी कम होती है और मुनाफा ज्यादा होता है। साथ ही साथ इस कार्यक्रम में इंद्र प्रताप पांडे एवं मृत्युंजय कुमार सिंह के द्वारा किसानों को रबी फसलों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई है। इस किसान गोष्ठी के अंतर्गत 225 किसानों ने भाग लिया।

झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा गुमला जिला की बैठक में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन का निर्णय

झारखंड निर्माण के बाद सभी पार्टियों ने आदिवासी, मूलवासियों को छलने का काम किया है : सुनील भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई । सिसई प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को झारखण्ड आंदोलनकारी मोर्चा गुमला जिला की बैठक जिला अध्यक्ष सुनील कुमार भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड अलग राज्य के लिए किये गये आंदोलन के उद्देश्य और सच्चे आंदोलनकारियो की दशा पर चर्चा की गयी। वहीं आंदोलनकारियों ने सभी प्रखंड सहित जिला में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध आक्रामक आंदोलन करने का बैठक में बिगुल फूंका है। सुनील कुमार भगत ने कहा कि जिस सोच और सपना के साथ लोगों ने बढ़-चढ़कर झारखण्ड अलग राज्य की मांग को लेकर आंदोलन किया था, वह आज पूरा होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। झारखंड निर्माण के बाद सभी पार्टियों ने यहां राज किया। आंदोलनकारी, आदिवासी, मूलवासियों को छलने का काम किया है। सभा को पीसी बड़ाईक, जोहन एक्का एवं सीता देवी सुजीत टेट, डॉ जिनिद गुड़िया, रतिया इंदवार, अजित विश्वकर्मा, जैतून टोपो, आलिम खान सहित कई लोगो ने संबोधित किया। सभी ने वक्ताओं ने कहा कि आंदोलनकारियों ने झारखण्ड और झारखंडियों को उज्जवल भविष्य की खातिर आंदोलन किया था, पर आज सत्तासीन होते ही सभी पार्टी झारखंडी जनमानस की समस्या को भूलकर सत्ता सुख भोगने में लगी हुई है। सभा में सभी आंदोलनकारियों ने पुनः एक बार भ्रष्टाचार और आंदोलनकारी चिन्हितिकरण के लिए आंदोलन करने की बात कही। मौके पर जोसेफ आभाष मिंज, अमित बघवार, अल्फ्रेड आइंद, राजकिशोर भगत, पुष्पा देवी सहित बसिया, भरनो कामडारा, सिसई, बिशनपुर सहित पूरे जिले के आंदोलनकारी उपस्थित थे।

जिप अध्यक्ष ने नये बीडीओ से शिष्टाचार भेंट कर किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई । जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा गुरुवार को बीडीओ रमेश कुमार यादव से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान किरण ने रमेश कुमार यादव को गुलदस्ता देकर सिसई बीडीओ के रुप मे स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

वहीं प्रमुख मीना देवी के नेतृत्व में पंचायत समिति सदस्यों ने भी बीडीओ से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया एवं शुभकामनायें दीं।

धारदार हथियार से महिला की हत्या

कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना से करीब 13 किलोमीटर की दूरी पर ओरमेंजा गांव में एक महिला दुखनी तोपनो (55), पति स्व. लगन तोपनो की अपने घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर खेत में अज्ञात अपराधी द्वारा धारदार हथियार से मारकर रात करीब 9 बजे हत्या कर दी गयी। मृतका का विवाह करीब 30 वर्ष पहले हुआ था। पति के छोड़ देने के कारण मायके में ही अपने भाई के पास रहती थी। पुलिस ने गुरुवार को शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। पुलिस हत्या के संबंध में ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है।

दस मवेशियों से लदा पिकअप वाहन जब्त

सिसई (आजाद सिपाही)। गुप्त सूचना पर सिसई पुलिस ने नागफेनी के समीप से बुधवार की रात्रि को 10 मवेशी सहित एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। इस बावत एसआई मीनकेतन कुमार ने बताया इंस्पेक्टर एसएन मंडल व थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी को गुमला की ओर से नं. जेएच 01ई एच 2078 पिकअप से तस्करी के लिए पशु ले जाने की सूचना पर नागफेनी के पास वाहन की जांच के दौरान एक पिकअप पुलिस को देखते ही पिकअप तेजी से भाग रहा था, विपरीत दिशा से आ रहे जेएच 01वाई 8055 से टकराते हुए डिभाइडर टकरा गया। चालक व अन्य वाहन छोड़कर फरार हो गए।

प्रेस कांफ्रेंस : छात्र संगठनों के नेताओं ने कार्तिक उरांव कॉलेज के वर्सर और प्राचार्य पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, कहा

कॉलेज में बड़े पैमाने पर सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया गया, जांच होनी चाहिए

तत्कालीन जन सूचना पदाधिकारी ने आरटीआई के जवाब में गलत सूचना देकर की भ्रष्टाचार पर परदा डालने की कोशिश

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिला छात्र संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सभी छात्र संगठनों के द्वारा गुमला परिसदन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र संगठनों के छात्र नेता मौजूद रहे। प्रेस वार्ता में छात्र नेताओं ने बताया कि कॉलेज के वर्सर और प्राचार्य के द्वारा सरकारी पैसे का दुरूपयोग और भ्रष्टाचार किया गया। तत्कालीन जन सूचना पदाधिकारी सीमा कुमारी के आरटीआई के जवाब में गलत सूचना देकर भ्रष्टाचार पर परदा डालने की कोशिश की गई। सत्र 2020 -2021 महाविद्यालय के अधियाचना पर रांची अधिविध परिषद रांची झारखंड के द्वारा दिनांक 13 मार्च 2021 को कुल 42 लाख 24 हजार रु. महाविद्यालय के बैंक खाता से शर्तों के अधीन राशि विमुक्ति की स्वीकृति दी गई थी। लेकिन कॉलेज के शिक्षकों को बिना वेतन के भुगतान किए राशि की उपयोगिता दिखा कर अगले सत्र 2021-2022 के लिए कुल 47 लाख, 52 हजार की मांग कर ली गई।

शिक्षकों को कोरोना काल में क्लास नहीं लिए जाने का हवाला देकर उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया जबकि जैक के द्वारा महाविद्यालय को राशि का आवंटन कर दिया गया था और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा दिनांक 20 मार्च 2020 को पत्र जारी किया गया था जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था की कोरोना काल में उन्हें ऑन ड्यूटी माना जायेगा।

कॉलेज में अनावश्यक रूप से कर्मचारियों की नियुक्ति की गई जो व्यक्ति कॉलेज में कार्यरत नहीं उन्हें भी कर्मचारी की सूची में रख कर उक्त खाता से भुगतान किया गया। बीसीए के प्रोफेसर अमित कुमार को इंटर में कंप्यूटर ओपरेटर का थर्ड ग्रेड कर्मचारी की सूची में डाल कर दोहरा लाभ दिया गया। अलग-अलग आरटीआई के जवाब में कॉलेज की तत्कालीन जन सूचना पदाधिकारी डॉ सीमा के द्वारा गलत जानकारी आरटीआई आवेदक को उपलब्ध कराई गई और भ्रम में रखा गया। एक आरटीआई के जवाब में बताया गया कि वैतनिक, अवैतनिक, संविदा आधारित, तृतीय एवं चतुर्थ ग्रेड कर्मचारी की नियुक्ति कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। जबकि एक आरटीआई के जवाब में कहा कि खाता ए 2 अकाउंट में राशि की उपलब्धता की देखते हुए प्राचार्य के द्वारा राज्य सरकार के आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए शिक्षक व कर्मियों को कार्य में रखा जा सकता है और अनावश्यक रूप से कर्मचारियों की नियुक्ति कर वेतनमान दिया गया। एक आरटीआई के जवाब में तत्कालीन जन सूचना पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सत्र 2022 से इंटर में नामांकन बंद है इसलिए वर्तमान में कोई भी कर्मचारी नहीं है। जबकि इंटर में कार्यरत कर्मचारियों को 2023 के मार्च तक वेतन का भुगतान किया गया। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड सरकार के द्वारा राज्य के सभी अंगीभूत कॉलेज में इंटर की पढ़ाई को जारी रखने के आदेश के बावजूद कॉलेज के उक्त पदाधिकारियों के द्वारा भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिये सरकार के आदेश की अवहेलना की गयी और कॉलेज में फण्ड की कमी का हवाला देते हुए इंटर की पढ़ाई बंद कर जिले के छात्रों के भविष्य के साथ खेला गया। साथ ही इंटर के शिक्षकों और कर्मचारियों का रोजगार छीन लिया गया। छात्र नेताओं ने बताया कि कॉलेज में बड़े पैमाने पर उक्त अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी पैसे का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार किया गया जो जांच का विषय है। यदि इसमें त्वरित जांच होती है तो और भी कई तरह के हुए भ्रष्टाचार से पर्दा उठ सकता है। छात्रों ने बताया कि पूरी जानकारी से उपायुक्त गुमला को अवगत कराया जाएगा और मांग की जाएगी की कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में हुए भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच हो। भ्रष्टाचार में संलिप्त सभी पर विधिपूर्वक कारवाई हो। इंटर के कार्यरत शिक्षकों के कोरोना काल के समय का वेतन का भुगतान हो तथा राज्य सरकार के द्वारा इंटर की पढ़ाई जारी रखने के आदेश को कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में लागू कराते हुए इंटर की पढ़ाई को शुरू करायी जाए। मौके पर जिला छात्र संघर्ष मोर्चा के रोहित भगत, कुणाल शर्मा, अनिल साहू, सुबोध उरांव, राजू उरांव, भूषण उरांव, शानू कुमार, पंकज साहू उपस्थित रहे।

महत्वपूर्ण न्यूज

ग्रामसभा में कोचा गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने का लिया गया संकल्प

सिसई (आजाद सिपाही)। सिसई प्रखंड के घाघरा पंचायत अंतर्गत कोचा गांव में मुखिया, वार्ड सदस्य, आमंत्रित एलजीएसएस संस्था के प्रतिनिधि की उपस्थिति में ग्राम प्रधान करिंदर पहान की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया और गांव में बाल मजदूर, बाल व्यापार, बाल यौन शोषण पर रोकथाम और शत प्रतिशत बच्चों का स्कूल में नामांकन कराने, नाबालिग बच्चों से मजदूरी नहीं कराने, लड़की की शादी 18 वर्ष, लड़के की शादी 21 वर्ष से पहले नहीं करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। ग्राम प्रधान द्वारा उपर्युक्त नियमों का अनुपालन करने और नियम तोड़ने वालों पर भारतीय संविधान के तहत कार्रवाई करने के साथ कोचा गांव को बाल विवाह मुक्त ग्राम घोषित किया गया। मौके पर मुखिया इंद्रपाल भगत, ग्राम प्रधान करिंदर पाहन, वार्ड सदस्य लिलमुनी उरांव, लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान गुमला के जिला समन्वयक मिथलेश पांडेय, क्षेत्रीय कार्यकर्ता विक्रम ओहदार, सरस्वती उरांव सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

घाघरा में भाजपा की 19 सितंबर की संकल्प यात्रा स्थगित, अब 8 अक्टूबर को होगी

घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा स्थित चांदनी चौक हाई स्कूल के मैदान में होने वाली भारतीय जनता पार्टी की संकल्प यात्रा अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गयी। उक्त आशय की जानकारी पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने घाघरा भाजपा कार्यालय में गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया भाजपा की संकल्प यात्रा 19 सितंबर को घाघरा चांदनी चौक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का कार्यक्रम होना तय हुआ था। जिसके बाद उन्हें केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में भेजा जा रहा है। इसीलिए उक्त संकल्प यात्रा कार्यक्रम आगामी 8 अक्टूबर को घाघरा हाई स्कूल मैदान में किया जायेगा। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल होंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, भिखारी भगत, कुमार रवि, रामनंदन साहू, श्याम किशोर पाठक, आशीष सोनी, तिम्बू उरांव, बिपिन बिहारी सिंह, गोपाल गोप, निमाज खान, सलावन्ति देवी, अलका देवी व सीमा देवी सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

बसिया मंडल भाजपा ने शहीद संतोष गोप के गांव में चलाया मेरी माटी, मेरा देश अभियान

बसिया (आजाद सिपाही)। भाजपा द्वारा आयोजित मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत बसिया भाजपा मंडल द्वारा गुरुवार को शहीद संतोष गोप के गांव टेंगरा में शहीद के पिता जीतू गोप के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष बिजय सिंह को गांव की मिट्टी उठाकर सौंपी गई। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में भारत ने अपनी आजादी का अमृत महोत्सव पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ आयोजित किया है। यह हम सब का सौभाग्य है कि आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में हम सबको नए भारत का दर्शन हो रहा है। प्रधानमंत्री ने नए भारत की 140 करोड़ की आबादी को आगामी 25 वर्ष की एक विस्तृत कार्य योजना के साथ आगे बढ़ने का एक अवसर दिया है। मौके पर अमर पाण्डे, बैजू गोप सहित परिजन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

बिशुनपुर के मजदूर का रास सांसद के सहयोग से परिजनों ने आंध्रप्रदेश जाकर किया दाह संस्कार

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चीपरी गांव के मजदूर सोमा उर्फ उमेश उरांव की मौत आंध्र प्रदेश में होने के उपरांत पत्नी की मांग पर राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने तत्काल निजी खर्च से परिजनों का टिकट कराकर आंध्र प्रदेश भेजा। साथ ही मृतक के बॉडी का पोस्टमार्टम उपरांत अपने कार्यकर्ताओं के सहयोग से आंध्र प्रदेश में ही मृतक का दाह संस्कार करा दिया गया। इधर मृतक की पत्नी जगमुनी देवी ने बताया कि 11 सितंबर को गांव के ही अपने अन्य साथी के साथ काम करने के लिए वे आंध्र प्रदेश जा रहे थे, इसी क्रम में चुन्नी रेलवे स्टेशन में अपने साथियों से बिछड़ गए और लाइन से गुजरने वाली ट्रेन से कटकर उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राज्यसभा सांसद समीर उरांव के सहयोग से मैं और मेरा बेटा आंध्र प्रदेश पहुंचे बॉडी घर लाने की स्थिति में नहीं होने के कारण पुनः बॉडी का दाह संस्कार आंध्र प्रदेश में ही करने के लिए संसद से गुहार लगायी। जिस पर उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को भेजकर दाह संस्कार में सहयोग किया। साथ ही रेलवे विभाग से पीड़ित परिवारों को मिलने वाला मुआवजा दिलाने की बात कही।

मयूरी ट्रस्ट और नेहरू युवा केंद्र ने राजकीय कृत मध्य विद्यालय में हिंदी दिवस मनाया

गुमला (आजाद सिपाही)। मयूरी ट्रस्ट एवं नेहरू युवा केंद्र के द्वारा राजकीय कृत मध्य विद्यालय तिगरा में हिन्दी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी ओम प्रकाश दास ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी देश की मातृभाषा है और यह भारत देश का गौरव है। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक कमल उरांव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व हिंदी दिवस है। मयूरी ट्रस्ट के निदेशक बसंत कुमार गुप्ता ने स्वागत भाषण में कहा कि हिंदी देश की मातृभाषा है और इसे बढ़ावा देना हम सबों का दायित्व है। इस अवसर पर मयूरी ट्रस्ट के सचिव चैताली सेन गुप्ता के द्वारा हिंदी भाषा साहित्य पर चर्चा करते हुए हिंदी भाषा को बढ़ावा देने और लोगों को भी हिंदी भाषा के प्रयोग के लिए उत्प्रेरित किया गया। इसके साथ ही हिंदी दिवस के अवसर पर कविता एवं कहानी भी मयूरी ट्रस्ट के सचिव चैताली सेनगुप्ता के द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल उरांव तथा संचालन चैताली सेन गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विशुन साहू, संयोजिका अनीता देवी, सहायक शिक्षक मो नसीम अख्तर,विरसई उरांव कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए हिंदी भाषा साहित्य के विकास के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करने की अपील की गई। स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा कविता कहानी एवं गीत संगीत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिमा कुमारी, सुमन उरांव, चंद्रमणि कुमारी, रेखा उरांव, निशा कुमारी, सुलेखा कुमारी, सविता कुमारी, नीलिमा उरांव, सीजन उरांव आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अवैध बालू खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर डीएमओ ने की कार्रवाई

नियमों को नहीं मानने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई: डीएमओ

- 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू खनन पर है रोक
- सतबरवा में अवैध बालू ले जाने वाले जप्त ट्रैक्टर के मालिक, चालक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज करवायी प्राथमिकी
- अवैध बालू खनन, परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों को चिह्नित कर कार्रवाई का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी शशि रंजन की ओद से दिए गये निर्देश के आलोक में जिले में अवैध बालू खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार की अगुवाई में कार्रवाई की गई। डीएमओ ने गुरुवार को सतबरवा थाने में अवैध बालू के साथ जब्त ट्रैक्टर के चालक, मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी। लगे हाथ संलिप्त व्यक्तियों पर अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है।

जब्त ट्रैक्टर।

12 को अनुमंडल पदाधिकारी ने जब्त किया था अवैध बालू समेत ट्रैक्टर

पलामू जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर डीसी द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में सदर एसडीओ की ओर से सतबरवा थाना में 12 सितंबर को अवैध बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को पकड़ कर थाने को सौंप दिया था। बाद में सतबरवा सीओ की ओर से इसकी जानकारी जिला खनन पदाधिकारी को दी गयी। जिस पर कार्रवाई करते हुए गुरुवार को सतबरवा थाना पहुंच जांच करते हुए ट्रैक्टर मालिक, चालक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी एवं स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध बालू खनन में संलिप्त सभी व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए कानूनी कार्रवाई करें। वहीं, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने स्पष्ट कहा कि जिले में किसी भी कीमत पर किसी भी प्रकार के अवैध खनन,भंडारण एवं परिहवन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू खनन पर है रोक,नियमों को नहीं माने वालों पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मिशन मोड में आयुष्मान कार्ड बनाने में जुट जायें पीडीएस डीलर : डीसी

जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के लिए सीएससी सेवाओं पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित
200 से अधिक पीडीएस डीलरों को दिया गया ट्रेनिंग,आयुष्मान कार्ड बनाने में मिलेगी मदद

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी शशि रंजन, सहायक समाहर्ता रवि कुमार एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने गुरुवार को संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के लिए सीएससी सेवाओं पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य वैसे पीडीएस डीलर जो सीएससी लेने के लिए नामित हुए हैं, उनको सभी सर्विसेस की विस्तृत जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि पीडीएस डीलर्स सीएससी के माध्यम से कई प्रकार के काम कर सकते हैं जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। स्वरोजगार की तरफ एक कदम होगा और आय के स्रोत भी बढ़ेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद पीडीएस डीलरों को आयुष्मान भवः पखवाड़ा एवं इसके अंतर्गत होनेवाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सभी पीडीएस डीलरों को सहिया साथी एवं प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। कहा कि इस कार्य के लिए सभी डीलर को सीएससी ऑपरेटर के साथ टैग किया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत 17 सितंबर से एक अभियान शुरू किया जा रहा है जिससे पीएमजेएवाई योजना के तहत सभी शेष पत्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड दिए जायेंगे। इसी क्रम में सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने आयुष्मान कार्ड की महत्ता और इसको कैसे बनायें,कहां बनाये, बनाने में कौन से दस्तावेज की जरूरत होगी इस बारे में जानकारी दी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने कहा कि जन वितरण प्रणाली दुकानदार अपने दुकानों में राशन वितरण के साथ सभी कॉमन सर्विस सेंटर की सेवाएं भी लोगों तक पहुंचा सकेंगे। इनमें हर तरह के बिल पेमेंट,पैन एप्लीकेशन, पासपोर्ट के लिए अप्लाई करना, वोटर आईडी से जुड़ी सर्विस, पीएम किसान, एनपीएस,आयुष्मान भारत योजना, डिजिटल साक्षरता अभियान आदि शामिल होंगे।

इसके अलावे रांची से आये प्रशिक्षकों ने भी वितरण प्रणाली विक्रेताओं को सीएससी की आईडी प्राप्त होने के बाद लॉग इन करने एवं आगे की प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी। मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त सीएससी मैनेजर नागेंद्र व अरविंद व आपूर्ति कार्यालय के पंकज तिवारी,अंजय पांडेय,अक्षय पांडेय,अशोक सिंह व राजू रंजन उपस्थित रहे।

पूजा कमेटी गठित, राजू प्रसाद केशरी दूसरी बार बने अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर बाजार मुहल्ला नव युवक संघ की बैठक जोड़ा मंदिर परिसर में हुई। जिसमें दुर्गा पूजा महोत्सव को इस बार भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा के सफल संचालन एवं आयोजन केो लिए दुर्गा पूजा कमेटी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से राजू प्रसाद केशरी को दूसरी बार अध्यक्ष बनाया गया। जबकि नीरज गुप्ता, सत्यम सोनी व राजा केशरी को उपाध्यक्ष, मनोज गुप्ता व अमित गुप्ता को सचिव, रोशन सोनी, मोहित केशरी व संतोष सिंह को उप कोषाध्यक्ष, रंजन कुमार, चंदन कुमार, गोलू कुमार, विकाश कुमार व विक्की कुमार को उप सचिव, गोपाल सोनी व गोलू गुप्ता को मंत्री, विजय कुमार गुप्ता, रोनक केशरी व प्रभूषण गुप्ता को उप मंत्री बनाया गया। वहीं, अजय केशरी, संजय साव, संतोष गुप्ता, प्रेम शंकर बाजपेयी, संतोष केशरी, अवधेश सोनी, सुनिल केशरी, उमेश सोनी, नरेश साव, लखन प्रसाद केशरी, अरुण सोनी, आदित्य केशरी, दीपक चंद्रवंशी, अरविंद सोनी व दिनेश साव को संरक्षक में रखा गया है।

इसके अलावे 21 सदस्यी कार्यकरणी का भी गठन किया गया। जिसमें राजा सोनी, अमित सोनी, दिलीप गुप्ता, विक्की कुमार, रामजी केशरी, गुड्डू केशरी, मिलन केशरी, राहुल केशरी, अभिषेक कुमार, नितेश गुप्ता, विकाश गुप्ता, मुन्ना केशरी, धंजय सोनी, विपिन सोनी, ओम चंद्रवंशी, हर्ष गुप्ता, प्रिंस कुमार, दीपक कुमार, शुभम कुमार, अंकुर कुमार, अनु कुमार, रोहित कुमार, चंदन कुमार, अनुज कुमार, अनुराग कुमार व अंशु कुमार को शामिल किया गया गया है।

विधायक कमलेश सिंह ने की हैदरनगर को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग

नगर विकास एवं आवास विभाग को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने एक बार फिर हैदरनगर को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग की है। इस बाबत उन्होंने झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग को पत्र भी लिखा है। उन्होंने कहा कि हैदरनगर नगर पंचायत बनने की सभी अहर्ताएँ पूरी करता है। प्राचीन बाजार, रेलवे स्टेशन, प्रखंड कार्यालय, थाना, राज्य हाइवे, दो प्लस उच्च विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय, अस्पताल के साथ साथ 20 हजार से अधिक आबादी, जिसमें हैदरनगर पश्चिमी, पूर्वी, बभंडी पंचायत के अलावा बगल के कुछ पंचायतों का भाग भी शामिल है। विधायक ने कहा कि आबादी के अनुसार हैदरनगर की जनता को नगरीय सुविधा मिलनी जरूरी है। यह उनका अधिकार है। उन्होंने सरकार से अविलंब हैदरनगर को नगर पंचायत क्षेत्र का दर्जा देने की मांग की है। कहा कि इसपर सरकार जल्द निर्णय नहीं लेती है तो सड़क से सदन तक आवाज बुलंद किया जायेगा।

वार्ड 18 में भाजपा के मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। भाजपा के विश्रामपुर नगर मंडल इकाई द्वारा अमृत महोत्सव के तहत मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी शुरूआत कोशियार गांव स्थित शक्ति केंद्र से हुआ। जहां माटी को नमन और वीरों का वंदन किया गया। इसके बाद घर-घर जाकर मिटी संग्रह किया गया.जिसका नेतृत्व भाजपा नगर मंड़ल अध्यक्ष बबन राम और संचालन महामंत्री मनीष कुमार ने किया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी देवनारायण सिंह, उप प्रभारी अर्चना देवी, संतोष राम, रजनीश चंद्रवंशी, वरीय भाजपा नेता शिववंश मिश्रा, बेबी देवी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, संजय ठाकुर, संजय साह, अजय केशरी, गिरधारी साव, भिखारी साव, कृष्णा गुप्ता, मीरा देवी, देवनाथ पासवान, सुरेंद्र मेहता, सुरेश चंद्रवंशी, सचितानंद मेहता, पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष रामप्रवेश मेहता, किरण गुप्ता, संगीता देवी, शिवकुमारी देवी, संतरा कुंवर, मीना देवी, अनीता देवी, रीमा देवी, दुर्गा देवी, उपाशी देवी, रेखा देवी, रीता देवी, राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

एमकेडीएवी में धूम-धाम से मनाया गया हिंदी दिवस

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में हिंदी दिवस धूम-धाम से मनाया गया। सभी शिक्षकों ने एक दूसरे को हिंदी दिवस की बधाई दी। प्राचार्य डॉ जीएन खान ने अपने संबोधन में बताया कि हिंदी आज विश्व में बोली जाने वाली तीसरी बड़ी भाषा है। आज विदेश में भी हिंदी का बोलबाला है।चीन,अमेरिका जैसे देश भी अपने यहां हिंदी प्रयोग को बढ़ावा दे रहे हैं, जो उनके आर्थिक विस्तार का आधार है। डीएवी संस्थानों में अन्य विषयों के साथ-साथ हिंदी,संस्कृत पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाता है। हमारे विद्यार्थी हिंदी में भी उत्तम प्रदर्शन कर हिंदी की सेवा करने का काम करते हैं। इस अवसर पर एक समूह छायांकन किया गया। विद्यालय के कला शिक्षक प्रवीर कुमार पात्रा ने रेत पर हिंदी दिवस की एक सुंदर कलाकृति बनाकर सबको सम्मोहित कर दिया।

आकाशीय बिजली गिरने से पीपरा हाई स्कूल के कई छात्र हुए अचेत

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। पिपरा प्रखंड अंतर्गत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पिपरा भवन पर बारिश के दौरान अचानक तेज गरज और चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से शिक्षक व छात्रों में दहशत फैल गई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनुपमा ज्योति ने गुरुवार को बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से स्मार्ट क्लास कर रहे कई छात्र मूर्छित हो गए। जिन्हें फर्स्ट ऐड की सहायता से करीब 35 मिनट बाद होश में लाया गया। इसके बाद छात्रों के अभिभावकों को बुलाकर उन्हें घर भेज दिया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से विद्यालय में लगा मोटर पंप, पंखा, बल्ब, वायरिंग तार, कंप्यूटर, प्रोजेक्टर मशीन सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए हैं। जो उपयोग लायक नहीं है।

विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हिंदी है : डॉ राजेश्वर

एसटीडी डिग्री कॉलेज में मनाया गया हिंदी दिवस, संगोष्ठी का भी आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। रेहला-बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में विश्व हिंदी दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के सभागार में विश्व में बढ़ती हुई हिंदी की लोकप्रियता विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन शिक्षाविद डॉ राजेश्वर पांडेय ,कॉलेज के सचिव शशिनाथ चौबे व साहित्यकार मुंशी महतो ने संयुक्त रूप से किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य संतोष मिश्रा और संचालन प्रो.राकेश शुक्ला ने किया। डॉ राजेश्वर पांडेय ने कहा कि हिंदी भाषा की लोकप्रियता पूरे विश्व में कायम है। आज हिंदी विश्व की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। शशिनाथ चौबे ने कहा कि सभी भाषाओं का अध्यन करें लेकिन अपनी मातृभाषा हिंदी को प्राथमिकता जरूर दें। प्राचार्य संतोष मिश्रा ने कहा कि किसी भी शिक्षा ग्रहण करने में हिंदी की अहम भूमिका है। हिंदी भाषा सागर के सामान है। जिसमें कई भाषा सम्माहित है। लोक कवि मुंशी महतो ने अपनी स्वरचित हिंदी की कई कविताएं सुनाई। हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ श्याम मिश्रा ने कहा कि हिंदी निरंतर अन्य भाषाओं के साथ मिलकर विश्व में अपना एक अलग पहचान बना चुकी है। मौके पर प्रो रंजन दूबे, ज्योति कुमारी, डॉ प्रमोद पासवान, रामजी चौबे, कृष्ण कुमार चौबे, शबनम निशा, संतोष शुक्ला, त्रिपुरारी तिवारी, अजय ओझा, आशीष पांडेय, जितेंद्र पांडेय, संजय पांडेय, चंद्र भूषण कुमार, सुनील कुमार, फूल कुमारी, सुधीर यादव, दिलीप चौबे, रामेश्वर राम, देव प्रकाश पांडेय, आकांक्षा चौबे, अंजली शर्मा, दीपांजलि कुमारी, श्रेया शुक्ला, ज्योति शुक्ला, अवनीश पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

आरसीयू के स्नातकोत्तर विभाग ने विश्व हिंदी दिवस पर आयोजित की कई प्रतियोगिताएं

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभाग की ओर से विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें कविता, भाषण, निबंध, रंगोली, प्रश्नोत्तरी, श्रूतिलेख जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थी। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के सभी संकायों के लगभग तीन सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, कुलपति कल्याण कुमार, कुलसचिव और पीजी समन्वयक डॉ अशोक सिंह ने पुरस्कृत किया। कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि हिंदी जन-जन की भाषा है और हिंदी ही हमारी सभ्यता संस्कृति का मूल मंत्र भी है। इसलिए सभी क्षेत्र में हिंदी भाषा का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें। हिंदी के उत्थान से ही हिंदुस्तान का पूर्ण उत्थान होगा। मौके पर डीन विज्ञान डॉ आर के तिवारी, एसोसिएट डीन डॉ अरिंदम घोष, कॉमर्स डीन डॉ रवींद्र केशरी, डॉ सुखदेव साहू, प्रो अजीत महतो, डॉ राजदुलारी, प्रो शांति एक्का, डॉ नूतन जनक नंदिनी, डॉ बिंदा कुमारी, डॉ स्वाति, प्रो अमृता, प्रो पंकज कुमार, प्रो निर्मला, डॉ रवि, डॉ जयप्रकाश, डॉ आरके सिन्हा सहित कई लोग मौजूद थे।

स्पोर्ट्स

चीन के झोंगझू में इसी महीने होने वाले एशियन गेंम्स के लिए भारतीय मेंस फुटबॉल टीम का ऐलान हो गया है। सभी टीमों के तीन सीनियर ही खेल सकेंगें।

एशियन गेम्स के लिए भारतीय मेंस फुटबॉल टीम का हुआ एलान

अंडर-23 टीम के साथ जायेंगे सुनील छेत्री, झिंगन व गोलकीपर गुरप्रीत बाहर

एजेंसी

नई दिल्ली। चीन के होंगझू में इसी महीने होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय मेंस फुटबॉल टीम का ऐलान हो गया है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने बुधवार को 18 सदस्यीय मेंस टीम की घोषणा की। एशियन गेम्स में फुटबॉल की व-23 टीमों के मुकाबले ही होंगे। जिसमें सभी टीमों के 3 ही सीनियर खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। इससे पहले जब एक अगस्त को 22 सदस्यीय भारतीय टीम शॉर्टलिस्ट हुई तब तीन सीनियर खिलाड़ी शामिल थे। सीनियर खिलाड़ियों में संदेश झिंगन, गुरप्रीत सिंह संधू और सुनील छेत्री थे, लेकिन अब केवल छेत्री को जगह मिली है।

भारत ग्रुप ए में मेजबान के साथ

एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम

गुरमीत सिंह, धीरज सिंह, सुमित राठी, नरेंद्र गहलोत, अमरजीत सिंह कियाम, सैमुअल जेम्स, राहुल केपी, अब्दुल रबीह, आयुष देव छेत्री, ब्रायस मिरांडा, अजफर नूरानी, रहीम अली, विंसी बरेटो, सुनील छेत्री, रोहित दानू, गुरकीरत सिंह और अनिकेत जाधव।

टूर्नामेंट में 23 टीमें हैं, जिन्हें छह ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए, बी, सी, ई और एफ में प्रत्येक में चार टीमें हैं, जबकि ग्रुप डी में तीन टीमें हैं। भारत की मेंस टीम को ग्रुप ए में मेजबान चीन, बांग्लादेश और म्यांमार के साथ रखा गया है।

1970 से फुटबॉल में मेडल नहीं जीत सका भारत

एशियन गेम्स इसी साल 23 सितंबर से 8 अक्टूबर के बीच चीन के हांगझू में होंगे। भारत ने एशियन गेम्स (1951 और 1962) में 2 गोल्ड मेडल जीते हैं। टीम 1970 में एक ब्रॉन्ज मेडल भी जीत चुकी है। बतातें चलें कि क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमैक के नेतृत्व में नेशनल टीम ने एसएएफएफ चैंपियनशिप जीतकर एक बार फिर फीफा रैंकिंग में टॉप-100 क्लब में प्रवेश किया है।

सरकार ने दी विशेष अनुमति

भारतीय मेंस और विमेंस फुटबॉल टीम को एशियाड के लिए भारत सरकार ने विशेष अनुमति दी है। भारतीय टीम को 2018 के एशियाड में खेलने की अनुमति नहीं मिली थी। खेल मंत्रालय का नियम कहता है कि टीम इवेंट में केवल एशिया टॉप - 8 रैंक में शामिल टीमों को ही जाने की अनुमति मिलेगी। आखिरी बार टीम ने 2014 के एशियाड में हिस्सा लिया था।

युवा कांग्रेसी नेताओं के प्रयास से निपटा तीन भाइयों का विवाद

खूंटी (आजाद सिपाही)। युवा कांग्रेस के नेताओं के हस्तक्षेप के बाद तीन भाइयों के बीच वर्षों से जारी विवाद का गुरुवार को पटाक्षेप हो गया। युवा कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अरूण संगा के नेतृत्व में अड़की प्रखंड के ऊपर टोली गांव के तीन भाइयों के विवाद को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें तीनों भाइयों के बीच विवाद को खत्म करने की सहमति बनी। अरूण संगा ने तीनों भाइयों को हिदायत दी कि आपस में विवाद न करें। कहा कि कुछ ही दिनों में कानूनी रूप से विवाद को खत्म कर दिया जाएगा। इस मौके पर युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष मो उसमान खान आदि मौजूद थे।

कार्रवाई : भू-अर्जन विभाग को रिपोर्ट सौंपने के बदले मांगी थी 10 हजार की रिश्वत

पांच हजार रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी को धनबाद एसीबी ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। एसीबी की टीम ने तोपचांची अंचल कार्यालय में दबिस देकर गुरुवार को राजस्व विभाग के कर्मचारी सुशील कुमार सिन्हा को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। वहीं, एसीबी की दबिस के बाद से अंचल और प्रखंड कार्यालय में हड़कंप मचा हुआ है। सभी कर्मचारी और अधिकारी वहां से भाग खड़े हुए। एसीबी की टीम ने सुशील कुमार सिन्हा को साथ लेकर उनके आवास और कार्यालय में भी तलाशी अभियान चलाया। जहां से कुछ कागजात भी

राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार कर ले जाती एसीबी की टीम।

जब्त किए गए। तोपचांची प्रखंड के सिंगडीह निवाकी शरत कुमार महतो से राजस्व विभाग के कर्मचारी सुशील ने सिक्स लेन के तहत अधिग्रहण की गई जमीन रिपोर्ट जिला भू-अर्जन को भेजने के बदले में 10 हजार रुपये की रिश्वत देने की मांग की थी। पर शरत महतो ने धनबाद एसीबी से सुशील की शिकायत कर दी थी। जिसके बाद गुरुवार को तय रकम का आधा यानी पांच हजार रुपये राजस्व विभाग के कर्मचारी सुशील को दी थी। इसके बाद ही एसीबी की टीम ने दबिस देकर सुशील को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ दबोच लिया। गिरफ्तार सुशील हल्का 5.6 और 8 का राजस्व से जुड़े कार्य देख रहे थे।

एसीबी के डीएसपी सह थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शरत द्वारा की गई शिकायत का सत्यापन किया गया, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए राज्यव कर्मचारी सुशील सिन्हा को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब हो कि तीन महीना पहले जिला परिषद की उपाध्यक्ष सरिता देवी और जिला सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी के नेतृत्व में हजारों की संख्या में लोगों ने तोपचांची अंचल और प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया था। जिसके बाद संबंधित अधिकारियों ने अश्वासन दिया था कि लोगों के कार्य आसानी से किए जायेंगें। इसके बाद भी बाबूओं की आदलों-हरकतों में कोई सुधार नहीं अया है।

समाहरणालय, देवघर
(जिला योजना कार्यालय)
दुरभाष सं0:–06432-232680 फैक्स–06432-232967 ई–मेलः–dcdeoghar@gmail.com

आम सूचना

Mission Director, Aspirational District & Block Programme, NITI Aayog, Govt. of India के Circular on Key Initative under Aspirational Blocks Programme दिनांक– 25.08.2023 में निहित शर्तो के अनुरुप देवघर जिला में आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम हेतु Aspirational Block Fellow की नियुक्ति के लिए पूर्णतः अस्थायी तौर पर 01 वर्ष हेतु इच्छुक अभ्यार्थियों से अभ्यावेदन विहित प्रपत्र में निम्न रुपेण आमंत्रित किया जाता है।

No. of Post	Age	Education Qualifiaction
04	18-40	1) Postgraduate in any discipline from a reputed institution (Preferably from Central or State government universities). 2) Should possess excellent data analysis and presentation skills. 3) Should be conversant with the use of social media. 4) Should possess Project Management skills. 5)Experience working with Government, NGOs, and Development organizations. 6) Self-driven with good communication and coordination skills. 7) Proficient in English, Hindi and the local language of the respective Aspirational Block will be an added advantage for Aspirational Blocks Fellow. Note: Preference will be given to candidates who have completed their higher education inRural Development, Social Science, Development studies or any related field.

आवेदन की प्रक्रिया :–
1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक **30/09/2023** अपराह्न 04:00 बजे तक है। उक्त समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. Detailed Resume, Cover letter with three references, Two work samples (1 Presentation, 1 Report) along with educational and professional certificates to be mailed to ddcdeoghar@gmail.com. and dccelldeoghar@gmail.com. (*Note- Educational and professional certificates should be merged in a single PDF file.*)
3. The same along with आवेदन पत्र has to be sent via post/Speed Post/Courier services to District Planning Office, Vikas Bhawan, ground floor, Samaharnalay, DC Office, Deoghar, Jharkhand, Pin- 814112. Applications via WhatsApp will not be entertained.

चयन की प्रक्रिया :–
1. साक्षत्कार एवं कम्प्यूटर दक्षता परीक्षा के आधार पर अभ्यर्थी का अंतिम चयन किया जायेगा।
2. Only Shortlisted candidates will be informed through the mail for interview and computer Exam.

नोट :– उक्त संबंधी विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला के Website deoghar.nic.in पर देखी जा सकती है।

ह०/–
उपायुक्त,देवघर

PR 306928 Deoghar(23-24).D

महत्वपूर्ण न्यूज

ढुल्लू महतो के आवास पहुंचे बाबूलाल विधायक की माता को दी श्रद्धांजलि

धनबाद (आजाद सिपाही)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गुरुवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के घर चिटाही पहुंचे। यहां विधयाक की माता के चित्र पर पुष्प अर्जित कर उन्हें श्रद्धांजलि और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। बताते चलें कि मंगलवार को विधायक की माता रुकवा महताईन का निधन इलाज के दौरान हो गया था। इस दौरान पूर्व प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख गणेश मिश्रा, ग्रामीण जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा, महानगर जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह, संजय झा आदि मौजूद थे।

लोक लेखा समिति के सभापति से मिल कर रागिनी सिंह ने की झरिया में चल रहे विकास कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत

धनबाद (आजाद सिपाही)। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने झारखंड विधानसभा के लोक लेखा समिति के सभापति नीलकंठ मुंडा से गुरुवार को सर्किट हाउस में मुलाकात की। इस दौरान झरिया में चल रहे विकास योजनाओं में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए अधिकारियों की शिकायत की। कहा कि झरिया में पाइपलाइन बिछाने के दौरान पूरी सड़क खोद दी गयी है जिससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावे झरिया की दो अहम सड़क का चौड़ीकरण व निर्माण कार्य में देरी, गुणवत्ता में कमी, हर घर नल जल योजना में धांधली, नगर निगम में टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए ऑनलाइन की जगह ऑफलाइन टेंडर की शिकायत की। इसके अलावे नगर निगम के टेंडर में संवेदको नगर आयुक्त पर विशेष लोगों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए सभी विषयों पर जांच कराने की मांग की।

विस्थापितों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा : सीएमडी

करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)। सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ बी वीरा रेड्डी ने ढोरी और बीएण्डके क्षेत्र के परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएंडके जीएम एमके राव व ढोरी जीएम एमके अग्रवाल से कोयला उत्पादन व डिस्पैच व अन्य जानकारी ली। साथ ही परियोजना का नक्शा का अवलोकन करते हुए उत्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। सीएमडी ने कहा कि देश में ऊर्जा के क्षेत्र में कोयला का महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए लक्ष्य के अनुसार उत्पाद और कोयला का संप्रेषण करना है। चालू वित्तीय वर्ष में उत्पाद के लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने पिछरी परियोजना चालू करने की दिशा में पहल किए जाने की बात कही। उन्होंने विस्थापितों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर बीएंडके जीएम एमके राव, ढोरी जीएम एमके अग्रवाल, अमलो पीओ केआर सत्यार्थी, खास-ढ़ोरी पीओ रंजीत कुमार, कल्याणी पीओ शैलेश प्रसाद, बोकारो पीओ अरविंद कुमार शर्मा, खासमहल-कोनार पीओ कन्हैया शंकर गेवाल, कारो पीओ सतेंद्र कुमार, सेल ऑफिसर मनोज कुमार, एसओ ईएंडएम गौतम मोहंती, एसओ पीएडपी एसके झा, एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुमार सौरभ सिंह, मैनेजर बीपी साहू, मैनेजर जीएन सिंह, एएफएम राजीव कुमार, एसओएक्स प्रवीण कुमार व यूके पासवान, एरिया सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम यूईके सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

पेलोडर की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत के बाद हंगामा

- मुआवजे की मांग पर धनसार ओसीपी से 8 घंटे तक ट्रांसपोर्टिंग बाधित
- मृतक के परिजनों को पांच लाख मुआवजा मिलने के बाद समाप्त हुआ अवरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार। विश्वकर्मा परियोजना लोडिंग पॉइंट पर ट्रांसपोर्टिंग पेलोडर की चपेट में आने से गुरुवार को पेशे से ट्रक चालक की मौत हो गई। उसकी पहचान धर्मेंद्र यादव (28) के रूप में हुई है। वह भागा नंबर दो का रहने वाला था। इससे नाराज परिजनों ने इन दिन आठ घंटे तक ट्रांसपोर्टिंग ठप रखा। जानकारी के मुताबिक बुधवार की शाम कोयला लदे ट्रक को एक ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के पेलोडर से टोचन कर खींचने के क्रम में चालक को गंभीर चोट आ गई थी। आनन फानन में उसे धनबाद स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरुवार की सुबह मृतक के परिजन शव को विश्वकर्मा परियोजना वर्कशॉप के गेट के समीप रखकर मुआवजे की मांग करते हुए ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे भाजपा नेता योगेंदर यादव, गोपाल यादव, शैलेंद्र सिंह उर्फ छोटू सिंह और अवधेश यादव ने परियोजना पदाधिकारी से परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। वहीं, खबर पाकर धनसार पुलिस व सीआईएसएफ के जवान भी मौके पर पहुंच गए।

कैसे घटी घटना

विश्वकर्मा परियोजना लोडिंग पॉइंट से आरटीपीएस, एमपीएल, हिंदुस्तान, रेलवे साइडिंग सहित विभिन्न स्थानों पर कोयले की ट्रांसपोर्टिंग की जाती है। बुधवार को धर्मेंद्र यादव जिस ट्रक पर आरटीपीएस का कोयला लोड होने के बाद वहां से जाना चाह रहा था। तभी उसका ट्रक लोडिंग पॉइंट पर बरसात के कारण कीचड़ में फंस गया। उसने पास में चल रहे पे लोडर चालक से वाहन को खींचकर पीछे करने की बात कही। जब धर्मेंद्र टोचन लगाकर पेलोडर से गाड़ी खिंचवा रहा था तभी वह झटके से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। मृतक धर्मेंद्र बिहार के जमुई जिला के लूसीधनी गांव का रहने वाला था। वह अपने पूरे परिवार के साथ झरिया भागा दो में रहता था। घटना के बाद पिता प्रकाश यादव, पत्नी आशा देवी सहित परिवार के अन्य सदस्यों का रो रो के बुरा है। मृतक के तीन पुत्र आर्यन (5) ऋषभ(3) और सुशांत (1) है। दूसरी ओर, 8 घंटे चले वार्ता के बाद भागा निवासी ट्रक मालिक बबलू खान ने अंतिम संस्कार के लिए 50 हजार रुपये दिये। साथ ही ट्रांसपोर्टिंग कंपनी की ओर से चार लाख रुपये का चेक देने पर सहमति जताई। विधायक राज सिन्हा ने कंपनी की ओर से दिए गए चार लाख के चेक को मृतक के परिजन को धनसार कोलियरी कार्यालय में सौंपा।

हाइवा के धक्के से बाइक सवार युवक की हालत गंभीर

धनसार (आजाद सिपाही)। झरिया-कतरास मोड़ स्थित सरकारी शराब दुकान के समीप गुरुवार को धनबाद मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार हाईवा ने बाईक सवार को चपेट में ले लिया। इसकी पहचान विवेक के रूप में हुई है। वह आरएसपी कॉलेज के बीएड फाइनल ईयर का छात्र है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

डीएवी-6 में देश की शान है हिंदी कार्यक्रम का आयोजन

हिंदी भाषा में वसुधैव कुटुंबकम की भावना निहित है : प्राचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। सेक्टर-6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को विश्व हिंदी दिवस पर देश की शान है हिंदी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य बृजमोहन लाल दास, डॉ परमेश्वर भारती, डॉ रंजीत कुमार झा एवं अमीरी नाथ झा ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने कहा कि हिंदी विश्व की तीसरी भाषा है। हिंदी भाषा अत्यंत ही सहज व सरल है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी के पठन-पाठन की गति में वृद्धि हुई है। इस तकनीकि युग में भी हिंदी की अपनी अहमियत है। हिंदी हमारी राष्ट्रीयता व सभ्यता की रक्षा करती है। प्रत्येक नागरिकों का कर्तव्य है कि हम अपनी राष्ट्रीय भाषा हिंदी का सम्मान करें। डॉ परमेश्वर भारती ने कहा कि अखंड हिंदुस्तान की पहचान है। हिंदी में प्रेम, विनम्रता का भाव लक्षित होता है। वहीं, कवि अमीरी नाथ झा ने अपनी सुंदर प्रस्तुति से सभी दर्शकों को मंत्र मुक्त किया। प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने कहा कि हिंदी जनमानस की भाषा है। हिंदी भाषा में वसुधैव कुटुंबकम की भावना निहित है। शिक्षिका नीलम झा व अखिलेश कुमार ने भी हिंदी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। पठन-पाठन के रूप में आज दुनिया के 176 विश्वविद्यालय में हिंदी की पढ़ाई प्रारंभ हो चुकी है। विदेशी छात्रों में हिंदी पढ़ने की उत्कंठा अत्यधिक है। राष्ट्रीय एकता व राष्ट्र प्रेम की रक्षा के लिए हिंदी का पठन-पाठन आवश्यक है। कार्यक्रम में सरोज कुमारी, पुतुल मंडल और रामा शंकर यादव ने सहयोग किया। जबकि मंच संचालन नीलम झा और धन्यवाद ज्ञापन बालशेखर झा ने किया।

कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 07/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 19/09/2023 एवं 20/09/2023(अपराह्न 3.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 21/09/2023. को (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 21/09/2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. कार्यालय जिला परिषद, गुमला। 2. सहायक अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, गुमला।
7. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– जायका नीति आयोग मद से प्राप्त Award राशि/राजस्व मद

कार्य की विवरणी

क0	मद	योजना का नाम	प्रखण्ड	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	जायका नीति आयोग मद से प्राप्त Award राशि	Construction of E.G.S/I.C.D.S Center (Angan Wadi) at Bartoli	डुमरी	1312800.00	2500.00	26300.00	4 माह
2		Construction of E.G.S/I.C.D.S Center (Angan Wadi) at Sirmi	डुमरी	1312800.00	2500.00	26300.00	4 माह
3		Construction of E.G.S/I.C.D.S Center (Angan Wadi) at Bartoli	डुमरी	1312800.00	2500.00	26300.00	4 माह
4	राजस्व मद	गुमला प्रखंड के ग्राम कोटाम के कोटाम बाजार टांड में मार्केट शेड निर्माण कार्य।	गुमला	559400.00	1250.00	11200.00	4 माह

1 भवन निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित गुमला के संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे
2 निविदा की अन्य शर्त्ते कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3 परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अकिंत राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा एंव बैंक ड्राफ्ट निविदा के प्रकाशन की तिथि के बाद का होना अनिवार्य है।
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. जिन संवेदकों के द्वारा पुर्व में लिए गये कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है वैसे संवेदकों को परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
6. निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि के अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है
(1) 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तथा
(2) 20 प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि पर 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला।

PR.NO.306927 Rural Development(23-24):D

।। कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा ।।

–: आम सूचना :–

गढ़वा जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड सरकार के राज्यादेश संख्या 10 रा0 (वि0) दिनांक 14.06.2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु लाभुकों का चयन ग्राम स्तर पर ग्राम सभा के द्वारा किया जायेगा। जिसका अनुमोदन पूर्व से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए निर्गत संकल्प संख्या 452 दिनांक 15.06.2021 द्वारा गठित प्रखण्ड स्तरीय समिति तथा जिला स्तरीय समिति से प्राप्त की जायेगी।

राज्यादेश संख्या 10 रा0 (वि0) दिनांक 14.06.2023 के द्वारा जिला पशुपालन कार्यालय कार्यालय, गढ़वा से संचालित होने वाली योजनाओं के लिए गढ़वा जिला को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं का विवरणी निम्न प्रकार है –

क0	योजना का नाम	कुल लागत	लागू सब्सिडी (सरकारी अनुदान)		लाभुक अंशदान	
			90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो)	75 प्रतिशत (अन्य सभी वर्ग के लाभुक)	10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो)	25 प्रतिशत (अन्य सभी वर्ग के लाभुक)
1	बकरा विकास योजना (4+1)	24800	22320	18600	2480	6200
2	सूकर विकास योजना (4+1)	57800	52020	43350	5780	14450
3	बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट (400 लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) की योजना	118200	106380	88650	11820	29550
4	ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500 चूजा)	67500	60750	50625	6750	16875
5	बत्तख चूजा वितरण की योजना	1700	1530	1275	170	425

पशुपालन क्षेत्र की योजना के लिए लाभुक चयन हेतु अहर्ता एवं शर्ते :–
1. ग्राम का चयन कलस्टर के आधार पर किया जायेगा।
2. योजना का लाभुक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के सभी महिला/पुरुश/स्वंय सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों को प्राथमिकता के तौर पर दिया जायेगा। जिसमें औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दंपति का चयन नियमानुसार किया जाएगा।
3. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा प्राप्त करते हुए प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरान्त चयनित लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध कराई जायेगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
4. चयनित ग्रामों में लाभुकों का चयन संबंधी ग्राम के ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में निम्न बातों का पालन करना अनिवार्य है–
(क)चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो इस संबंध में लाभुक को आवासीय जाति प्रमाण–पत्र एवं आधार की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
(ख)चयन प्रकिया में पशुपालन गतिविधि से जुड़े पशुपालकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
(ग)विगत पॉच वर्शो में जिन परिवारों JSFSS/NFHS अन्तर्गत परिभाशित द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है उन्हे पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
(घ)बकरा विकास योजना, सुकर विकास योजना के अन्तर्गत 10–20 इकाईयों के कलस्टर एवं अंडा उत्पादन/ब्रायलर के लाभुकों का चयन 5–5 इकाईयों के कलस्टर में किया जाएगा।
5. पशुपालन योजना के अन्तर्गत योजना का कियान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान द्वारा किया जाएगा।
6. योजना/कार्यक्रम अन्तर्गत पशु/पक्षी शेड आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के अभिसरण से किया जाएगा।
7. पशु/पक्षियों की आपूर्ति नियमानुसार निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध आपूर्तिकर्ता के द्वारा लाभुकों को योजना के आलोक में किया जाएगा।
8. योजना के तहत् चयनित प्रत्येक लाभुक का Escrow Account/Dedicated Bank Account संबंधित DAHO के द्वारा अनिवार्य रूप से खोला जाएगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/Dedicated Bank Account में ही हस्तान्तरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुक को भी अपना स्वंय का अंशदान एक सप्ताह के अन्दर Escrow Account/Dedicated Bank Account में जमा करना अनिवार्य होगा।
9. इच्छुक पशुपालक अपने–अपने पंचायत के मुखिया/प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय से आवेदन–पत्र प्राप्त कर आवेदन–पत्र पूर्ण रूप से भरकर ग्राम सभा से अनुमोदन उपरान्त संबंधित मुखिया के पास दिनांक 25.09.2023 तक आवेदन–पत्र जमा करेगें।
10. जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा से सिमित मात्रा में आवेदन–पत्र प्राप्त कर सकते है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी
गढ़वा

PR 307010 (Animal Husbandry)23-24*D

न्यूज रील्स

लखनऊ में ऑक्सीजन सिलेंडर फटा, ड्राइवर-हेल्पर के चिथड़े उड़े

लखनऊ (आजाद सिपाही)। लखनऊ के बालागंज चौराहे के पास जेपीएस अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर फट गया। सिलेंडर सप्लाई करने आये ड्राइवर और हेल्पर इसकी चपेट में आ गये। उनके हाथ और पैर के चिथड़े उड़ गये। हादसे में ड्राइवर की मौत हो गयी, जबकि हेल्पर को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

मुंबई एयरपोर्ट पर चार्टर्ड प्लेन क्रैश, 3 घायल

मुंबई (आजाद सिपाही)। विशाखापट्टनम से मुंबई आ रहा वीएसआर वेंचर्स लियरजेट 45 एयरक्राफ्ट यहां रनवे 27 पर फिसल गया। मुंबई में भारी बारिश हो रही है, इसके चलते विजिबिलिटी 700 मीटर रह गयी है। इसी वजह से यह घटना हुई। चार्टर्ड प्लेन लैंडिंग के दौरान रनवे पर क्रैश हो गया। इसके बाद वह दो हिस्सों में टूट गया और उसमें आग लग गयी। प्लेन में 6 पैसेंजर्स और 2 क्रू मेंबर सवार थे।

पीएम मोदी ने 6400 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

पीएम मोदी संग विजय शंखनाद रैली में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

रायगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायगढ़ के कोड़ातराई में पहुंचे जहां उन्होंने छत्तीसगढ़ को 6400 करोड़ रुपए के विकासकार्यों की सौगात दी। अगले कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा की विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया साथ ही भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, समेत कई दिग्गज नेता जन सभा में शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सनातन संस्कृति की व्याख्या करते हुए और कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस भारतीय संस्कृति को मिटाना चाहती है। साथ ही छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र की योजनाओं का लाभ छत्तीसगढ़ सरकार जनता तक नहीं पहुंचने देती, जहां एक ओर पीएम आवास योजना के 4 करोड़ आवास पूरे देश में गरीबों को मिले वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के गरीबों तक आवास नहीं पहुंचने दिया। इसके अलावा शराबबंदी को लेकर भी उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में शराबबंदी का वादा करने वाली कांग्रेस सत्ता में आने के बाद शराब में घोटाला करती है, कांग्रेस की ये सरकार घोटाले करके कांग्रेसी नेताओं की तिजोरी भर रही है। साथ ही गोबर घोटाले पर कांग्रेस को घेरते हुए उन्होंने कहा कि जो सरकार गोबर तक में घोटाला करती है उसकी मानसिकता क्या होगी इसी से समझ आ जाता है, छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार ने प्रदेश की पहचान नक्सलवाद से बदलकर विकास की बनाई। भाजपा गरीब कल्याण की दिशा में आगे बढ़ती है और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार घोटालों में आगे बढ़ती जा रही है। छत्तीसगढ़ के पास यह अवसर है इसे खोना नहीं है आने वाले चुनाव में कमल पर बटन दबाकर भाजपा की सरकार बनानी है। इसके साथ ही जी 20 की सफलता को लेकर छत्तीसगढ़ की तारीफ करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में उगने वाले अन्न से बड़े-बड़े देशों के बड़े-बड़े नेताओं का स्वागत किया गया। आज छत्तीसगढ़ की चर्चा विदेशों तक हो रही है। साथ ही चंद्रयान 3 की सफलता की लेकर पीएम ने कहा कि जिस प्रकार हम कहते हैं कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया वैसे ही आज दुनिया कह रही है कि भारत का चंद्रयान सबसे बढ़िया।

भारतीय रेलवे का पूंजीगत व्यय बढ़ाने में पूर्व तट रेलवे का महत्वपूर्ण योगदान

- भारतीय रेलवे (आइआर) ने पूंजीगत व्यय में 46.6% और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 46.4% की सबसे तेज वृद्धि दर्ज की।
- पूर्व तट रेलवे ने चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से अगस्त के बीच बजट लक्ष्य का लगभग 46.51% खर्च किया है।
- पूर्व तट रेलवे ने इस वित्तीय वर्ष की तारीख तक अपना खर्च दोगुना से अधिक कर लिया है

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक के वार्षिक पूंजीगत व्यय लक्ष्य वाले भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का इस वित्तीय वर्ष में लगभग 7.33 ट्रिलियन रुपये का पूंजीगत व्यय (उअढए) है, जो वार्षिक लक्ष्य का 42.5 प्रतिशत तक पहुंच गया है। वित्त वर्ष 24 के पहले पांच महीनों में, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और कोलकाता मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को छोड़कर, भारतीय रेलवे ने 2.44 ट्रिलियन रुपये के पूंजीगत व्यय लक्ष्य का लगभग 1.13 ट्रिलियन रुपये (46.6 प्रतिशत) खर्च किया। बजट अनुदान का उचित उपयोग सीधे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है, खासकर पूंजी निवेश पर व्यय किसी संगठन के बुनियादी ढांचे के विकास को इंगित करता है और क्षेत्रीय और राष्ट्रीय विकास को सीधे लाभ पहुंचाता है। आज के वित्तीय वर्ष यानी 1 अप्रैल से 12 सितंबर 2023 तक पूर्व तट रेलवे ने लगभग 5611 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 2755 करोड़ रुपये खर्च किए गये थे। पूर्व तट रेलवे द्वारा पंजीकृत वर्तमान वित्तीय निवेश लगभग 46.51% है यह माननीय रेल मंत्री अश्विनी बैष्णव द्वारा परियोजना कार्य की निरंतर समीक्षा के कारण संभव हुआ है क्षेत्र में चल रही कई परियोजनाओं के साथ-साथ, वैष्णव क्षेत्र में रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं और विकास कार्यों की निगरानी भी कर रहे हैं।

पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा लगातार अधिकारियों को कई परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने और पूर्व तट रेलवे के तहत परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों सहित हितधारकों के साथ समन्वय करने की सलाह देते रहे हैं।

लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

राजधनवार (आजाद सिपाही)। कश्मीर में अनंतनाग जिले के गाडोल कोकेरनाग इलाके में आर्तकियों के साथ सुरक्षाबलों के एनकाउंटर में 19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक, जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट और एक जवान शहीद हो गये। पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों का मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा। हमारे जवान उनको मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। पूरा देश जवानों के साथ खड़ा है।

पुरी-दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस का रेढ़ाखोल में प्रायोगिक ठहराव

संबलपुर (आजाद सिपाही)। यात्रियों की सुविधा और यात्रा की मांगों को पूरा करने के लिए 18425/18426 पुरी-दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस को रेढ़ाखोल स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। यह प्रायोगिक आधार पर शुक्रवार से प्रभावी होगा। 18425 पुरी-दुर्ग एक्सप्रेस 00.58 बजे रेढ़ाखोल स्टेशन पहुंचेगी और एक बजे प्रस्थान करेगी। वापसी दिशा में 18426 दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस रेढ़ाखोल स्टेशन पर 2.02 बजे पहुंचेगी और 2.04 बजे रवाना होगी।

शिक्षकों को सरकार की धमकी, आंदोलन बंद कर काम पर लौटने का दिया आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। आंदोलनकारी प्राथमिक शिक्षकों को सरकार की आदेश। आंदोलन को बंद करे और तुरंत काम में शामिल होने के आदेश दिए गए हैं। सरकार ने इस संबंध में सभी बीईओ और डीईओ को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि अधिकांश शिक्षकों ने धरने की अनुमति नहीं ली है। शिक्षकों को साल में 220 दिन स्कूल आना कंपलसरी है। ऐसा न करने पर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही सरकार ने शिक्षकों को समझाया है कि एक सवकमिटी का गठन किया गया है। यह कमिटी शिक्षकों की तीन मांगों पर विचार करेगी। सरकार ने कहा है कि कमेटी द्वारा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद शिक्षकों की मांगों पर अंतिम निर्णय लिया जायेगा। प्राथमिक शिक्षक संघ की हड़ताल के कारण लगभग 50,000 स्कूल में ताला पड़ा है । चालीस लाख बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई है। संघ की 3 सूत्री मांगों में से पहली प्राथमिक शिक्षा से संविदात्मक भर्ती को समाप्त करना, अनुबंध की अवधि को हटाकर मूल नौकरी में शिक्षकों और शिक्षण सहायकों की संख्या की गणना करना और एक्स-कैडर शिक्षकों और बहुभाषी शिक्षकों, कला, खेल शिक्षकों को नियमित शिक्षकों के रूप में दर्जा देना। दूसरी मांग यह है कि सभी श्रेणियों के प्राथमिक शिक्षकों को केंद्रीय दर पर मूल वेतन स्तर 9 ग्रेड वेतन के रूप में 4200 का भुगतान किया जाए और तीसरी मांग है कि नई पेंशन व्यवस्था को खत्म कर पुरानी पेंशन फिर से लागू की जाए। इसकी मांग को लेकर शिक्षक 4 दिनों से इस धरने पर बैठे हुए हैं।

किस की प्रभावशीलता की आसकी ने की प्रशंसा

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। हैदराबाद में एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (आसकी) ने कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) की प्रभावशीलता की प्रशंसा की है, जो शिक्षा के माध्यम से पीछले 30 वर्षों से आदिवासियों को सशक्त बना रहा है। आसकी भारत सरकार का सबसे पुराना अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान है। जहां यह दुनिया का तीसरा संस्थान था, वहीं एशिया का एकमात्र संस्थान है। विश्व का सबसे बड़ा जनजातीय संगठन किस हमेशा संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए काम करता रहा है। इस संबंध में किस की प्रभावशीलता की रेटिंग करने का काम आसकि को सौंपा गया था। आसकी द्वारा पिछले 1 वर्ष में कीस की विभिन्न गतिविधियों की गहन समीक्षा की गयी। आज हैदराबाद में आसकी कार्यालय के परिसर में आसकी की ओर से किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत को संबंधित रिपोर्ट दी गयी है। इस रिपोर्ट में आसकी द्वारा कीस की गतिविधियों और सभी प्रकार के प्रभावों की सराहना की गयी है।

एलवीपीइआइ को मिला प्रोजेक्ट ऑफ द इयर का अवार्ड

आजाद सिही संवाददाता

भुवनेश्वर। एलवी प्रसाद आइ इंस्टीट्यूट (एलवीपीईआइ) को ग्रामीण ओडिशा में अपनी उत्कृष्ट परियोजना के लिए एनजीओ श्रेणी में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट साउथ एशिया (पीएमआई साउथ एशिया) पुरस्कार मिला है, जिसका उद्देश्य दृष्टि के लिए खतरा पैदा करने वाली रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी (आरओपी) का प्रबंधन करना है। समय से पहले जन्मे बच्चों की स्थिति। पुरस्कार विजेता परियोजना, जिसका शीर्षक '8 ओडिशा जिलों में प्री-टर्म शिशुओं में आरओपी की स्क्रीनिंग और उपचार' है, को कॉग्निजेंट फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित किया गया है। इसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के सहयोग से भुवनेश्वर में एलवीपीईआई के मिथुतुलसीचनराई परिसर द्वारा कार्यान्वित किया गया था। परियोजना के प्रमुख डॉ तापस रंजन पाधी ने टीम के अन्य सदस्यों के साथ एलवीपीईआई की ओर से पुरस्कार स्वीकार किया। रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी (आरओपी) 21वीं सदी की एक उभरती हुई महामारी है और समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं और/या 2.0 किलोग्राम से कम वजन वाले शिशुओं में अपरिवर्तनीय दृष्टि हानि का प्रमुख कारण है, विशेष रूप से ऐसे बच्चे जो इनक्यूबेटर में प्रबंधित किए गये थे। पिछले दो दशकों में स्वास्थ्य मंत्रालय ने नवजात मृत्यु दर को कम करने के प्रयासों से समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं के जीवित रहने में सुधार हुआ है। एनआईसीयू/एससीएनयू में लगभग 30% बच्चों के आरओपी से प्रभावित होने की आशंका है और उनमें से 18% के करीब पूरी तरह से अंधे हो सकते हैं यदि उन्हें जन्म के 30 दिनों के भीतर समय पर रेटिना उपचार नहीं मिलता है। आरओपी के कारण ओडिशा में हर साल लगभग 1000 समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं के अंधे होने की आशंका होती है। भुवनेश्वर में एलवीपीईआई परिसर ओड़िशा का एकमात्र केंद्र है जो एक ही छत के नीचे नवजात रेटिनल इमेजिंग, लेजर, इंट्राविट्रियल इंजेक्शन, मिनी नवजात गहन देखभाल सुविधा, उन्नत बाल चिकित्सा रेटिनल माइक्रोसर्जरी, कम दृष्टि और एम्ब्लियोपिया सेवाओं सहित प्रोटोकॉल-आधारित व्यापक आरओपी देखभाल प्रदान करता है। पीएमआई द्वारा प्रदान की गयी परियोजना ओडिशा में एलवीपीईआई द्वारा आरओपी गतिविधियों का हिस्सा थी, जिसमें आठ जिले शामिल थे। बालासोर, भद्रक, कटक, गंजम, केंदुझार, रायगड़ा, सुंदरगढ़ और पुरी। इस परियोजना के तहत, हमारा मुख्य ध्यान गर्भकालीन आयु के 34 सप्ताह से पहले पैदा हुए छोटे और नाजुक शिशुओं या जन्म के समय 2 किलोग्राम से कम वजन वाले शिशुओं और भारत सरकार के आरबीएसके दिशा निदेर्शों के अनुसार अन्य जोखिम वाले शिशुओं की 30 दिनों के भीतर आरओपी के लिए स्क्रीनिंग करना था। जन्म के समय। हमने 1333 समय से पहले जन्मे बच्चों की सफलतापूर्वक जांच की, जिनमें से 216 को अंधेपन से बचाया।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**